# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शुक्रवार, 24 जुलाई, 2026 | वर्ष -01 | अंक-158 | पृष्ठ -14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### नवादा में पॉक्सो आरोपी ने जेल में की खुदकुशी

**नवादा।** नवादा मंडल कारा में बंद पॉक्सो मामले के एक विचाराधीन कैदी ने संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली है। घटना से पहले उसकी मां उससे मिलने आई थी. घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है। मामले में लापरवाही सामने आने पर ड्यूटी पर तैनात सिपाही को निलंबित कर दिया गया है, जबकि पूरी घटना की जांच जारी है.नवादा जिले के मंडल कारा में बंद 20 वर्षीय विचाराधीन कैदी घनश्याम कुमार उर्फ दुलारचंद ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह नाबालिग से गैंगरेप, पॉक्सो और एससी/एसटी एक्ट के मामले में 15 मई 2025 से जेल में बंद था।

### सोनम रघुवंशी को बड़ा झटका सुप्रीम कोर्ट से जमानत रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सोनम रघुवंशी को मिली जमानत रद कर दी। सोनम पर 2025 में हनीमून के दौरान अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या का आरोप है। सुप्रीम कोर्ट ने सोनम को मिली जमानत को चुनौती देने वाली मेघालय सरकार की याचिका को मंजूरी दे दी। जस्टिस एम एम सुंदरेश और पी बी वराले की बेंच ने सोनम को पुलिस के सामने सरेंडर करने के लिए तीन हफ्ते का समय दिया।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर ट्रायल छह महीने के अंदर आगे नहीं बढ़ता और पूरा नहीं होता है तो सोनम नई जमानत अर्जी दाखिल कर सकती हैं।

### 25 को आइसा-आरवाईए ने बुलाया बिहार बंद

**पटना।** आइसा के आह्वान पर धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे एवं बिहार में उच्च शिक्षा पर सरकार के हमले के खिलाफ राजभवन मार्च पर बर्बर पुलिसिया दमन एवं गिरफ्तारी पर आइसा ने 22 जुलाई को ब्लैक डे के रूप में देखते हुए बिहार के नागरिकों से 23 एवं 24 जुलाई को प्रतिरोध दिवस के रूप में अपने-अपने जिलों में प्रतिवाद कार्यक्रम करने की अपील की है। आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए आइसा ने 25 जून को बिहार बंद का ऐलान किया है।

### गांधी स्मृति पहुंचे राहुल गांधी और प्रियंका

**नई दिल्ली ।** पेपरलीक और छात्रों के प्रदर्शन में लाठीचार्ज के खिलाफ राहुल गांधी ने विपक्ष के नेताओं के साथ गुरुवार शाम को उनके घर से गांधी स्मृति तक मार्च निकाला। उनके साथ शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (एसपी), टीएमसी, जेएमएम, राजद, लेफ्ट, समाजवादी पार्टी और आईयूएमएल के नेता भी शामिल रहे।इस मौके पर राहुल ने कहा कि पेपरलीक के चलते जिन छात्रों को खो दिया है, हम उन्हें याद कर रहे हैं। हमारे छात्र सड़कों पर हैं, इसलिए विपक्ष के सभी सांसदों को लगा कि हमें भी सड़कों पर उतरना चाहिए।

## सोनम वांगचुक ने 27वें दिन तोड़ा अनशन

### जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह से मुलाकात के बाद लिया फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोनम वांगचुक ने 27वें दिन भूख हड़ताल खत्म कर दी है। उन्होंने गुरुवार देर रात गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह से मुलाकात के बाद जूस पीकर अपना अनशन तोड़ा।

21 जुलाई को उन्हें सफदरजंग से मेदांता अस्पताल में शिफ्ट किया गया था। अस्पताल से सामने आए वीडियो में दोनों मंत्री उन्हें कप से पहला घूंट पिलाते नजर आए। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों केंद्रीय मंत्रियों ने वांगचुक से मुलाकात से पहले गृह मंत्री अमित शाह से भी चर्चा की थी। वांगचुक ने



### धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर अनशन पर थे

28 जून को शिक्षा व्यवस्था में सुधार और नीट पेपर लीक के मामलों में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की थी।

### पीएम मोदी ने पेपर लीक पर देर रात वीडियो जारी किया, कहा-

## आज की कैबिनेट मीटिंग में होंगे बड़े फैसले

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार की देर रात एक वीडियो संदेश जारी कर देश के युवाओं और आम लोगों को भरोसा दिलाया कि पेपर लीक के मुद्दे पर सरकार कड़ी कार्रवाई करने के पक्ष में है। इससे जुड़ा एक मसौदा शुक्रवार को होने वाली कैबिनेट की मीटिंग में पेश किया जाएगा।

पीएम ने कहा कि मैं जानता हूं कि पेपर लीक मामूली विषय नहीं है। लाखों छात्र और उनके अभिभावकों के लिए बहुत ही पीड़ादायक है इसलिए पेपर लीक की घटना से निपटने को लेकर अब तक पिछले ढाई महीने में अनेक कदम उठाए गए। गुनाहगारों को पकड़ा



गया है, वे जेल में हैं। हमारा सबसे महत्वपूर्ण जिम्मा था कि छात्रों का एक साल बर्बाद न हो। उन्होंने आगे कहा कि तत्काल परीक्षा लेना जरूरी था। सरकार ने पूरी शक्ति का प्रयोग करके कम से कम समय में 22 लाख छात्रों की परीक्षा का प्रबंध किया। 5 से 6 दिन पहले, 19 को नतीजे भी आ गए। देश भर में पास हुए छात्रों की खुशियों की खबरें भी आ रही हैं। लेकिन हम संतोष मानने वाले लोगों में से नहीं हैं इसलिए मैंने आज विभागों को निर्देश दिए थे। आज विभागों ने लगातार मेहनत करके देर रात अपने मसौदे दे दिए। फास्ट ट्रैक कोर्ट और कठोर सजा के प्रवधान के साथ मसौदे पर शुक्रवार को कैबिनेट में चर्चा होगी।

### फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाकर नीट पेपर लीक के दोषियों को सजा देंगे : मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक को लेकर सीजेपी प्रोटेस्ट चल रहा है। सीजेपी प्रोटेस्ट के बीच विपक्ष भी सरकार को घेरने में लगा है। इस बीच पीएम मोदी ने पेपर लीक को लेकर बड़ा ऐलान किया है। सीजेपी प्रोटेस्ट के बीच पीएम मोदी ने ऐलान किया कि सरकार फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाकर नीट पेपर लीक के दोषियों को सजा देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि देश के युवाओं का हित और उनका भविष्य सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

## कौशल विकास से बिहार की बेटियां होंगी हुनरमंद और आत्मनिर्भर : सम्राट

### बिहटा में बननेवाले राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान के स्थाई परिसर का शिलान्यास

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरूवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार से बिहटा के सिंकदरपुर में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला) के स्थाई परिसर का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया।




इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सीएम ने कहा कि ब्कार्यक्रम स्थल पर मुझे भी उपस्थित होना था लेकिन खराब मौसम के कारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ा हूं। बिहार की बेटियों के लिये कौशल विकास प्रशिक्षण का एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास से बिहार की बेटियां हुनरमंद होंगी, आत्मनिर्भर होंगी और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनायेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कौशल विकास ही समृद्ध बिहार की मजबूत नींव है। युवाओं, विशेषकर महिलाओं को आधुनिक तकनीकी कौशल से सशक्त बनाकर ही समृद्ध बिहार और विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सकता है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में कौशल विकास को नई गति मिली है। महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य में लगभग 1,500 कौशल प्रशिक्षण केंद्र संचालित हैं। लगभग 12 लाख युवाओ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। अभी 1 लाख 38 हजार युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। युवाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि बिहार में 38 इंजीनियरिंग कॉलेज तथा 46 पॉलिटेक्निक संस्थान कार्यरत हैं। बिहार के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज मात्र 10 रुपए के शुल्क पर गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा उपलब्ध करा रहे हैं। पॉलिटेक्निक संस्थान में मात्र 5 रुपए के शुल्क पर बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को भी उच्च तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है तथा राज्य में कुशल मानव संसाधन तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में देश के स्किल्ड युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समृद्ध बिहार के सपने को पूरा करने के लिये बिहार के युवा संकल्पित हैं। कार्यक्रम के दौरान बिहार और भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के बीच स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर और आदान-प्रदान भी किया गया। इस दौरान केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग जयंत चौधरी का संदेश भी सुनाया गया। इस अवसर पर युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री अरूण शंकर प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण निदेशालय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के महानिदेशक दिलीप कुमार, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास, बिहार के सचिव कौशल किशोर सहित अन्य केन्द्र एवं राज्य सरकार के वरीय पदाधिकारीगण, गणमान्य व्यक्ति एवं विद्यार्थीगण जुड़े थे।

## नीट पेपर लीक को लेकर पूरे राज्य में छात्रों का रहा प्रदर्शन



**पटना (एनएसबी)।** नीट पेपर लीक रोकने और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर बिहार में गुरुवार को भी छात्रों का जोरदार प्रदर्शन जारी रहा। बिहार की राजधानी पटना में दूसरे दिन भी छात्र आंदोलन के दौरान स्थिति हंगामेदार रही। पटना कॉलेज और साइंस कॉलेज के पास प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने लाठियां बरसाईं। तनाव की स्थिति को देखते हुए शहर के कई इलाकों में बाजार बंद करा दिए गए। नीट पेपर लीक और केंद्रीय शिक्षा

मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली से शुरू हुआ छात्रों का आंदोलन बुधवार को पटना पहुंचा था। गुरुवार को भी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पटना की सड़कों पर उतर गए।प्रदर्शन को देखते हुए पटना में सुबह से पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आया। गुरुवार को पटना कॉलेज के पास सुबहयूनिवर्सिटी के शिक्षक भी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करने

### कई जिलों में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज

पहुंचे। इसके बाद, बड़ी संख्या में छात्र भी अलग-अलग जमा होने लगे। पटना कॉलेज से जब शिक्षकों का मार्च आगे बढ़ने लगा, तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। थोड़ी देर गहमागहमी के बाद शिक्षक वहां से चले गए, मगर स्टूडेंट्स डटे रहे।

वहीं पटना कॉलेज के पास छात्रों का प्रदर्शन उग्र होने लगा तो पुलिस ने उन पर हल्का बल प्रयोग किया। छात्रों को लाठीचार्ज कर खदेड़ा गया और कुछ छात्रों को पुलिस हिरासत में लेकर चली गई। पटना साइंस कॉलेज के पास भी दोपहर में छात्र-छात्राओं ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राएं सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। पुलिस ने उन्हें हटाने की कोशिश की लेकिन वे नहीं माने।

## वैभव सूर्यवंशी की आतिशी पारी से टूटा सचिन तेंदुलकर का कीर्तिमान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वैभव सूर्यवंशी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ हरारे में खेलते हुए अर्धशतक ठोक दिया है। इसी के साथ उन्होंने पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है। वैभव इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे कम उम्र में अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वैभव अपने पहले तीन इंटरनेशनल मैचों में फ्लॉप हो गए थे लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने तूफानी बल्लेबाजी की। सूर्यवंशी ने मैच में 18 गेंदों पर अर्धशतक लगाया। वे फिफ्टी जड़ने के बाद आउट हो गए लेकिन पचासा लगाते ही उन्होंने सभी

### 15 साल के क्रिकेटर ने बना डाला वर्ल्ड रिकॉर्ड




वर्ल्ड रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। सूर्यवंशी ने सिर्फ सचिन को ही पीछे नहीं छोड़ा बल्कि टी20 क्रिकेट के इतिहास को भी बदल दिया है। वे जिम्बाब्वे के गेंदबाजों पर टूट पड़े और 18 बॉल पर अर्धशतक ठोक दिया।

**वैभव सूर्यवंशी ने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा :** वैभव ने भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे कम उम्र में अर्धशतक लगाया है। इसी के साथ उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। तेंदुलकर ने टीम इंडिया के लिए 1989 में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच में अर्धशतक लगाया।

## नीट पेपर लीक केस में सीबीआई ने संजीव मुखिया को दी क्लीन चिट

**पटना (एनएसबी)।** नीट-यूजी पेपर लीक को लेकर देश भर में छात्रों का आंदोलन चल रहा है। कई जगहों पर छात्र और पुलिस सामने-सामने है। बढ़ते बवाल के बीच गुरुवार को सीबीआई ने 2024 में हुए नीट-यूजी पेपर लीक केस में संजीव मुखिया को क्लीन चिट दी है। परीक्षा माफिया के नाम से पहचाने जाने वाले संजीव मुखिया को नीट-यूजी 2024 पेपर लीक का मास्टर माइंड समझा जा रहा था। अब सीबीआई ने बयान जारी कर कहा है कि उनकी जांच में



संजीव मुखिया के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले हैं। फिलहाल संजीव मुखिया बिहार पुलिस सिपाही बहाली पेपर लीक केस में जेल में बंद है। जांच एजेंसी का दावा है कि जांच के दौरान ऐसा कोई सबूत नहीं मिला, जिससे यह साबित हो सके कि संजीव कुमार उर्फ संजीव मुखिया नीट-यूजी 2024 का क्वेश्चन पेपर चोरी करने, उसे लीक करने या उसे बांटने में शामिल था। मामले की गहन जांच करने के बाद सीबीआई इस बात से संतुष्ट है। पूरी साजिश और उसमें शामिल लोगों की पहचान कर ली गई है। बता दें नीट-यूजी 2024 पेपर लीक की शुरूआती जांच बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने की थी। शुरूआती जांच में संजीव मुखिया पर चोरी में शामिल होने का शक हुआ, क्योंकि वह पहले भी परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक करने के दूसरे मामलों में शामिल था। इसलिए बिहार पुलिस ने उसे उस एफआईआर में आरोपी बनाया।

### क्वेश्चन चुराने, लीक करने के नहीं मिले सबूत

## बीजेपी में मृत्युंजय तिवारी होंगे शामिल

**पटना (एनएसबी)।** बिहार की सियासत में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) को एक और बड़ा झटका लगने जा रहा है. आरजेडी से इस्तीफा दे चुके लंबे समय तक आरजेडी प्रवक्ता रहे मृत्युंजय तिवारी जल्द ही बीजेपी का दामन थाम सकते हैं. सूत्रों के मुताबिक, भाजपा नेतृत्व से उनकी बातचीत अंतिम दौर में है और जल्द ही उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई जा सकती है.बता दें, मृत्युंजय तिवारी ने 16 जुलाई को राष्ट्रीय जनता दल से इस्तीफा देने का ऐलान किया था।



## विधानसभा में लाठीचार्ज पर भिड़े विधायक, मार्शल बचाव में उतरे

**पटना (एनएसबी)।** बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र के चौथे दिन विधानसभा में गुरुवार को सदन के बाहर और अंदर विपक्षी विधायकों ने नारेबाजी की। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी विधायकों ने छात्रों पर लाठीचार्ज को

### बीजेपी विधायक बोले-वे लोग छात्र नहीं, गुंडे थे

लेकर नारेबाजी की। इस बीच भाजपा विधायक श्याम बाबू यादव खड़े हुए और कहा कि डाकबंगला चौराहे पर जो कल प्रदर्शन हुआ, वो छात्र नहीं, गुंडे थे। मेरे ऊपर हमला किया गया। मेरे गाड्र्स पर हमला हुआ। कल मेरी हत्या हो जाती। वो सब राजनीति पार्टी के गुंडे थे। इसके बाद हंगामा और बढ़ गया। स्पीकर ने

### स्पीकर बोले-ये सदन है, युद्ध का मैदान नहीं



बीजेपी विधायक को बैठने को कहा, लेकिन वो वेल तक पहुंच गए। उसके बाद विपक्षी विधायक भी वेल तक आ गए। स्थिति ऐसे हो गई की सत्ता पक्ष और विपक्षी विधायकों के बीच भिड़ने की नौबत आ गई। मार्शल ने बीच बचाव कर- के मामले को शांत करवाया। हंगामे के बीच स्पीकर ने विधायकों को शांत कराने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि ये सदन है, युद्ध का मैदान नहीं। हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही 8 मिनट में ही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### सदन के बाहर धरना-नारेबाजी

सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी विधायक बैनर-पोस्टर लेकर पहुंचे। पोर्टिको में लाठीचार्ज और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। भाजपा हटाओ, शिक्षा बचाओ... के नारे के साथ विपक्षी विधायक विधानसभा के पास धरने पर बैठ गए और पीएम मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग किया।

**विप की कार्यवाही महज 15 मिनट चली :** वहीं विधान परिषद की कार्यवाही भी महज 15 मिनट ही चली और सदन को दोपहर ढाई बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। सेकेंड हाफ में विधान परिषद की कार्यवाही में अब्दुल बारी सिद्दीकी ने कार्य स्थगन प्रस्ताव पढ़ा। उसके बाद मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि प्रदर्शन करने वालों में बहुत सारे अराजक तत्व मौजूद थे। जिस पर सुनील सिंह ने सवाल करना शुरू किया तो हंगामा हो गया। इसके बाद विपक्ष विधान परिषद से वाकआउट कर गए।

### अपराध नियंत्रण संशोधन समेत 3 विधेयक परिषद में पेश

**पटना (एनएसबी)।** मंत्री विजय चौधरी ने बिहार कारा एवं सुधारात्मक सेवा विधेयक- 2026 को परिषद में पेश किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अब तक तीन कानून से प्रशासन का संचालन किया जा रहा था। यह ब्रिटिश कानून थे, भारत सरकार ने केंद्रीय स्तर पर आदर्श कारा बनाया, उसी के तर्ज पर हम नया कानून बनना चाहते हैं। आधुनिक अवधारणा के अनुसार, पुराने तीनों कानून को निश्चित कर नया कानून बनना चाहते हैं। इसलिए नया विधेयक लाया गया है। वहीं बिहार अपराध नियंत्रण संशोधन विधेयक- 2026 परिषद में लाते हुए मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि अब नई तरह के अपराध सामने आ रहे हैं, सोशल मीडिया से जुड़े अपराध भी सामने आ रहे हैं। अब सोशल मीडिया पर घृणा फैलाने वालों पर भी कार्रवाई होगी। वहीं उच्च शिक्षा मंत्री संजय टाइगर ने परिषद में बिहार विशिष्ट विश्वविद्यालय विधेयक 2026 पेश किया।

# नीट प्रदर्शन मामले में 117 लोगों की तस्वीर जारी

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** नीट प्रदर्शन मामले में पुलिस अब फोटो और वीडियो के माध्यम से आरोपितों को दबोचने की कवायद में जुट गई है। पुलिस ने 117लोगों की तस्वीर जारी की है। पुलिस की विशेष टीम इस बड़ी कार्रवाई में जुट गई है। बुधवार को हुए उग्र प्रदर्शन के दौरान हिंसा, पथराव और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में राजधानी के तीन थानों में लगभग 500 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले में अब तक 55 लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ जारी है।

उपद्रव और फैलाने वाले 117 लोगों को पटना पुलिस चिन्हित किया है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इनकी तस्वीरें भी जारी हुई है।

पुलिस ने दावा किया है कि संख्या और भी बढ़ सकती है, हालांकि उपद्रवियों की पहचान के लिए बिहार पुलिस की साइबर क्राइम एंड सिक्योरिटी यूनिट, डायल 100 अन्य वीडियो फुटेज के माध्यम से पहचान करने में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक इस पूरे घटनाक्रम के पीछे किसी साजिश की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता जा इस बिन्दु को दायरे में लेकर भी जांच की जा रही है। जांच एजेंसियां सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो, पोस्ट और मैसेज की पड़ताल कर रही हैं। साथ ही, कुछ यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है।

**500 अज्ञात पर प्राथमिकी, खोज में जुटी पुलिस**

**पुलिस ने 55 को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ**

पुलिस को संदेह है कि कुछ लोगों ने प्रदर्शन के दौरान माहौल बिगाड़ने या भीड़ को उकसाने का प्रयास किया हो। अधिकारियों ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद ही किसी की भूमिका स्पष्ट हो पाएगी।

प्रदर्शन के बाद राजधानी के कोतवाली, गांधी मैदान और सचिवालय थाना में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। पुलिस के अनुसार, बुधवार को बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी प्रतिबंधित क्षेत्र की ओर बढ़ने लगे थे, जिसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई और प्रदर्शन हिंसक हो उठा।

पुलिस का आरोप है कि कुछ उपद्रवियों ने सुरक्षा बलों पर पथराव किया, बैरिकेड तोड़े और सरकारी वाहनों को नुकसान पहुंचाया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया और उपद्रवियों को तितर-बितर किया गया।

पुलिस का कहना है कि हिंसा में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पटना पुलिस ने अब तक 55 उपद्रवियों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, हिरासत में लिए गए लोगों से लगातार पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि हिंसा में और कौन-कौन शामिल था।

पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, ड्रोन और वीडियोग्राफी की मदद से उपद्रवियों की पहचान कर रही है। जिन लोगों की भूमिका सामने आएगी, उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की जांच अब सोशल मीडिया तक भी पहुंच गई है। जांच एजेंसियां उन पोस्ट, वीडियो और संदेशों की पड़ताल कर रही हैं, जो प्रदर्शन से पहले और उसके दौरान वायरल हुए थे।

इसके अलावा कुछ यूट्यूबर और सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स की गतिविधियों की भी जांच की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक पूरे मामले में साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। हिंसा, तोड़फोड़ और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर भी नजर रखी जा रही।

## राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी के समर्थन में नुक्कड़ सभा एवं रोड शो

**पटना/ एनएसबी।** बांकीपुर विधानसभा के प्रत्याशी रेखा गुप्ता के समर्थन में बैठकों का दौर चला पहली बैठक वार्ड नंबर 21 में हुई। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव इंजीनियर अशोक यादव ने किया। दूसरी बैठक सब्जी बाग मोहल्ले में की गई जिसकी अध्यक्षता खुर्शीद आलम सिद्दीकी ने किया। जिसमें जसीर अहमद निशांत यादव फुदान यादव आदिल हुसैन मुन्ना आलम सहित दर्जनों लोग थे जो बाद में जनसंपर्क अभियान चलाकर रेखा गुप्ता के पक्ष में मतदान करने की अपील किया।

राष्ट्रीय वैश्य महासभा के द्वारा एक बैठक राम प्यारी धर्मशाला दलदली रोड में हुई जिसकी अध्यक्षता सुमन महा सेठ ने किया। बैठक में राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव रणविजय साहू महासचिव भाई अरुण महासभा के अजय कानून प्रमोद स्वर्णकार गोपाल गुप्ता विरेन्द्र साह अजय पुर्वे शाहित सैकड़ो लोग उपस्थित है ।जिसमें महासभा की ओर से रेखा गुप्ता को समर्थन पत्र सोपा गया इस बैठक में अबकी बार वैश्य परिवार के नारे लगे। दोपहर 2 बजे से वार्ड नंबर 36 एवं वार्ड नंबर 30में प्रत्याशी के द्वारा गहन जनसंपर्क अभियान चलाया ।

## खबरें खास-खास

## बांकीपुर उपचुनाव : भाजपा रिकार्ड मतों से जीतेगी, नीरज सिन्हा बड़ी बढ़त से जीत रहे : रणबीर नंदन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार नीरज सिन्हा रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव में भाजपा की स्थिति मजबूत है और अब कार्यकर्ताओं का लक्ष्य केवल जीत के अंतर को और बढ़ाना होना चाहिए। वार्ड 22 स्थित मनोज कुमार सिन्हा के स्कूल परिसर में आयोजित भाजपा की जनसभा को संबोधित करते हुए प्रो. नंदन ने कहा कि बांकीपुर की जनता एनडीए सरकार के विकास कार्यों पर भरोसा जता रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करने और भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज लोकनायक जयप्रकाश नारायण और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को अपना आदर्श मानता है। इसी संदर्भ में उन्होंने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि यह समाज कभी भी उन राजनीतिक दलों को स्वीकार नहीं करेगा, जिन पर उन्होंने जेपी और शास्त्री जी के प्रति अन्याय करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि जेपी आंदोलन से निकले कुछ नेताओं का कांग्रेस के साथ जाना उनके आदर्शों के विपरीत है।



बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन लोगों को संबोधित करते।

प्रो नंदन ने कहा कि बांकीपुर विधानसभा का भाजपा के लिए विशेष महत्व है, क्योंकि इसी क्षेत्र से विधायक रहे नितिन नवीन आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रत्येक दिन कम से कम 10 लोगों से संपर्क कर उन्हें भाजपा की नीतियों और एनडीए सरकार के विकास कार्यो की जानकारी दें तथा नीरज सिन्हा के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करें।

जनसभा के दौरान उन्होंने जन सुराज के उम्मीदवार प्रशांत किशोर पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर की कथनी और करनी में अंतर है। कभी उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का समर्थन किया, फिर लालू प्रसाद यादव के साथ रहे और बाद में ममता बनर्जी के साथ जुड़ गए। प्रो नंदन ने आरोप लगाया कि उनके राजनीतिक रिश्ते विचारधारा नहीं, बल्कि कारोबारी हितों पर आधारित हैं और बांकीपुर की जनता ऐसे नेतृत्व को स्वीकार नहीं करेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज कुमार सिन्हा ने की, जबकि संचालन अमर कुमार सिन्हा और धन्यवाद ज्ञापन अधिवक्ता ष्णानंद द्विवेदी ने किया। सभा में भाजपा नेता हिमांशु चतुर्वेदी, डा.संजय सहाय, रीता कुमार रश्मि, जया कुमारी, विभा सिन्हा, ज्योति शेखर, आदर्श अमर, रौशन सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, मनोज कुमार उर्फ बबलू, एजाज अहमद, अवधेश प्रसाद सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नेता मौजूद रहे।

## खबरें : एक नजर में

### बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर एमएलए कोमल सिंह ने चलाया सघन जनसंपर्क अभियान, एनडीए प्रत्याशी को समर्थन करने की किया अपील

**पटना/ एनएसबी।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट के विधायक कोमल सिंह ने बांकीपुर विधानसभा क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। विधायक कोमल सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित सम्मानित



बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर एमएलए कोमल सिंह सघन जनसंपर्क अभियान चलाते हुए व एनडीए प्रत्याशी को समर्थन करने की अपील करते।

नागरिकों से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में कमल छाप पर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि उपस्थित सभी सम्मानित नागरिकों ने एक स्वर में एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में कमल छाप पर मतदान कर भारी मतों से विजय सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। वैशाली सांसद वीणा देवी व मुजफ्फरपुर के विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह के पुत्री सह गायघाट के विधायक कोमल सिंह ने कहा कि क्षेत्रवासियों का स्नेह, उत्साह और भरपूर समर्थन यह विश्वास दिलाता है कि बांकीपुर की जनता विकास, सुशासन और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए एनडीए को ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए संकल्पित है।

### बिहार विधान परिषद में एमएलसी दिनेश सिंह ने क्षेत्र के नल - जल योजना के मुद्दा को उठाया प्रमुखता से, वार्ड सदस्यों को देखरेख में कार्य करवाने की किया मांग

**पटना/ एनएसबी।** बिहार विधान परिषद में मुजफ्फरपुर के विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह ने क्षेत्र के नल- जल योजना के मुद्दा प्रमुखता से उठाया। विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि नल जल योजना की स्थिति खराब है साथ ही कहा कि लोगों को ठीक से पानी नहीं मिल पा रही है , इस कार्य में लगे ठेकेदार 4 से 5 ब्लाक में काम करते हैं। उन्होंने सदन के पटल पर अपनी बात पुरजोर तरीके से रखते हुए आगे कहा कि पूर्व में नल जल योजना की कार्य वार्ड सदस्यों को देखरेख में कराई जा रही



बिहार विधान परिषद में एमएलसी दिनेश सिंह ने क्षेत्र के नल - जल योजना के मुद्दा को प्रमुखता से उठाते हुए व वार्ड सदस्यों को देखरेख में कार्य करवाने की मांग करते।

थी वही फिर से शुरू करवाई जाए। इसके लिए उन्होंने सभापति अवधेश नारायण सिंह से अनुरोध भी किया। इस मामले पर विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री संजय कुमार सिंह को अपना जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया । जिसके आलोक में मंत्री संजय सिंह ने कहा कि पूर्व में यह कार्य पंचायती राज विभाग के द्वारा की जा रही थी साथ ही उन्होंने आगे अपनी इस मामले पर कई बातें को तर्कसंगत पूर्वक रखा, लेकिन विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह ने वार्ड सदस्यों के देखरेख में ही नल जल की कार्य करवाने की मांग पुनः दोहराया।

### मंत्री रामकृपाल यादव द्वारा प्रदर्शनकारी छात्रों को आतंकवादी और देशद्रोही कहने पर राजद का विरोध

**पटना / एनएसबी ।** मंत्री रामकृपाल यादव द्वारा कल के प्रदर्शनकारी छात्रों को आतंकवादी, देशद्रोही और राज द्रोही कहे जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि कम से कम रामकृपाल जी से तो ऐसी भाषा की उम्मीद कतई नहीं की जा सकती थी । पर न जाने किन कारणों और परिस्थितियों में उनका संस्कार और सोच ऐसा हो गया है कि प्रदर्शन करने वाले छात्र उन्हें आतंकवादी और देशद्रोही दिखने लगे। वे हमारे काफी पुराने मित्र हैं,मैं उनका काफी सम्मान करता हूं, पर उनसे ऐसी अपेक्षा नहीं थी। राजद प्रवक्ता ने अखबार के कुछ पुराने कतरनों को डालते हुए रामकृपाल यादव जी से जानना चाहा है कि 19 से 21 सितंबर 1989 को विभिन्न छात्र-युवा संगठनों द्वारा चलाए गए भ्रष्ट मंत्री घेरो अभियान के तहत तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व सत्येन्द्र नारायण सिंह, बिहार सरकार के तत्कालीन मंत्री स्व भोला सिंह, स्व गिरीश नारायण मिश्र और श पानाथ पाठक के घरों का घेराव करने वाले हजारों-हजार छात्र , जिसकी अगुवाई करने वालों में वे भी शामिल थे, क्या वे आतंकवादी , देशद्रोही और गुंडा-मवाली थे।

## पीएम श्री योजना के लिए पिछले बजट की राशि मंजूर करे केंद्र : मिथिलेश तिवारी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पीएम श्री योजना के वर्ष 2026-27 के स्वीकृत बजट में की गई कटौती पर बिहार का पक्ष रखते हुए शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने केंद्र सरकार से पूर्व निर्धारित बजट को बहाल करने का अनुरोध किया है।

गुरुवार को नई दिल्ली के पूसा स्थित आईसीएआर सभागार में आयोजित प्रगति समीक्षा बैठक के अंतिम दिन शिक्षा मंत्री ने विद्यालयी शिक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को केंद्र के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि बिहार बाढ़ प्रभावित राज्य है। इससे हर वर्ष बड़ी संख्या में विद्यालयों की आधारभूत संरचना क्षतिग्रस्त होती है। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विद्यालयों के पुनर्निर्माण के लिए केंद्र से विशेष पैकेज देने का अनुरोध किया। साथ ही पीएम श्री विद्यालयों में आईसीटी लैब की स्थापना के लिए प्रति यूनिट स्वीकृत राशि बढ़ाने, 4,602 नई आईसीटी लैब के लिए राशि स्वीकृत करने तथा एसएनए स्पर्श व्यवस्था पूरी तरह लागू होने तक वर्तमान एसएनए खाते के माध्यम से योजनाओं के संचालन की अनुमति देने का आग्रह किया।

इसके अलावा श्री तिवारी ने समग्र शिक्षा और पीएम श्री योजना से जुड़े तीन महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर

**शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बजट में कटौती पर रखा बिहार का पक्ष**

**समग्र शिक्षा और पीएम श्री योजना से जुड़े तीन प्रस्तावों पर भी शीघ्र स्वीकृति मांगी**

शीघ्र स्वीकृति की मांग की। इनमें 3,898 विद्यालयों में स्थापित आईसीटी लैब की 40.64 करोड़ की लंबित राशि का भुगतान, भूमि विवाद एवं स्थानाभाव से प्रभावित 1,275 विद्यालयों के स्थान परिवर्तन की मंजूरी तथा पीएम श्री योजना के अंतर्गत स्मार्ट बोर्ड, अतिरिक्तकक्षाओं, शौचालयों की मरम्मत और बैंड यूनिफर्म जैसी गतिविधियों के लिए 2196 करोड़ की अतिरिक्त स्वीति शामिल है। इन तीनों प्रस्तावों के तहत केंद्र से कुल 6260 करोड़ की मंजूरी का अनुरोध किया गया है।

शिक्षा मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रस्तावों की स्वीकृति से राज्य में विद्यालयी अधोसंरचना और मजबूत होगी तथा विद्यार्थियों को बेहतर और आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## राजद कार्यालय में पुण्यतिथि पर याद की गई भागमती देवी

**पटना / एनएसबी।** राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में पूर्व सांसद, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता स्व0 भागवती देवी की 23वीं पुण्यतिथि पार्टी के प्रदेष अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल की अध्यक्षता में मनायी गयी। उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर प्रदेष अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने कहा कि स्व0 भागवती देवी का जन्म 23 नवम्बर, 1936 को हुआ था। महा दलित (मुसहर) समुदाय से आने वाली भागवती देवी जीवन यापन के लिए गया में सड़क निर्माण के दौरान पत्थर तोड़ने का काम (मजदूरी) करती थीं। 1968 में पत्थर तोड़ते समय जब वे अन्य मजदूर महिलाओं को उनके अधिकार के प्रति जागरूक कर रही थीं तब समाजवादी नेता उपेन्द्रनाथ वर्मा ने उन्हें सूना। वर्मा जी ने इनके बारे में डा0 रामनोहर लोहिया जी को बताया। उसके बाद वे समाजवादी आन्दोलन से जुड़ीं। वे 1969 में संयुक्त सोषलिस्ट पार्टी के टिकट पर बाराचट्टी (सुरक्षित) विधान सभा से पहली बार विधायक चुनी गई। 1977 में दूसरी बार तथा 1995 में तीसरी बार विधायक बनीं। वे 1996 में जनता दल से गया (सुरक्षित) संसदीय क्षेत्र से सांसद बनीं।



राजद कार्यालय में पुण्यतिथि पर याद की गई भागमती देवी।

## विधानसभा अध्यक्ष को कांटी विधायक अजीत कुमार ने क्षेत्र में सुधा डेयरी के दूषित जल से किसानों और ग्रामीणों की हो रही परेशानी से कराया अवगत

**पटना/ एनएसबी।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार से मुजफ्फरपुर जिले के कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार के नेतृत्व में कई विधायकों का प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की एवं कांटी क्षेत्र के सुधा डेयरी के दूषित जल से किसानों और ग्रामीणों की हो रही परेशानी से अवगत कराया। कांटी विधायक अजीत कुमार ने कहा कि मुजफ्फरपुर जिले के कांटी प्रखंड के सदातपुर स्थित सुधा डेयरी प्लांट से निकल रहे दूषित एवं बदबूदार जल से किसानों और स्थानीय ग्रामीणों की समस्या लगातार गहराती जा रही है। खेतों में फैल रहे प्रदूषित पानी से करीब 40 एकड़ कृषि योग्य भूमि प्रभावित हो चुकी है, जबकि 1100 से अधिक लीची के पेड़ सूखने की बात भी सामने आई है। दूषित जल और दुर्गंध के कारण आसपास के लोगों का जीवन भी मुश्किल हो गया है।



बिहार विधानसभा अध्यक्ष से कांटी विधायक अजीत कुमार के नेतृत्व में मिलते प्रतिनिधिमंडल।

उन्होंने कहा कि इसी गंभीर समस्या को लेकर उनके नेतृत्व में कई विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार से मुलाकात की एवं पूरी वस्तुस्थिति से अवगत करवाया है। प्रतिनिधिमंडल ने डेयरी प्लांट से बहाए जा रहे दूषित जल के कारण किसानों की खेती, लीची उत्पादन और स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव की जानकारी देते हुए शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द अधिकारियों की बैठक बुलाकर स्थायी समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के साथ बैठक कर समस्या का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित कराया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी मुजफ्फरपुर जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) एवं जिला 20 सूत्री की बैठक में यह मुद्दा कांटी विधायक अजीत कुमार के द्वारा उठाया गया था। राजस्व विभाग सह जिला के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने डेयरी प्रबंधन को उचित ड्रेनेज व्यवस्था और दूषित जल निकासी का मास्टर प्लान तैयार करने का निर्देश दिया था, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। प्रतिनिधिमंडल में विधायक अजीत कुमार के अलावा विधायक मनजीत कुमार सिंह, शालिनी मिश्रा एवं मनीष कुमार प्रमुख रूप से शामिल थे।

## 26 को मंदिर स्थापना दिवस पर निकलेगी साईं बाबा की शोभा यात्रा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** श्री साई शिव कृपा मन्दिर न्यास समिति द्वारा श्री साई शिव कृपा मन्दिर में श्री साई बाबा के प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के सत्ताईसवें वार्षिकोत्सव के अवसर पर पूर्व की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय 27 वाँ स्थापना दिवस समारोह 2026 का आयोजन होने जा रहा है। आयोजन के प्रथम दिन दिनांक 26 जुलाई 2027 को श्री साई रथ यात्रा निकाला जायेगा । हाथी, घोड़े, ऊँट एवं गाजे-बाजे के साथ श्री साईं बाबा का रथ श्री साईं शिव कृपा मन्दिर, कंकड़बाग परिसर से अपराहन 4 बजे प्रारंभ होकर कॉलोनी मोड़, चिरैयाटांड ओवरब्रिज, एक्जीबिसन रोड, गाँधी मैदान से डाक बंगला चौराहा, महावीर मन्दिर पटना जंक्शन होते हुए वापस साईं मन्दिर पहुँचेगी। समारोह के दुसरे दिन 27 जुलाई को श्री साईं बाबा की विशेष पूजा अर्चना के साथ-साथ विशाल भंडारा सह महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम साई मन्दिर के बगल में आयोजित किया जायेगा जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालू महाप्रसाद ग्रहण करेंगे। यह कार्यक्रम दिन के 12.30 बजे आरम्भ होकर संध्या 7.30 बजे तक चलेगा। श्री साईं शिव कृपा मन्दिर न्यास समिति के सचिव राजेश कुमार डब्लू ने उक्त बातों की जानकारी एक संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से देते हुए बताया की प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी सभी कार्यक्रम को सभी न्यासियों, साई सेवादारो के सदस्यों एवं साई भक्तों के सहयोग से संपन्न कराया जायेगा। राजेश कुमार डब्लू ने बताया कि न्यास द्वारा साईं बाबा के समाधि कक्ष एवं प्रथम तल के प्रार्थना सभागार का जीर्णोद्धार एवं सौर्नेकरण कार्य कराया गया जिसे समारोह के अवसर पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष रणवीर नंदन एवं साईं शिव कृपा मन्दिर के संस्थापक एवं जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा सवर्ण आयोग के उपाध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद के कर कमलों से आम भक्तजनों को दर्शन हेतू समर्पित किया जायेगा ।

## 25 जुलाई को होगी भोजपुरी फिल्म सास की सौतन का वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुरी सिनेमा के दर्शकों के लिए खुशखबरी है। पारिवारिक रिश्तों और भावनात्मक कहानी पर आधारित भोजपुरी फिल्म सास की सौतन का वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर 25 जुलाई को सुबह 6: 30 बजे होगा। फिल्म का प्रीमियर एस आरके म्यूजिक के आधिकारिक यूट्यूब चौनल पर किया जाएगा, वहीं इसे जिओ हॉट स्टार पर भी देखा जा सकेगा। पोस्टर और प्रचार सामग्री के अनुसार फिल्म का प्रसारण दोनों डिजिटल प्लेटफार्म पर उपलब्ध रहेगा।




फिल्म के पोस्टर में पारिवारिक रिश्तों के बीच संघर्ष, भावनात्मक उतार-चढ़ाव और मनोरंजन से भरपूर कहानी की झलक दिखाई गई है। निर्माता और कलाकारों को उम्मीद है कि यह फिल्म दर्शकों को एक नई और रोचक पारिवारिक कहानी से जोड़ने में सफल होगी। फिल्म का ट्रेलर पहले ही दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन चुका है। निर्माताओं ने भोजपुरी सिनेमा प्रेमियों से अपील की है कि वे 25 जुलाई, सुबह 6: 30 बजे अपने परिवार के साथ फिल्म का आनंद लें और इसे अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं।

## पटरंगम 2026 के पहले दिन नुक्कड़ एवं रंगमंचीय नाटकों ने दिया सामाजिक सरोकारों का सशक्त संदेश

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार के सौजन्य से तथा विश्वा, पटना (वाईटल इन्वेशन औफ सोशल हारमोनी वीथ आर्ट) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पटरंगम 2026 पटना रंग महोत्सव का प्रेमचंद रंगशाला, राजेन्द्र नगर, पटना में शुभारंभ हुआ। विश्वा, पटना विगत 12 वर्षो से बिहार में रंगकर्म, लोककला, संस्कृति एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े रचनात्मक कार्यो के माध्यम से समाज में सकारात्मक चेतना का प्रसार कर रही है। महोत्सव का उद्घाटन पटना नगर निगम की महापौर श्रीमती सीता साहू ने मुख्य अतिथि के रूप में एवं भारतीय जनता पार्टी, कला संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष वरुण कुमार सिंह जी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर शहर के अनेक रंगकर्मी, साहित्यकार, कलाकार, कला-प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। महोत्सव के प्रथम दिन नुक्कड़ नाटक एवं रंगमंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, न्याय व्यवस्था और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे समकालीन विषयों को प्रभावशाली ढंग से मंचित किया गया। शाम 5:30 बजे आयोजित नुक्कड़ नाटक सत्र में वयस फाउंडेशन, पटना ने पर्यावरण का महत्व का मंचन किया। नाटक के लेखक एवं निर्देशक विवेक कुमार ओझा हैं। प्रस्तुति में यमराज और चित्रगुप्त के संवादों के माध्यम से बढ़ते प्रदूषण, अंधाधुंध वृक्षों की कटाई तथा पर्यावरण के प्रति मानवीय लापरवाही के दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत शाम 6 :30 बजे क्रिएशन, पटना द्वारा प्रसिद्ध नाटककार शंकर शेष लिखित चर्चित नाटक आधी रात के बाद का मंचन किया गया। नाटक का निर्देशन युवा रंगकर्मी उत्तम कुमार ने किया। यह प्रस्तुति कानून व्यवस्था, न्याय प्रणाली और नैतिक मूल्यों के बीच उत्पन्न होने वाले द्वंद्व को अत्यंत संवेदनशील और प्रभावशाली ढंग से दर्शकों के सामने प्रस्तुत करती है।



पटना नगर निगम की महापौर श्रीमती सीता साहू व अन्य।

## शिक्षाकर्मियों ने विधान पार्षद डा. संजीव सिंह का घेराव किया : फैक्टनेब

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधान मंडल सत्र के दौरान विधान पार्षदों का घेराव कार्यक्रम आज दूसरे दिन भी जारी रहा । बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के आह्वान पर तिलका मांझी विश्वविद्यालय, मुंगेर विश्वविद्यालय, बी एन मंडल विश्व विद्यालय एवं पूर्णिया विश्वविद्यालय के सैकड़ों शिक्षाकर्मियों ने अनुदानित संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के 25 हजार शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को परीक्षा परिणाम आधारित अनुदान के बदले नियमित वेतन पेंशन भुगतान करने एवं शैक्षणिक सत्र 2015-18 से 2022-25 कुल आठ वर्षो का बकाया अनुदान राशि बढ़े हुए मंहगाई दर से अधिसीमा बंधेज समाप्त कर एकमुश्त भुगतान शिक्षाकर्मियों के बैंक खाते में करने आदि मांगों को लेकर आज 23 जुलाई को कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद डा. संजीव कुमार सिंह का घेराव करते हुए उनके सरकारी आवास के समक्ष धरना दिया। आन्दोलन कारियों ने डा. संजीव कुमार सिंह को बड़ी देर घेरें रहे, और अपने मांगों के समर्थन में नारे लगाए। विधान पार्षद ने शिक्षाकर्मियों से अपील किया कि मुझे विधान परिषद जाने दिजिए आपके मुद्दे को उठाया जायेगा तब उन्हें विधान परिषद जाने दिया गया।




विधान मंडल सत्र के दौरान शिक्षाकर्मियों का विधान पार्षदों का घेराव के दूसरे दिन डा संजीव सिंह का घेराव किया गया।

कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद डा. संजीव कुमार सिंह ने अपने निवास पर पहुंचे बड़ी संख्या में शिक्षकों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम और अन्य विधान पार्षद आपके दर्द को भलीभांति जानते हैं। आपके संघर्ष एवं मांग का पूर्व के भांति भरपुर समर्थन करते हैं, वेतन पेंशन भुगतान होने तक आपके आन्दोलन के साथ पुरी मजबूती से खड़े रहेंगे। आप अपने आन्दोलन की धार को और अधिक तेज करें।

बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम ने बताया कि आज के घेराव का नेतृत्व बी एन मंडल विश्वविद्यालय के डा अरविंद कुमार राय, पूर्णिया विश्वविद्यालय के डा गोपाल कृष्ण यादव, मुंगेर विश्वविद्यालय के डा सत्येन्द्र कुमार सिंह एवं तिलकामांझी विश्वविद्यालय के डा प्रदीप सिंह ने संयुक्त रूप किया । जबकि इस अवसर पर फैक्टनेब अध्यक्ष डा शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा, महासचिव प्रो राजीव रंजन, उपाध्यक्ष प्रो नसीम रेजा खान, सचिव प्रो श्रवण कुमार व डा. रविन्द्र कुमार , डा. राज किशोर प्रसाद, डा. दीपक कुमार सिंह, डा. नन्द किशोर यादव, डा. अनुराग ठाकुर, डा. रविन्द्र यादव, डा. मिथिलेश कुमार, डा. अर्जुन यादव, प्रो राकेश कुमार रंजन , प्रो कमलेश कुमार, डा. दिलीप कुमार, शिव ईश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

# नीट परीक्षा में प्रश्नपत्र आउट होने, दिल्ली मे छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में छात्रों का उग्र प्रदर्शन

**डीएम ने कहा कानून को हाथ लेने बालों को किसी भी हाल में बख्सा नहीं जाएगा**



आंदोलन करते छात्र एवं अन्य



घटनास्थल पर डीएम, एसएसपी एवं अन्य

**दरभंगा (एनएसबी)।** नीट परीक्षा में प्रश्नपत्र आउट होने, दिल्ली स्थित जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ हुए लाठीचार्ज को लेकर दरभंगा में छात्रों के द्वारा प्राम्भ मे शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया, जो बाद मे हिंसक हो गया। सभी प्रदर्शनकारी समाहरणालय गेट के पास प्रदर्शन करने के बाद वापस जा रहे थे। लहेरियासराय थाना क्षेत्र के लोहिया चौक पर पहुंचने के बाद कुछ प्रदर्शनकारी उग्र हो गए। पुलिस पर रोड़ाबाजी करने लगे। जिसमें कई पुलिस वाले सहित स्थानीय लोग घायल हुए हैं। हालांकि पुलिस ने तीन दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। सभी से पूछताछ चल रही है। अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मिथिला क्षेत्र के डीआईजी मनोज तिवारी, जिलाधिकारी कौशल कुमार, एसएसपी जगुनाथ रड्डी जलरड्डी, सिटी एसपी अशोक कुमार चौधरी, ग्रामीण एसपी साक्षी कुमारी, सदर एसडीओ कुमार गौरव,सदर एसडीपीओ 1 राजीव कुमार, लहेरियासराय थानाध्यक्ष अमित कुमार, एसएसपी कार्यालय में तैनात पुलिस इंस्पेक्टर सुनील कुमार दंगा नियंत्रण बल सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने बताया कि आयोजकों पर कार्रवाई की जाएगी। जो भी लोग रोड़ेबाजी की घटनाओं में शामिल होंगे उन लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी फुटेज और फोटो को चिन्हित किया जा रहा है। किसी भी हाल में बख्सा नहीं जाएगा चाहे वह कोई भी हो। उन्होंने कहा कि मामला अभी शांत है। स्थिति पूरे नियंत्रण में है। डीएम ने कहा कि प्रदर्शन के आयोजन भी भीड़ को नियंत्रित रखने में सफल नहीं रहे हैं ऐसे आयोजकों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल स्थिति शांत है। दरभंगा में छात्र आंदोलन के समर्थन में विरोध मार्च निकाला गया था। जब प्रदर्शन समाप्त होने के बाद कुछ प्रदर्शनकारी लोहिया चौक पहुंचकर उग्र हो गए। वहां पर पुलिस बल तैनात थी। प्रदर्शनकारी पुलिस को देखते हीं रोड़ा बाजी शुरू कर दिया। इसके बाद हालात को काबू में करने के लिए पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा देखते हीं देखते लोहिया चौक रण क्षेत्र में तब्दील हो गया जो बाकरगंज होते हुए दारू भट्टी चौक तक अफरा तफरी मचा रहा। डीआईजी खुद प्रदर्शनकारी को समझा बूझा रहे थे नहीं मानने पर सभी को खदेड़ने लगे। कई पत्रकार भी घायल हुए हैं। बृहस्पतिवार की सुबह लहेरियासराय पुलिस लाइन में मिथिला क्षेत्र के डीआईजी ने मॉक ड्रिल कर दंगा को किस तरह नियंत्रित किया जाए उसकी जानकारी दी थी। कुछ घंटे बाद प्रदर्शनकारी के द्वारा रोड़ेबाजी की गई।अब तक 30 से 35 लोगों को हिरासत में लिया गया है जिसे लहेरियासराय थाना पर रखा जा रहा है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन होने के बावजूद अनुमान लगाया जा रहा है बाहरी तत्व भीड़ में घुसकर उपद्रव फैलाया है।

## घनश्यामपुर थाना में बाल श्रम व बाल विवाह रोकथाम को लेकर कार्यशाला

**पुलिसकर्मियों और चौकीदारों ने ली शपथ**



शपथ लेते पुलिस कर्मी।

**घनश्यामपुर (एनएसबी)।** घनश्यामपुर थाना परिसर में गुरुवार को घनश्यामपुर थाना एवं सेंटर डायरेक्ट कवच परियोजना, दरभंगा के संयुक्त तत्वावधान में बाल श्रम, बाल विवाह एवं बाल संरक्षण को लेकर जन जागरूकता कार्यशाला सह शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना की महिला दरोगा आकृति कुमारी ने की। इसमें थाना के पुलिसकर्मी, चौकीदार एवं सेंटर डायरेक्ट कवच परियोजना के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाल संरक्षण पुलिस पदाधिकारी सतीश कुमार ने कहा कि बाल श्रम और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए पुलिस, चौकीदार और समाज के सभी वर्गों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि दरभंगा जिले को बाल श्रम एवं बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को सामूहिक प्रयास से ही हासिल किया जा सकता है। सेंटर डायरेक्ट कवच परियोजना के प्रतिनिधि सत्य प्रकाश एवं त्रिपुरारि कुमार ने चौकीदारों को गांव स्तर पर सतर्क रहने और बाल श्रम, बाल विवाह तथा बच्चों से जुड़े किसी भी संदिग्ध मामले की सूचना तत्काल पुलिस और संबंधित विभाग को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि चौकीदार गांव की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनकी सक्रिय भूमिका से ऐसे मामलों की प्रभावी रोकथाम संभव है। कार्यक्रम के अंत में सभी पुलिसकर्मियों एवं चौकीदारों ने बाल श्रम, बाल विवाह और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूकता फैलाने तथा ऐसे मामलों की रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ ली।

## कई सिपाही एवं छात्र घायल, डीएमसीएच मे भर्ती

**दरभंगा (एनएसबी)।** में नीट पेपर लिक के खिलाफ छात्रों द्वारा प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन को रोकने के लिए पुलिस ने लाठी चार्ज किया। इसके विरोध में छात्रों द्वारा भी पथराव किया गया। जिसमें कई सिपाही एवं छात्र घायल हुए जिन्हें डीएमसीएच में इलाज कर विदा कर दिया गया।

## द उम्मीद द्वारा आयोजित बिहार स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप का भव्य समापन, जितवारपुर समस्तीपुर बना चैंपियन

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** दी उम्मीद एवं नीरव स्पोर्ट्स के संयुक्त तत्वावधान में "किक आउट ड्रग किक इन ड्रीम्स" थीम पर आयोजित दी उम्मीद कप 2026 झ बिहार स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप का भव्य समापन हो गया। समस्तीपुर कॉलेज मैदान में 15 जुलाई से आरम्भ इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का उद्देश्य खेलों के माध्यम से युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करना, फिटनेस को बढ़ावा देना तथा उन्हें सकारात्मक दिशा से जोड़ना था। इस प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से 250 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला जितवारपुर (समस्तीपुर) एवं बेगूसराय की टीमों के बीच खेला गया। पहले हाफ में बेगूसराय की टीम ने शानदार गोल कर बढ़त बनाई। दूसरे हाफ में जितवारपुर की टीम ने शानदार वापसी करते हुए आकाश आर्य और गुड्डू ने एक के बाद एक गोल कर अपनी टीम को 2झ1 से रोमांचक जीत दिलाई। इस प्रकार जितवारपुर (समस्तीपुर) ने दी उम्मीद कप 2026 की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। इस दौरान मुख्य अतिथि 12 बिहार बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल साहिल कोचर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि, खेल युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास एवं राष्ट्र निर्माण की भावना से जोड़ता है तथा नशे से दूर रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव रिजू जी, समस्तीपुर कॉलेज हिंदी विभाग के डॉ. महेश कुमार चौधरी, सेनको के मैनेजर अनिरुद्ध सिंह, माउंट लिट्रा जी स्कूल के निदेशक अमित सिंह, राजस्थान स्वीट्स के संचालक प्रकाश भारतीया, आलोक कुमार, सूबेदार मेजर राजेश सिंह, नीरव स्पोर्ट्स के संचालक नीरव कुमार तथा दी उम्मीद के संस्थापक अमरजीत कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण-पत्र एवं नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विभिन्न व्यक्तिगत पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में दी उम्मीद के संस्थापक अमरजीत कुमार ने कहा कि यह आयोजन केवल एक फुटबॉल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं को नशामुक्त, स्वस्थ, अनुशासित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का एक सामाजिक अभियान का हिस्सा है। वहीं नीरव स्पोर्ट्स के संचालक नीरव कुमार ने खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों में सहयोग देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में खिलाड़ियों, रेफरी, स्वयंसेवकों, प्रायोजकों, सहयोगी संस्थाओं, मीडिया प्रतिनिधियों एवं हजारों खेल प्रेमियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## रसलपुर में मजदूर की नशे की हालत में संदिग्ध स्थिति में मौत

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** सढ़वाड़ा पंचायत के रसलपुर वार्ड संख्या तीन में बुधवार की रात संदिग्ध स्थिति में नशे की हालत में एक मजदूर की मौत हो गई।मृतक रसलपुर गांव के ही परिक्षण राम का 30 वर्षीय पुत्र सुनील राम बताया गया है। मजदूर युवक के मौत की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीणो की भीड़ मौके पर जमा हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सिमरी थाना की पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंच गई। पुलिस में लाश को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि गांव में बिक रही जहरीली शराब पीने से उसकी मौत हुई। मृतक की भाभी गूंजा देवी ने बताया कि सुनील राम गांव में मजदूरी करने के बाद 22 जुलाई की शाम घर लौटा था। कुछ देर घर में रहने के बाद वह बाहर टहलने के लिए निकल गया। रात लगभग दस बजे वापस घर आकर खाना खाकर सो गया। सोने के दो घंटे बाद अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई वह छटपटाने लगा। बेचैनी से कराहते हुए वह कहने लगा कि अब हम नहीं बचेंगे। उसकी हालत गंभीर होता देख परिजन एवं आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाने लगे। घर से अभी निकला ही था कि उसकी बेचैनी और बढ़ गई। वह जोर-जोर से कराहने लगा। लोग जब तक कुछ समझते उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि शाम के समय सुनील ने गांव में बिक रही कच्ची शराब का सेवन किया था। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों का कहना था कि कि क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध शराब की बिक्री हो रही है। परिजनों ने मौत के कारणों की निष्पक्ष जांच और पोस्टमार्टम कराने की मांग की। मजदूर सुनील राम की मौत के बाद गांव में मातम फसर गया। पत्नी अमृता देवी, डेढ़ वर्षीय पुत्र सुंदरम, बृद्ध मां रेखा देवी एवं अन्य परिजनों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। मृतक आठ भाई-बहनों में दूसरे स्थान पर था और मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी मौत के बाद परिवार के सामने परवरिश की समस्या उत्पन्न हो गई। मुखिया प्रतिनिधि अरुण दास, सरपंच पति विष्णु पासवान, पूर्व मुखिया अशोक राम, पूर्व सरपंच राजेश चौधरी सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग पीड़ित परिवार को ढाढस बंधा रहे थे। सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया मौत के कारण के संबंध में पोस्टमार्टम के बाद ही पूरी जानकारी आ सकती है। मामले की तहकीकात की जा रही है।



सिमरी थाना क्षेत्र के रसलपुर में मजदूर की मौत के बाद बिलखते परिजन।

## छात्र हित के मुद्दों पर भीम आर्मी का पैदल मार्च, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**दरभंगा (एनएसबी)।** शिक्षा, छात्रों के भविष्य, संविधान एवं छात्र अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर भीम आर्मी की ओर से आयोजित पैदल मार्च एवं विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। मार्च की शुरूआत कपूर्री चौक (डीएमसीएच) से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, युवाओं, अभिभावकों और सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने जिला समाहरणालय तक पैदल मार्च किया। इसके बाद भीम आर्मी के प्रतिनिधिमंडल ने जिला पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर छात्रहित एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों के शीघ्र समाधान की मांग की।भीम आर्मी के बिहार प्रदेश सचिव सह दरभंगा प्रमंडल प्रभारी विशाल आनंद ने कहा कि यह कार्यक्रम पूरी तरह संविधान के दायरे में रहकर लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के अनुशासन एवं शांतिपूर्ण सहभागिता की सराहना करते हुए इसे जनहित की आवाज बुलंद करने का सशक्त प्रयास बताया। संगठन की ओर से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले छात्र-छात्राओं, युवाओं, अभिभावकों, सामाजिक संगठनों, प्रतिनिधियों एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



विशाल आनंद।

## बाथो पंचायत में गरीब-भूमिहीनों के वासगीत पर्चा के लिए भूमि सत्यापन शुरू

**बेनीपुर (एनएसबी)।** गरीब एवं भूमिहीन परिवारों को वासगीत पर्चा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बेनीपुर अनुमंडल प्रशासन ने बाथो पंचायत में भूमि एवं लाभुकों का सत्यापन कार्य शुरू कर दिया है।बुधवार को भूमि सुधार उपसमाहर्ता एवं अनुमंडल पदाधिकारी बेनीपुर के नेतृत्व में राजस्व टीम ने बाथो पंचायत का दौरा किया। इस दौरान सरकारी भूमि की उपलब्धता, अतिक्रमण की स्थिति और वासगीत पर्चा के लिए चिन्हित लाभुकों की सूची का मौके पर जाकर मिलान किया गया।अधिकारियों ने पंचायत के वार्डवार जाकर भूमिहीन परिवारों के आवास की स्थिति, उनके पास भूमि न होने का प्रमाण और पात्रता संबंधी दस्तावेजों की जांच की। सत्यापन के दौरान पंचायत प्रतिनिधि, राजस्व कर्मचारी और स्थानीय लोग भी मौजूद थे। एसडीओ मनीष कुमार झा बताया कि "सरकार के निर्देश पर जिले में वासगीत पर्चा वितरण अभियान चलाया जा रहा है। बाथो पंचायत में जो भी पात्र गरीब और भूमिहीन परिवार हैं, उनका सर्वे कर उन्हें जल्द से जल्द 5 डिसमिल भूमि का पर्चा दिया जाएगा। सत्यापन में किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।"भूमि सुधार उपसमाहर्ता ने कहा कि सत्यापन रिपोर्ट तैयार कर उसे जिला कार्यालय को भेजा जाएगा। इसके बाद योग्य लाभुकों को वासगीत पर्चा का वितरण शिविर लगाकर किया जाएगा। इस पहल से बाथो पंचायत के दर्जनों भूमिहीन परिवारों को रहने के लिए सरकारी जमीन पर आवास बनाने का अधिकार मिलेगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन के इस कदम की सराहना की है।



## 15 सूत्री मांगों पर आश्वासन के बाद कांग्रेस नेता की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल समाप्त

**घनश्यामपुर (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित धरना स्थल पर 15 सूत्री मांगों को लेकर कांग्रेस के युवा नेता जकाउल्लाह निराले द्वारा बुधवार से शुरू की गई अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल गुरुवार को समाप्त हो गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) रमन सिन्हा ने धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलनकारी से वार्ता की और मांगों पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने जूस पिलाकर भूख हड़ताल समाप्त कराई। जानकारी के अनुसार, जकाउल्लाह निराले विभिन्न जनसमस्याओं से जुड़ी 15 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे थे। आंदोलन के दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि सरकारी कार्यालयों में बिना रिश्वत के आम लोगों का काम नहीं हो पाता है। उन्होंने प्रशासन से भ्रष्टाचार पर रोक लगाने तथा जनता से जुड़े मुद्दों का शीघ्र समाधान करने की मांग की। गुरुवार को बीडीओ रमन सिन्हा धरना स्थल पहुंचे और जकाउल्लाह निराले से विस्तृत बातचीत की। उन्होंने आंदोलनकारी की मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित स्तर पर आवश्यक पहल करने का भरोसा दिलाया। आश्वासन मिलने के बाद जकाउल्लाह निराले ने अपना अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल समाप्त कर दिया। इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मिथलेश कुमार चौधरी, घनश्यामपुर प्रखंड अध्यक्ष गोविंद झा, बेनीपुर प्रखंड अध्यक्ष रामेंद्र कुमार, मौलाना जुबैर, सफरेज आलम, मोहम्मद तोहिद उर्फ छोटू सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आंदोलनकारी मौजूद रहे। आंदोलन समाप्त होने के बाद उपस्थित लोगों ने प्रशासन से मांगों के शीघ्र निष्पादन की अपेक्षा जताई।



## जब डी एम सी एच में एम्स बनना ही नही तो फोरलेन सड़क की क्या है जरूरत: अमरनाथ गामी

**सड़क का नाम बदलकर घोटाले की नींव रखने की प्रक्रिया चल रही है।**

**दरभंगा (एनएसबी)।** एम्स के मानकों को पूर्ण रूप से पूरा करते हुए प्रस्तावित डी एम सी एच- एम्स को फोरलेन संपर्क देने के लिए एन एच-57 से संपर्क हेतु दरभंगा स्टेशन से फोरलेन एलिवेटेड सड़क कपूरी चौक के लिए 2019-20 में स्वीकृत हुई थी, लेकिन एम्स का स्थान परिवर्तन हो गया और बस सड़क की बाध्यता समाप्त हो गई, क्योंकि 2023 में एम्स परियोजना को शोभन में बनाने का निर्णय हुआ तो डीएमसीएच-एम्स को एलिवेटेड फोरलेन संपर्क देने की बाध्यता समाप्त हुई।अब अगर डीएमसीएच- एम्स 2023 में स्थल चेंज हुआ तो फिर डी एम सी एच-एम्स को जोड़ने वाली फोरलेन सड़क अस्तित्व में कैसे रही? उपरोक्त बातें पूर्व विधायक अमरनाथ गगामी ने मशरफ बाजार स्थित अपने आवासीय परिसर में गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही।उन्होंने कहा कि सड़क का नाम बदलकर घोटाले की नींव रखने की प्रक्रिया चल रही है। एम्स का एक ईट अब तक नहीं जुड़ा है, बिना उपयोगिता बदले उसी सड़क का नाम बदलकर 'दरभंगा एम्स-आमस एक्सप्रेसवे' के नाम से डी पी आर पुरानी रखी गई। रोड अलग है। बाहरी दुनिया को दिखाने के लिए एम्स- डीएमसीएच का चर्चा कर डीपीआर बुक परआमास एक्सप्रेसवे सड़क नाम दे दिया गया है।श्री गामी ने कहा कि बेतुका विस्तार किया जा रहा है और ग्रीनफील्ड विकल्प की अनदेखी की जा रही है। उसी आधार पर योजना का बेतुका विस्तार कर बैता दुर्गा मंदिर से आमस एक्सप्रेसवे को एलिवेटेड सड़क में जोड़ दिया गया, जबकि चार किलोमीटर का ग्रीनफील्ड संपर्क जमीन से फोरलेन जोड़ा जा सकता था।

योजना को भीड़भाड़ वाले बैता, लहेरियासराय टावर से हजमा चौराहा पर जमीनी संपर्क दिया गया, यह सड़क एकमी में जुड़ गई। इस सड़क का बेतुका विस्तार करना टेंडर घोटाले की पृष्ठभूमि तैयार करना था। नया सड़क, नया नाम तो फिर एम्स वाला फोरलेन मानक पालन इसलिए किया गया ताकि फाइल में एम्स को संपर्क वाला 2019-20 का हिस्सा नजर आए। यह सड़क घोटाले की नीयत से फोरलेन में परिवर्तन नहीं की गई। परिवर्तन होता तो पता चल जाता कि स्वरूप बदला है। सावधानी से घोटाले की पृष्ठभूमि तैयार की गई।इस सड़क के निर्माण से यह उद्देश्य बताया गया कि इस सड़क से जाम की समस्या कम होगी, जबकि इस सड़क का पिलर भीड़ वाली संकरी सड़क के बीच से गुजरा है। संकट यह है कि सैकड़ों दुकानदारों का जीवन रोड के साइड की दुकान, मॉल, नर्सिंग होम से चलता है। सरकार जमीन अधिग्रहण कर उन दुकानों को उजाड़कर रोड चौड़ा करेगी। जमीन का मुआवजा मिलने से उनका उजड़ा व्यापार स्थापित बिल्कुल नहीं हो सकता है।डी एम सी एच-एम्स के कारण यह कुबार्नी देने में हर्ज नहीं था, क्योंकि नई रोजगार का अवसर मिलता। पूर्व विधायक ने कहा कि इस सड़क से शहर को संपर्क नहीं है। उन्होंने रोड मैप साझा कर बताय्या कि स्टेशन रोड पर टू लेन से फोरलेन एलिवेटेड रोड के लिए जमीनी संपर्क हेतु स्थल उपलब्ध नहीं है। यह विपरीत दिशा से निर्माण शुरू किया है। जहाँ समस्या आएगी, वहाँ हैंगिंग ब्रिज लटकाकर अधिकारी की मेहरबानी से अधिक भुगतान लेकर भाग जाएंगे। यह डी पी आर घोटाले का साक्ष्य यह है कि भीड़भाड़ वाली जटिल सड़क पर 20 प्रतिशत बिलो रेट में कार्य लिया गया है। डी पी आर एजेंसी ने मानकों को बढ़ा-चढ़ाकर डिजाइन किया। संवेदक से विभाग का पूर्ण तालमेल है। रिशु श्री से टेंडर मैनेज का संदेह निकल रहा है।उन्होंने जिला अधिकारी से आग्रह है किया है कि सभी पहलुओं की उच्चस्तरीय जाँच कर लें। यह नई सड़क नहीं, धोखा देकर एम्स संपर्क सड़क की फाइल ही दौड़ रही है। नई सड़क होती तो एम्सवाला मानक फॉलो नहीं होता, नए सिरे से स्वीकृति ली जाती। उन्होंने पेमेंट पर रोक लगाने, लोक धन के इस दुरुपयोग के सुधार की मांग की है।



प्रेस वार्ता को संबोधित करते पूर्व विधायक अमरनाथ गामी।

## संक्षिप्त खबरें

### वाहन जांच के दौरान देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**बिथान (एनएसबी)।** बिथान थाना पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान के दौरान अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई प्रखंड कर्मियों के आवास के समीप की गई, जहां पुलिस संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। पुलिस के अनुसार, जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में उनके पास से एक अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अंकित कुमार (20 वर्ष) ग्राम गंगिया, थाना गंगौर, जिला खगड़िया को गिरफ्तार कर लिया। वहीं उसके साथ मौजूद एक विधिविरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया।

### ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते: आरपीएफ ने की भटकी मूक-बधिर किशोरी को सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाने की पहल

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** रेलवे सुरक्षा बल समस्तीपुर ने 'ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते' के तहत एक भटकी हुई मूक-बधिर नाबालिग किशोरी को सुरक्षित संरक्षण में लेकर चाइल्ड केयर सेंटर को सौंप दिया। इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की रात सुरक्षा नियंत्रण कक्ष से सूचना मिली थी कि ट्रेन संख्या 14674 के अ-2 कोच में एक गूंगी लड़की अकेली बैठी है। सूचना मिलते ही आरपीएफ निरीक्षक के निर्देश पर सहायक उप निरीक्षक शशिकांत तिवारी एवं टीम ने



समस्तीपुर जंक्शन पर ट्रेन पहुंचते ही किशोरी को सुरक्षित उतार लिया और उसे जीआरपी की महिला आरक्षी अर्चना कुमारी की देखरेख में रखा गया। इसी दौरान चाइल्ड लाइन को उक्त बच्ची की सूचना दी गई। मामले की जानकारी मिलते ही जवाहर ज्योति विकास केंद्र की सामाजिक कार्यकर्ता चंचला कुमारी के पहुंचने पर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। किशोरी के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान नमीरा सहनी (17 वर्ष), निवासी करमहवा दुगार्पुर, महाराजगंज (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई। परिजनों से संपर्क करने पर पता चला कि वह भटककर समस्तीपुर पहुंच गई थी। आरपीएफ ने किशोरी को सुरक्षित जवाहर ज्योति विकास केंद्र के हवाले कर दिया।

### समस्तीपुर रेल मंडल मुख्यालय में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, एपीओ समेत दो रेलकर्मी गिरफ्तार

**समस्तीपुर (एनएसबी)** समस्तीपुर रेल मंडल कार्यालय में गुरुवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी समेत दो कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया। इस कार्रवाई के बाद डीआरएम कार्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे सीबीआई की टीम डीआरएम कार्यालय स्थित (पर्सनल) कार्मिक शाखा पहुंची। जहां से उन्होंने सहायक कार्मिक पदाधिकारी अरुण कुमार मंडल को हिरासत में के लिया। इसके साथ ही डीलिंग क्लर्क अमृत कुमार को भी टीम ने अपने साथ लेकर पूछताछ शुरू की। सीबीआई ने दोनों को अधिकारी के केबिन से हिरासत में लिया। दोनों को समस्तीपुर रेलवे ऑफिसर्स क्लब ले जाया गया। जहां सीबीआई की टीम उनसे पूछताछ की गई। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई रिश्वत के लेन-देन से जुड़े एक मामले में की गई है। हालांकि, सीबीआई की ओर से अब तक इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है और न ही मामले का विस्तृत खुलासा किया गया है। कार्रवाई की सूचना मिलते ही रेल मंडल कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दिन भर कर्मचारी पूरे घटनाक्रम को लेकर तरह-तरह की चचार्एं करते रहे। फिलहाल सीबीआई की जांच जारी है। मामले में आधिकारिक जानकारी सामने आने के बाद ही कार्रवाई के कारणों और आगे की कानूनी प्रक्रिया की स्पष्ट तस्वीर सामने आ सकेगी।

### पिकअप से 15 लाख की 1259 लीटर विदेशी शराब जब्त, चालक गिरफ्तार, मुख्य सरगना फरार

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र स्थित झखड़ा गांव में गुरुवार अहले सुबह मद्य निषेध विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विदेशी शराब की एक बड़ी खेप पकड़ी। छापेमारी के दौरान टीम ने एक पिकअप वाहन से 15 लाख रुपए मूल्य की 1259.04 लीटर विदेशी शराब और केन बीयर बरामद किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई के बारे में बताया गया है कि, सूचना मिलते ही अवर निरीक्षक हरिनंदन कुमार पाल के नेतृत्व में टीम



ने गांव में घेराबंदी कर दी। जांच के दौरान एक घर के परिसर में खड़ी पिकअप की तलाशी ली गई, जिसमें भारी मात्रा में शराब छिपाकर रखी गई थी। मौके से पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि जिस घर से शराब मिली उसका मालिक दिलीप राय फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार चालक की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के कांटी थाना क्षेत्र के लसंडा निवासी अशोक चौधरी के पुत्र सुजीत कुमार के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए मद्य निषेध अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में चालक और फरार आरोपी के खिलाफ समस्तीपुर उत्पाद थाना में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। जब्त शराब के साथ पिकअप वाहन को भी कब्जे में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ में चालक ने शराब तस्करी से जुड़े नेटवर्क के बारे में अहम जानकारी दी है। उसकी निशानदेही पर कई संदिग्धों की पहचान की गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश जारी है। छापेमारी टीम में मद्य निषेध विभाग के अन्य कर्मी और सशस्त्र बल के जवान भी शामिल थे।

### जनप्रतिनिधियों ने की दिवंगत सुमन के परिजनों से मुलाकात, दी सांत्वना

**ओईनी (एनएसबी)।** वैनी पंचायत के कैजिया विष्णुपुर निवासी उमेश ठाकुर की पुत्री सुमन कुमारी की विद्यालय जाने के दौरान मनचले द्वारा गोली मारकर निर्मम हत्या की अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक घटना की जानकारी मिलने पर उनके आवास पर जदयू नेता पप्पू सिंह कुशवाहा सहित जनप्रतिनिधियों ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की तथा उन्हें इस असहनीय दुःख की घड़ी में



ढाढ़स बंधाया। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर इस जघन्य अपराध के सभी दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं उन्हें सख्त से सख्त कानूनी सजा दिलाने की माँग की। ऐसी अमानवीय घटनाओं के दोषियों के विरुद्ध त्वरित एवं कठोर कार्रवाई ही समाज में कानून का विश्वास कायम रख सकती है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत बेटी की पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को यह असीम दुःख सहने की शक्ति दें। इस दुःख की घड़ी में नाई समुदाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रिंस राज, मोरवा के रालोजपा प्रखंड अध्यक्ष संतोष ठाकुर, कैजिया बिशनपुर के समाजसेवी कौशल मिश्रा, चकले वैनी के सरपंच प्रतिनिधि मुन्ना जी, चकले वैनी के मुखिया प्रतिनिधि बितेंद्र कुमार मुनचुन, कोआरी के समाजसेवी मनीष ठाकुर, वैनी के राजेश साह एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने आंतरिक संसाधन, राजस्व, आपदा एवं अवसंरचनात्मक योजनाओं की समीक्षा की

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आंतरिक संसाधन, राजस्व, आपदा प्रबंधन तथा विभिन्न अवसंरचनात्मक योजनाओं से संबंधित एक विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आंतरिक संसाधनों के सुदृढ़ीकरण एवं राजस्व संग्रह की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली में तेजी लाने तथा लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करें।



बैठक में शामिल पदाधिकारी व अन्य।

आपदा प्रबंधन की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने बाढ़, जलजमाव एवं अन्य संभावित प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों हेतु आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, संवेदनशील क्षेत्रों पर सतत निगरानी रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## राजस्व संग्रह एवं विकास कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश

बैठक में विभिन्न अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन भवनों, सड़कों, पुल-पुलियों एवं अन्य विकास योजनाओं के कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराने पर बल दिया। उन्होंने कार्यपालक एजेंसियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की निगरानी सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समय पर पहुंचे तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, विभागीय समन्वय को और मजबूत बनाने तथा नियमित समीक्षा के माध्यम से बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

बैठक में अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन , जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी अंचलाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## साइबर जागरूकता अभियान के तहत छात्रों को किया गया जागरूक

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी रौशन कुशवाहा एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह के निर्देश पर, पुलिस उपाधीक्षक (साइबर क्राइम) के नेतृत्व में साइबर थाना के तत्वावधान में शहर के काशीपुर स्थित आर.बी.एस. इंटर स्कूल, में साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं कर्मियों को साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। साइबर थाना की टीम ने विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड एवं उनसे बचने के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। अभियान के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम एवं व्हाट्सएप के माध्यम से होने वाले अपराधों से सावधानी बरतने के तरीके बताए गए। साथ ही ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स—अमेजन, फ्लिपकार्ट, मिंत्रा एवं मीशो—पर होने वाले धोखाधड़ी से बचाव के उपाय भी साझा किए गए। इसके अलावा फर्जी कॉल, संदिग्ध वीडियो कॉल, निवेश के नाम पर ठगी, एटीएम फ्रॉड, आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम से जुड़े अपराध, फर्जी फेसबुक आईडी, ओएलएक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर खरीद-बिक्री के दौरान होने वाले फ्रॉड और नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी से बचने के उपायों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मोबाइल फोन खो जाने की स्थिति में सीईआइआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी बताई गई। अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराध मुख्यतः भय और लालच के कारण होते हैं, इसलिए लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। समस्तीपुर पुलिस ने आम जनता से अपील की कि किसी भी प्रकार के साइबर फ्रॉड का शिकार होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते पदाधिकारी।

## कृषि विज्ञान केंद्र, बिरौली द्वारा एससीएसपी कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण सह प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** कृषि विज्ञान केंद्र, बिरौली द्वारा अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत बलहा कल्याणपुर गांव में प्रशिक्षण-सह-प्रदर्शन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कृषि अभियांत्रिकी विषय की वैज्ञानिक इंजीनियर विनीता कश्यप द्वारा किया गया। इस अवसर पर किसानों के लिए 2 हॉर्स पावर मोटर चालित विद्युत मक्का शेलर का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान किसानों को मशीन की कार्यप्रणाली, सुरक्षित संचालन, रखरखाव तथा मक्का की शीघ्र एवं कुशल मड़ाई की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। किसानों ने मशीन के संचालन को प्रत्यक्ष रूप से देखा तथा इसके उपयोग से होने वाले समय, श्रम एवं लागत की बचत को समझा। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति वर्ग के कुल 25 महिला किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान इंजीनियर विनीता कश्यप ने बताया कि आधुनिक कृषि यंत्रों एवं छोटे कृषि उपकरणों का उपयोग किसानों की शारीरिक मेहनत को कम करने के साथ-साथ कृषि कार्यों को अधिक सरल, सुरक्षित एवं समयबद्ध बनाता है। उन्होंने कहा कि कृषि यंत्रीकरण का बढ़ता स्तर न केवल श्रम दक्षता में वृद्धि करता है, बल्कि उत्पादन लागत को कम कर किसानों की आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने किसानों को अपनी आवश्यकताओं एवं संसाधनों के अनुरूप उपयुक्त कृषि यंत्रों को अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता कार्यक्रमों का लाभ उठाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने आधुनिक कृषि यंत्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसे खेती को अधिक लाभकारी एवं श्रम-सुगम बनाने की दिशा में उपयोगी पहल बताया।




प्रदर्शन करते विशेषज्ञ।

## उजियारपुर में दलित नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म मामले में ऐपवा का प्रतिरोध मार्च, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**उजियारपुर (एनएसबी)।** दलित नाबालिग छात्रा से कथित दुष्कर्म के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर गुरुवार को अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) की प्रखंड कमेटी के बैनर तले प्रतिरोध मार्च निकाला गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, पीड़िता को न्याय और परिवार की सुरक्षा की मांग की। प्रतिरोध मार्च का नेतृत्व ऐपवा नेत्री प्रीति कुमारी, नीलम देवी, फूलन देवी, गुलशन आरा और गुड़िया खातून ने किया। इस क्रम में प्रदर्शनकारियों ने मामले की स्पीडी ट्रायल चला कर दोषियों को कड़ी सजा दिलाने, पीड़िता के परिवार को सुरक्षा तथा 25 लाख रुपये मुआवजा देने की भी मांग की। सभा को संबोधित करते हुए ऐपवा नेत्री एवं भाकपा (माले) राज्य कमेटी सदस्य प्रीति कुमारी ने कहा कि यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होने से पीड़ित परिवार न्याय से वंचित है। भाकपा (माले) के वरिष्ठ नेता महावीर पोद्दार ने कहा कि मामले में अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होना गंभीर चिंता का विषय है। वहीं भाकपा (माले) प्रखंड सचिव गंगा प्रसाद पासवान ने भी दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि पुलिस को निष्पक्ष कार्रवाई करनी चाहिए। कार्यक्रम में जिला कमेटी सदस्य समीम मंसूरी, प्रखंड कमेटी सदस्य धनंजय प्रकाश, मो. फरमान, भीम सहनी, संजय पासवान समेत अन्य कार्यकर्ता और पीड़िता की मां भी मौजूद रहीं।




प्रदर्शन करते एपवा कार्यकर्ता।

## शिक्षा विधेयक के विरोध में विमेंस कॉलेज के प्राध्यापकों ने काली पट्टी बांधकर किया कार्य

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** बिहार सरकार द्वारा प्रस्तावित शिक्षा विधेयक के विरोध में गुरुवार को विमेंस कॉलेज, समस्तीपुर के शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने काली पट्टी और काला बिल्ला लगाकर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज कराया। इस दौरान सभी ने अपने-अपने शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक दायित्वों का निर्वहन भी किया। कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ. सुरेश साह ने बताया कि विरोध कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने प्रस्तावित शिक्षा विधेयक के प्रति अपनी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि विरोध के बावजूद शिक्षण कार्य और कार्यालयी कार्य नियमित रूप से संचालित किए गए।

## 32 वीं राज्यस्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस - 2026 की दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के मोहनपुर स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान होली मिशन हाई स्कूल के सभागार में 32 वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2026 की दो दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। इस क्रम में बुधवार को समस्तीपुर तथा पटोरी अनुमंडल के सैकड़ों विज्ञान शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ उपस्थित हुए। निरंतरता के लिए विज्ञान एवं नवाचार विषयक प्रथम दिन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रेमशंकर झा, रिसोर्स पर्सन प्रो. (डॉ.) भोला चौरसिया, पूर्व प्रधानाचार्य आर० एनएआर कॉलेज, प्रो. (डॉ.) सुरेन्द्र प्रसाद, पूर्व प्रधानाचार्य आरएनएआर कॉलेज, जिला समन्वयक डॉ. रविन्द्र कुमार, जिला शैक्षिक समन्वयक डॉ. संजय प्रसाद, डॉ. विकास कुमार गुप्ता, विज्ञान शिक्षक अशोक कुमार, होली मिशन ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशन्स के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान परिषद के भावी प्रत्याशी डॉ. धर्मांश रंजन (अंकुर), प्राचार्य अमृत रंजन, पूर्व प्रचार्य डॉ. एसके अहमद, गंगाधर झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन किया। इस कार्यशाला में पॉच उपविषय यथा, अपशिष्ट प्रबंधन के लिए आरएस कम करें, पुनर्उपयोग, पुनर्प्राप्ति, पुनरंचना और पनर्चक्रण, उर्जा के लिए 4 : अन्वेषण, प्रयोग, संवर्धन और विकास, जल : वर्षा जल संचयन, जल संसाधनों का उपयोग, पुनर्चक्रण और संरक्षण, भोजन, कृषि और स्वास्थ्य, एवं निरंतरता के लिए भारतीय ज्ञान प्रणालियों का अनुप्रयोग था। इस दौरान डीपीओ श्री झा ने कहा कि, विद्यालय में जाने के बाद सभी शिक्षक बच्चों से उम्दा किस्म के परियोजनाओं का कार्य करवाएँ। ताकि उनके परियोजना को राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर चयनित होने का सुअवसर प्राप्त हो। वहीं दूसरे व अंतिम दिन गुरुवार को दलसिंहसराय एवं रोसड़ा अनुमंडल के सैकड़ों विज्ञान शिक्षक/शिक्षिकाएँ प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित हुए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्राथमिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि, वे स्वयं भी बाल विज्ञान कांग्रेस कार्यक्रम के द्वारा राष्ट्र स्तर तक पहुँचाने का सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि, परियोजना कार्य के साथ-साथ प्रोपर डॉक्यूमेंटेशन पर भी काफी जोर दिया जाना आवश्यक है। प्रशिक्षण के दोनों दिनों में रिसोर्स पर्सन डॉ० भोला चौरसिया, डॉ० सुरेन्द्र प्रसाद, एवं डॉ० संगीता कुमारी ने परियोजना निर्माण की तकनीकी बारिकियों के बारे में वृस्तृत जानकारी दी। वहीं विज्ञान शिक्षक डॉ० विकास कुमार गुप्ता, अशोक कुमार ने भी छोटी-छोटी स्थानीय परियोजनाओं के निर्माण के बारे में विस्तार से बताया। जिला समन्वयक डॉ० रवीन्द्र कुमार ने प्रोजेक्ट फाइल निर्माण प्रश्नावली पुस्तिका, लॉग-बुक, छोटा-मॉडल तथा पोस्टर निर्माण एवं मूल्यांकन में अंकों के वितरण तथा उनके महत्व के बारे में बताया। जिला शैक्षिक समन्वयक डॉ० संजय प्रसाद ने मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन किया।



अतिथि का स्वागत करते निदेशक।




अतिथि का स्वागत करते प्राचार्य।

## संक्षिप्त खबरें

### हरलाखी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 260 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** हरलाखी थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों से कुल 260 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शिवम धाकड़ के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेनीपट्टी अमित कुमार के नेतृत्व में हरलाखी थाना पुलिस ने 22 जुलाई की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर विशौल गांव के पास वाहन जांच अभियान चलाया।



इसी दौरान हरलाखी की ओर से आ रहे एक बाइक सवार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में उसके पास से 156 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोतीलाल साह (पिता- रामचंद्र साह), निवासी जोगिया, थाना लदनियां के रूप में हुई। पूछताछ में मोतीलाल की निशानदेही पर पुलिस ने साहरघाट थाना क्षेत्र के रैयाम निवासी अलाउद्दीन के घर छापेमारी की। वहां से 104 ग्राम ब्राउन शुगर और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस ने अलाउद्दीन को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ हरलाखी थाना कांड संख्या 290/26 दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21(सी)/22 के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी है

### कबीर अंत्येष्टि, पेंशन और स्वच्छता योजनाओं की बीडीओ ने की समीक्षा,

**मुखिया व पंचायत सचिवों को दिए आवश्यक निर्देश**

**खजौली(एनएसबी)।** प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में गुरुवार को बीडीओ चंदन कुमार की अध्यक्षता में मुखिया, पंचायत सचिव एवं स्वच्छता कर्मियों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कबीर अंत्येष्टि योजना, वृद्धा पेंशन, स्वच्छता योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान चालू वित्तीय वर्ष में कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत केवल



27 लोगों को लाभ मिलने पर बीडीओ ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने सभी मुखिया एवं पंचायत सचिवों को वास्तविक पात्र लाभुकों को अधिक से अधिक योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। वृद्धा पेंशन योजना की समीक्षा में लाभुकों की सूची उपलब्ध कराते हुए पंचायत सचिवों को सभी लाभुकों का जीवन प्रमाणीकरण शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया गया। वहीं स्वच्छता कर्मियों को सभी गांवों एवं टोलों से नियमित कचरा उठाव सुनिश्चित करने तथा निर्धारित शुल्क संग्रह करने को कहा गया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त का भुगतान स्थलीय जांच के बाद करने तथा निर्मित शौचालयों के भुगतान के लिए ग्रामसभा से सूची पारित कराकर प्रखंड कार्यालय में जमा करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में मुखिया अर्जुन सिंह, जय प्रकाश मंडल, छठू पासवान, अशोक कुमार सिंह सहित सभी पंचायत सचिव एवं स्वच्छता कर्मी उपस्थित रहे।

### प्राथमिक विद्यालय लावाटोल में किया गया युथ एव इको क्लब का गठन

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय लावाटोल में युको कल्ब का गठन किया गया. विद्यालय के सभागार में विद्यालय प्रधानाध्यापक मो अयूब की अध्यक्षता में विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं की बैठक आयोजित किया गया. बैठक में यूथ एवं इको क्लब का गठन सर्वसम्मति किया गया.जिसमे प्रवीण कुमार, प्रिंस कुमार शर्मा, शुभम कुमार, आरूषी कुमारी, कामिनी कुमारी, आदित्य कुमार, प्रभास कुमार, मुस्कान कुमारी, प्रियंका कुमारी, कन्हैया कुमार, मीनाक्षी कुमारी, सतीश कुमार, सुधांशु कुमार शामिल है. वही विद्यालय के सभी बच्चों ने सर्वसम्मति से यूथ एवं इको क्लब के नोडल शिक्षक के लिए जगन्नाथ पंडित, ललित कुमार झा, कमली कुमारी, गौरी कुमारी का चयन किया. प्रधानाध्यापक मो अयूब ने बच्चों को बधाई एवं शुभकामना दी. एक पेड़ मॉ के नाम कार्यक्रम के दौरान बच्चों से कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने की जरूरत है. पर्यावरण को एक धरोहर के रूप में संभाल कर रखने को कहा. ताकि हमारे आने वाली पीढ़ियां खुले और स्वच्छ वातावरण में स्वस्थ रह सके. विद्यालय के सभी बच्चों ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने, बिजली की खपत कम करने, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, पानी का उपयोग जरूरत के अनुसार ही करने एवं ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने का संकल्प एवं शपथ लिया.

### नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।** वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 18 जुलाई को बाबुबरही थाना को नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने से संबंधित एक शिकायत प्राप्त हुआ। जिसमें पीड़ित मणिकांत चौधरी द्वारा विक्की कुमार झा, पे०- कृष्णकांत झा, सा०- बरदाहा, थाना-बाबूबरही पर संविदा के आधार पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 8 लाख रुपये की ठगी करने का गंभीर आरोप लगाया गया। थानाध्यक्ष, बाबूबरही थाना द्वारा उक्त घटना से वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी को अवगत कराया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।पुलिस टीम द्वारा वैज्ञानिक अनुसंधान एवं प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर जांच करने पर यह खुलासा हुआ कि आरोपी विक्की कुमार झा एक शातिर ठग है। जो स्वयं को पदाधिकारी बताकर फर्जी जॉइनिंग लेटर जारी करने, प्रेम जाल में फंसाकर युवतियों का यौन शोषण करने एवं क्षेत्र के कई अन्य लोगों को भी ठगी का शिकार बनाने जैसे आपराधिक कृत्यों में संलिप्त रहा है। जांच के दौरान साक्ष्यों के पुख्ता होते ही, पुलिस टीम द्वारा त्वरित छापेमारी की गई और कुख्यात ठग विक्की कुमार झा को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ दौरान आरोपित ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

### सोनम वांगचुक के समर्थन में माकपा का प्रतिरोध मार्च, फुलपरास अनुमंडल कार्यालय तक निकाला जुलूस

**फुलपरास।(एनएसबी)।** प्रसिद्ध शिक्षा एवं पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक समेत विभिन्न मांगों को लेकर अनशन पर बैठे लोगों के समर्थन में सोमवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) [माकपा] के बैनर तले पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतिरोध मार्च निकाला गया। मार्च में बड़ी संख्या में कार्यकताओं एवं समर्थकों ने भाग लिया।प्रतिरोध मार्च की शुरूआत गोरगामा पेट्रोल पंप के समीप से हुई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए अनुमंडल कार्यालय, फुलपरास पहुंचा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं पर रोक तथा लोकतांत्रिक तरीके से उठाई जा रही मांगों पर सरकार से सकारात्मक पहल करने की मांग की।कार्यक्रम में उमेश राय, नरेश यादव, डॉ. रामकृष्ण यादव, पूर्व जिला पार्षद बबीता राय, विद्यानंद शास्त्री, राम अवतार कामत सहित माकपा के कई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रतिरोध मार्च में सैकड़ों लोगों की भागीदारी रही। मार्च के समापन पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर शांतिपूर्ण आंदोलन और संवाद को महत्व दिया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से अनशनकारियों की मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए उचित पहल करने की अपील की।

# जंतर-मंतर लाठीचार्ज के विरोध में मधुबनी में शिक्षा मंत्री का पुतला दहन

**मधुबनी(एनएसबी)।** नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को मिथिला स्टूडेंट यूनियन (एमएसयू) के नेतृत्व में मधुबनी रेलवे स्टेशन के समीप केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर विरोध-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए घटना की निंदा की और छात्रों के अधिकारों की रक्षा की मांग उठाई। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए एमएसयू नेताओं ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय सरकार उनकी आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। वक्ताओं ने कहा कि नीट पेपर लीक, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं, परीक्षा प्रणाली में भ्रष्टाचार और छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ से युवाओं का भरोसा डगमगा गया है। उन्होंने परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाने तथा सभी परीक्षा घोटालों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। एमएसयू ने मिथिला की शिक्षा व्यवस्था पर भी चिंता जताते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की कमी, जर्जर आधारभूत संरचना, प्रयोगशालाओं एवं पुस्तकालयों का अभाव तथा नियमित शैक्षणिक सत्रों में बाधा के कारण क्षेत्र के लाखों छात्र प्रभावित हो रहे हैं। संगठन ने मिथिला की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए विशेष पैकेज और ठोस कार्ययोजना लागू करने की मांग की।



विरोध प्रदर्शन करते

प्रदर्शन के दौरान संगठन ने चेतावनी दी कि यदि छात्रों की आवाज को दबाने और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की अनदेखी जारी रही तो पूरे मिथिला क्षेत्र में चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा।

प्रदर्शन में मयंक विश्वास, शशि अजय झा, विजय श्री टुन्ना, राजन जी, चंद्रवीर ठाकुर, अरविन्द, दीपक, रौशन सहित मिथिला स्टूडेंट यूनियन के अनेक कार्यकर्ता एवं छात्र-युवा मौजूद थे।

## छात्र-युवा आक्रोश मार्च में गूंजे इस्तीफे के नारे, शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल




प्रदर्शन करते

**मधुबनी(एनएसबी)।** नीट पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था में कथित भ्रष्टाचार तथा छात्रों के आंदोलनों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को मधुबनी में छात्र-युवा आक्रोश मार्च निकाला गया। मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस्तीफे की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की।

सुबह करीब 11 बजे मधुबनी रेलवे स्टेशन से शुरू हुआ यह मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वाटसन स्कूल परिसर के समीप बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक तक पहुंचा। यहां आयोजित सभा के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। मार्च का नेतृत्व आलोक देवराज, मयंक कुमार, राजा जी, सुरेंद्र चौधरी, संजय राम एवं अवधेश ऋषि ने किया। प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलनरत छात्रों तथा पटना में राजभवन मार्च के दौरान छात्रों पर हुए लाठीचार्ज, आंसू गैस और पानी की बौछारों की कार्रवाई का विरोध किया।

सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ठएएळ पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाने वाले छात्रों पर बल प्रयोग करना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है, लेकिन छात्र-युवा अपने अधिकार, रोजगार, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था और बेहतर शिक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।

प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस्तीफे की मांग के साथ-साथ नीट पेपर लीक की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई, एनटीए को भंग कर पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था लागू करने, छात्रों के शांतिपूर्ण आंदोलनों पर बल प्रयोग बंद करने तथा दिल्ली और पटना में छात्रों पर हुई कार्रवाई की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग उठाई।

वक्ताओं ने कहा कि छात्र-युवा लोकतांत्रिक तरीके से अपना आंदोलन जारी रखेंगे और शिक्षा व्यवस्था में सुधार तथा छात्रों के अधिकारों के लिए संघर्ष तेज किया जाएगा।

## ज्ञान ही सबसे बड़ी शक्ति, शिक्षित युवा विकसित बिहार की मजबूत नींव : विधायक माधव आनंद

**मधुबनी(एनएसबी)।** मधुबनी विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए जल्द ही एक बड़ी शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध होगी। विधायक माधव आनंद ने बताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की प्रेरणादायी सोच एवं प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने की महत्वाकांक्षी पहल से प्रेरित होकर जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) मधुबनी के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के बाद श्री कामेश्वर उच्च विद्यालय, पंडौल में एक आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।

विधायक माधव आनंद ने कहा कि "ज्ञान ही सबसे बड़ी शक्ति है और शिक्षित युवा ही विकसित बिहार की सबसे मजबूत नींव हैं।" उन्होंने कहा कि यह डिजिटल लाइब्रेरी विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं तथा शोधार्थियों के लिए आधुनिक अध्ययन संसाधनों और डिजिटल तकनीक से युक्त ज्ञान का सशक्त केंद्र बनेगी। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को भी गुणवत्तापूर्ण डिजिटल.ा शिक्षा, ई-लर्निंग सुविधाएं और आधुनिक अध्ययन सामग्री उनके अपने क्षेत्र में उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें बेहतर शैक्षणिक अवसर मिल सकें और वे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर सकें। विधायक ने विश्वास जताया कि यह परियोजना शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी तथा मधुबनी के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में नई ऊर्जा का संचार करेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इस शैक्षणिक पहल को सफल बनाने में सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से ज्ञान, तकनीक और शिक्षा से समृद्ध एवं सशक्त मधुबनी का निर्माण संभव होगा।



विधायक माधव आनंद

## 26 जुलाई को पंचायत में मनाए जाएंगे. पंचायत विकास दिवस

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड के सभी पंचायत के पंचायत सचिवों एव अन्य कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता बीडीओ वसंत कुमार सिंह ने की. बैठक में 26 जुलाई को सभी पंचायत में पंचायत विकास दिवस को सफल आयोजन तथा राशन कार्ड से संबंधित विशेष शिविर लगाने की तैयारी की समीक्षा की गई. बीडीओ वसंत कुमार ने बताया कि पंचायत विकास दिवस के अवसर पर प्रत्येक पंचायत में विशेष शिविर आयोजित कर पात्र लाभुक को राशन कार्ड बनाने, छूटे हुए लोगों का नाम जोड़ने तथा आवश्यकता अनुसार नाम हटाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी. उन्होंने पंचायत स्तर के सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्र में ऐसे पपत्र परिवारों कि पहचान करें जो अब तक राशन कार्ड से वंचित है. ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को योजना का लाभ मिल सके. बैठक में पंचायत विकास दिवस को प्रभावी एवं जन भागीदारी पूर्ण बनाने पर भी विस्तार से चर्चा की गई. सभी संबंधित कर्मियो को समय पर आवश्यक तैयारियां पूरी करने तथा ग्रामीणों को विशेष शिविर की जानकारी देने का निर्देश दिया.कहा कि सरकार के द्वारा सभी पंचायत में प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को पंचायत विकास दिवस मनाने की शुरूआत की गई है.इस अभियान का उद्देश्य पंचायत के समग्र विकास की रूपरेखा तैयार करना है .तथा स्थानीय स्तर पर विकास योजनाओं को गति देना है. इसी क्रम में इस माह 26 जुलाई को सभी पंचायत में पंचायत विकास दिवस मनाया जाएगा .

## भारत के जनता अपने अधिकार के लिए लड़ते रहेंगे : मनोज

**मधुबनी(एनएसबी)।** भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) बिस्फी लोकल कमिटी की बैठक विन्दु यादव की अध्यक्षता में हुई, बैठक में माकपा के जिला सचिव मनोज कुमार यादव बतौर पर्यवेक्षक मौजूद रहे, बैठक में सभी नेताओं ने विस्तार से सरकार के जनविरोधी नीतियों पर चर्चा किए, बैठक को संबोधित करते हुए माकपा के जिला सचिव मनोज कुमार यादव ने कहा कि देश में छात्र युवाओं को मोदी सरकार पुलिस और अपने गुण्डे से पिटवा रहे हैं,युवाओं का लहु सड़कों पर गिर रहा है, दुनिया देशों के मिडिया मोदी सरकार पर थू थू कर रहा है, मोदी संसद छोड़ भाग जाते हैं,56 इंच कलेजा रखने वाले के मुंह में दही जमा है, बेरहमी से लाठीचार्ज किया गया,पुरे देश में छात्र युवा का सड़कों पर उबाल है, दिल्ली के 16 जगह से अधिक मेट्रो स्टेशन को बंद कर दिया गया है,देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री के साथ चीफ जस्टिस सुनने के लिए समस्या तैयार नहीं यह कैसा लोकतंत्र में हम सब रहते हैं, मोदी सरकार तानाशाही कर रहा है, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तक छात्र युवाओं का कदम पिछे नहीं हटेगा और उनके साथ देश के किसान मजदूर एकजूटता के साथ लड़ाई में शामिल होकर और मजबूती से संघर्ष को आगे बढ़ाने का काम करेगी, मोदी राज में 80 से अधिक बार पेपर लीक हो चुका है, अपने चहेते लोगों को बड़े स्तर पर सरकार में नौकरी पर रखा जा रहा है,सभी संस्थाओं को सरकार समाप्त कर दिया, बड़े स्तर पर मोदी सरकार में भ्रष्टाचार हो रहा है, मोदी सरकार को जवाबदेही लेनी होगी, जब-तक कारवाई नहीं तब तक आंदोलन जारी रहेगा, भारत के जनता अपने अधिकार के लिए लड़ता रहेगा।बैठक में माकपा के सुमित्रा देवी, ललित कुशवाहा, अरुण यादव, केवल मुखिया , लालू प्रसाद यादव, सीताराम यादव,हलखोरी महतो, रायबहादुर पासवान, मीरा देवी,फुल कुमारी देवी सहित अन्य नेताओं ने विचार व्यक्त किए।




# बेनीपट्टी में 24 घंटे के भीतर अपहृत युवक सकुशल बरामद, पांच अपहरणकर्ता गिरफ्तार : डीएसपी

**बेनीपट्टी(एनएसबी)।** बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के सिरसवारा गांव से अपहृत रोहित कुमार को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक स्कॉर्पियो वाहन तथा छह मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। बेनीपट्टी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में गुरुवार को बताया कि, पूछताछ में गिरफ्तार आरोपितों ने स्वीकार किया कि उनका निशाना कन्हैया कुमार था, लेकिन पहचान की गलती के कारण उन्होंने रोहित कुमार का अपहरण कर लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गोल्ड बेचने के कारोबार से जुड़े विवाद के कारण कन्हैया कुमार का अपहरण करने की योजना बनाई गई थी। घटना के संबंध में 22 जुलाई 2026 को बेनीपट्टी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बेनीपट्टी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी अनुसंधान और लगातार छापेमारी के बाद पुलिस ने रोहित कुमार को सकुशल बरामद कर लिया तथा पांचों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।




जानकारी देते डीएसपी अमित कुमार।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान आसिफ ठाकुर, छोटू मंडल, आशीष कुमार साह, विकास कुमार चौधरी एवं माधव कुमार के रूप में हुई है। सभी आरोपितों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है तथा फरार या संलिप्त अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# छात्रों पर लाठीचार्ज व राहुल गाँधी की हिरासत के विरोध में कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस

नवसंदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत कई विपक्षी नेताओं को हिरासत में लिए जाने के विरोध में मुजफ्फरपुर जिला कांग्रेस पश्चिमी के कार्यकताओं ने मशाल जुलूस निकाला। पश्चिमी जिला कांग्रेस अध्यक्ष कृपा शंकर शाही के नेतृत्व में निकाले गए इस विरोध मार्च में कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्रों की मांगों का समर्थन किया।

छात्र आंदोलन के समर्थन में लाठी चार्ज के खिलाफ प्रधानमंत्री आवास के बाहर धरना प्रदर्शन करने के दौरान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव समेत कई सांसदों को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने का पुरजोर विरोध करते हुए कार्यकर्ताओ ने नगर के टावर चौक पहुंचकर रौशपूर्ण प्रदर्शन किया। वहीं प्रदर्शन सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पश्चिमी के जिलाध्यक्ष कृपा शंकर शाही ने कहा कि राहुल गांधी छात्रों के समर्थन में धरना प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन इस तरह से छात्र की आवाज बुलंद करने वाले जननायक राहुल गांधी को जिस तरह से गिरफ्तार किया गया और पुलिस ने उनके साथ जो व्यवहार किया, वह बर्दाश्त के लायक नहीं है। यह घटना साबित करता है कि वर्तमान एनडीए सरकार लोकतान्त्रिक सरकार नहीं बल्कि तानाशाही सरकार की मिशाल प्रस्तुत कर रही है। उधर छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की घटना भी तानाशाही एनडीए सरकार की मंशा को उजागर कर दिया है, जिसके खिलाफ कांग्रेस के लोग सड़कों पर उतरे हैं। उन्होंने कहा कि अगर इससे भी सरकार छात्रों की मांग नहीं पूरा करती है तो कांग्रेस इस आंदोलन को देश भर में और तेज करेगी। इस दौरान मसाल जुलूस एवं विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस के सदस्य सहित छात्र गण शामिल थे।



मशाल जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते कांग्रेस के नेतागण व कार्यकर्ता।

## दिल्ली और पटना में छात्रों पर हुए पुलिस बल प्रयोग के विरोध में एआईडीएसओ ने प्रधानमंत्री व केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** दिल्ली में 20 जुलाई को आयोजित संसद मार्च के दौरान छात्र-छात्राओं पर हुए पुलिस लाठीचार्ज, आंसू गैस के प्रयोग तथा छात्राओं के साथ कथित अमर्यादित व्यवहार और पटना में छात्रों के शांतिपूर्ण आंदोलन पर हुए पुलिस बल प्रयोग के विरोध में ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन की मुजफ्फरपुर जिला समिति के नेतृत्व में एल.एस. कॉलेज परिसर से प्रतिवाद मार्च निकाला गया। मार्च के उपरांत एल.एस. कॉलेज गेट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया गया।




प्रतिवाद मार्च के दौरान कार्यकताओं ने "इंकलाब जिंदाबाद", "लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बंद करो", "छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद करो", "घायल छात्र-छात्राओं के समुचित इलाज की व्यवस्था करो" आदि नारे लगाए। सभा को संबोधित करते हुए संगठन के बिहार राज्य सचिव पवन कुमार ने आरोप लगाया कि केंद्र एवं राज्य सरकारें लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि संसद मार्च के दौरान छात्रों पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया गया, आंसू गैस के गोले छोड़े गए तथा छात्राओं के साथ कथित अमर्यादित व्यवहार किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आंदोलन में छात्रों की भागीदारी रोकने के उद्देश्य से मेट्रो तथा अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं पर भी प्रतिबंध लगाए गए। उनके अनुसार, पटना में भी छात्रों के शांतिपूर्ण आंदोलन पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग किया गया, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रतिकूल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एआईडीएसओ के मुजफ्फरपुर जिला अध्यक्ष शिव कुमार ने कहा कि छात्र-युवा समुदाय दमन से भयभीत होने वाला नहीं है। कार्यक्रम में जिला कमिटी सदस्य रूपा कुमारी, बबली अभिषेक कुमार, अली अख्तर, टुनटुन कुमार, आदित्य कुमार, गौरव कुमार, करण कुमार, आयुष कुमार, मोहम्मद इकबाल, परवेज आलम, कंचन कुमारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### नव चयनित पारा विधिक स्वयंसेवको के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का जिला जज ने किया उद्घाटन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुजफ्फरपुर में पैरा लीगल वालंटियर के रिक्त पदों पर नव चयनित पारा विधिक स्वयंसेवको के प्रशिक्षण के लिए गुरुवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्वेता कुमारी सिंह द्वारा मंगल दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य नव चयनित पारा विधिक स्वयंसेवकों को जिला



प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करती जिला जज श्वेता कुमारी सिंह।

विधिक सेवा प्राधिकार के गठन, उसके कार्य प्रणाली तथा पारा विधिक स्वयंसेवकों के कर्तव्य एवं दायित्व तथा सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में उन्हें बताना था। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तेज कुमार प्रसाद एवं अन्य प्रशिक्षकों द्वारा पारा विधिक स्वयंसेवको को विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को भी जारी रहेगा।

### बीआरएबीयू में परीक्षा व्यवस्था को लेकर छात्रों का प्रदर्शन, कुलपति के नाम सौंपा पांच सूत्री मांग पत्र

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में व्याप्त अव्यवस्था, परीक्षाओं और परिणामों में लगातार हो रही देरी तथा छात्रों की समस्याओं के समाधान में लापरवाही के विरोध में गुरुवार को बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। आंदोलन के दौरान छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कुलपति के नाम पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा और शीघ्र कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आरोप था कि विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुकी है। समय पर परीक्षाएं आयोजित नहीं हो रही हैं और परिणामों के प्रकाशन में लगातार विलंब हो रहा है। साथ ही छात्रों को



विवि में प्रदर्शन करते छात्र छात्राएं।

अपनी समस्याओं के समाधान के लिए महीनों तक कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। उनका यह भी कहना था कि सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगी गई जानकारियां भी निर्धारित समय पर उपलब्ध नहीं कराई जाती हैं, जिससे हजारों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि कुलपति से मिलने का कोई निर्धारित समय नहीं है, जिससे विद्यार्थियों को अपनी समस्याएं रखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। आंदोलन के दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से परीक्षा नियंत्रक डॉ. रामकुमार, छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. आलोक कुमार, कॉलेज विकास परिषद के समन्वयक प्रो रजनीश गुप्ता तथा उप-पंजीयक अमर बहादुर शुक्ला प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने छात्र प्रतिनिधियों से वार्ता कर उनकी मांगों को गंभीरता से सुना और परीक्षा विभाग से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि छात्र हित विश्वविद्यालय प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और मांग पत्र के सभी बिंदुओं पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाएगा। छात्रों ने अपने पांच सूत्री मांग पत्र में समयबद्ध परीक्षा एवं परिणाम की व्यवस्था लागू करने, वार्षिक परीक्षा कैलेंडर जारी करने, उत्तरपुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने तथा आरटीआई के तहत मांगी गई सूचनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराने की मांग उठाई। छात्र प्रतिनिधि अभिनव राज ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय की जर्जर परीक्षा व्यवस्था के विरोध में है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन तय समय के भीतर मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं करता है तो छात्र आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। वहीं छात्र प्रतिनिधि मयंक मिश्रा ने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य केवल छात्रों के हितों की रक्षा करना और विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, जवाबदेह एवं समयबद्ध बनाना है। प्रशांत गौतम ने भी कहा कि यदि प्रशासन अपने आश्वासन के अनुरूप शीघ्र कार्रवाई करता है तो छात्र उसका स्वागत करेंगे, अन्यथा चरणबद्ध आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

मुजफ्फरपुर की अन्य खबरें पेज नौ पर

डिफरमेंट चार्ज के नाम पर खाता से राशि कटने से आक्रोशित उपभोक्ताओं का फूटा गुस्सा

# बिजली विभाग के कार्यालय में काटा बवाल

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** प्रीपेड बिजली खातों से डिफरमेंट चार्ज के नाम पर राशि काटे जाने से नाराज उपभोक्ताओं का गुस्सा गुरुवार को फूट पड़ा। तिलक मैदान रोड स्थित बिजली विभाग के कार्यालय में सैकड़ों उपभोक्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए जमकर हंगामा किया। इस दौरान कार्यालय परिसर में तोड़फोड़ और मारपीट भी हुई, जिसमें एक उपभोक्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके सिर में 14 टांके लगाए गए हैं।

स्थिति बिगड़ने की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया। एसडीएम पूर्वी आनंद उत्सव, सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी, एसडीपीओ टाउन-1 सुरेश कुमार और भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। एहतियात के तौर पर भीड़ नियंत्रण दस्ता और आंसू गैस के गोले भी तैनात किए गए। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से बातचीत कर उन्हें शांत कराया और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। उपभोक्ताओं का आरोप है कि पिछले दो दिनों से जिले के हजारों प्रीपेड

**तोड़फोड़ और मारपीट में एक उपभोक्ता घायल, सिर में लगे 14 टाके, मौके पर पहुँचे एसडीओ पूर्वी और सिटी एसपी ने स्थिति को संभाला**

बिजली उपभोक्ताओं के खातों से डिफरमेंट चार्ज के नाम पर 500 से 1200 रुपये तक की राशि काटी जा रही है। कुछ उपभोक्ताओं के खातों से इससे भी अधिक रकम कटने की शिकायत सामने आई है। अचानक बैलेंस खत्म होने के कारण कई घरों की बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई।

बताया गया कि बुधवार को भी बड़ी संख्या में उपभोक्ता तिलक मैदान रोड समेत बिजली विभाग के अन्य कार्यालयों में शिकायत लेकर पहुंचे थे, लेकिन उन्हें कटौती के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। गुरुवार को फिर करीब 200 उपभोक्ता कार्यालय पहुंचे। जब अधिकारियों की ओर से



डिफरमेंट चार्ज के नाम पर राशि काटे जाने को लेकर विद्युत विभाग कार्यालय पर हंगामा करते उपभोक्ता गण।

संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो लोगों का आक्रोश बढ़ गया और देखते ही देखते विरोध प्रदर्शन हंगामे में बदल गया। एक बिद्युत उपभोक्ता के अनुसार उन्होंने 15 जुलाई को अपनी वृद्धावस्था पेंशन की राशि से बिजली का रिचार्ज कराया था। इसके बावजूद गुरुवार को अचानक बिजली कट गई। जांच करने पर पता चला कि उनके खाते से डिफरमेंट चार्ज के नाम पर राशि काट ली गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा कर रही है, तो फिर उपभोक्ताओं के खातों से इस तरह पैसे क्यों काटे जा रहे हैं।

प्रदर्शन के दौरान स्थिति तब और बिगड़ गई जब कुछ लोगों के बीच विवाद बढ़ गया। देखते ही देखते कार्यालय परिसर में मारपीट और तोड़फोड़ शुरू हो गई। इस घटना में एक उपभोक्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और आगे किसी अप्रिय घटना को होने से रोक दिया।

एसडीएम पूर्वी आनंद उत्सव ने बताया कि डिफरमेंट चार्ज कटने की शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है। विभाग पूरे मामले की जांच कर रहा है। साथ ही कार्यालय में हुई तोड़फोड़ और हंगामे की भी अलग से जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## मुसहरी प्रखंड पहुंचे डीएम कुमार गौरव ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी कुमार गौरव ने गुरुवार को मुसहरी प्रखंड एवं अंचल का दौरा कर विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रशासनिक व्यवस्था और संभावित बाढ़ आपदा की तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा आम लोगों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान का भी भरोसा दिलाया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्रखंड और अंचल कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति, कार्य निष्पादन और जनहित से जुड़े मामलों की समीक्षा की। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, सीडीपीओ तथा प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी कार्यालयों में कर्मियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक प्रणाली से सुनिश्चित की जाए।


निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही नियमानुसार वेतन भुगतान होगा और कार्यालयी अनुशासन से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कर्मी मुख्यालय में उपस्थित रहकर सरकारी कार्यों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन करें। आम जनता से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को जनता को समय पर सेवाएं उपलब्ध कराने और जवाबदेही के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

## शराब कांड में जेल में बंद आरोपी की इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** शराब पीने के आरोप में जेल भेजे गए एक बंदी की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान बेनीबाद थाना क्षेत्र के तेजौल गांव निवासी गोनू दास के रूप में हुई है. गोनू दास का इलाज एसकेएमसीएच में चल रहा था। मौत की जानकारी मिलते ही अस्पताल पहुंचे स्वजन ने पुलिस और जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए इमरजेंसी वार्ड में हंगामा किया। मृतक के परिवार के लोगों का आरोप है कि बेनीबाद थाना पुलिस ने 19 जून को गोनू दास को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

परिजनों का दावा है कि उसे छोड़ने के बदले पुलिस की ओर से 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई थी। रकम नहीं देने पर उसे न्यायालय में पेश कर खुदीराम बोस केंद्रीय कारा भेज दिया गया। हालांकि, रिश्वत मांगने के आरोपों पर पुलिस की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया


रोते बिलखते मृतक के परिजन।

सामने नहीं आई है। मृतक के परिजनों ने जेल प्रशासन पर भी इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। स्वजन का कहना है कि जेल में गोनू दास की तबीयत बिगड़ने के बाद भी उसे समय पर समुचित इलाज नहीं मिला। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि बंदी की तबीयत खराब होने की जानकारी उन्हें नहीं दी गई और उसकी मौत के बाद ही उन्हें अस्पताल बुलाया गया। मिली जानकारी के अनुसार गोनू दास को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया था। अस्पताल में भर्ती करने के बाद चिकित्सकों ने उसका इलाज शुरू किया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद अस्पताल पहुंचे परिजनों ने पुलिस और जेल प्रशासन के खिलाफ नाराजगी भी जताई। उधर, जेल प्रशासन ने परिजनों के आरोपों को खारिज किया है।

जेल अधिकारियों के अनुसार, गोनू दास की तबीयत बिगड़ने पर जेल के चिकित्सक ने उसकी जांच कर प्राथमिक उपचार किया था। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया। वहीं सदर अस्पताल से उसे एसकेएमसीएच रेफर कर दिया, जहां करीब दो घंटे तक चिकित्सकों ने इलाज किया, लेकिन उसकी मौत हो गई। इस बीच जेल प्रशासन के अनुसार डॉक्टर की निगरानी में शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

जिस योजना से जिंदगी बदलने की थी उम्मीद, वही अब बन गई चिंता और परेशानी का कारण

# 33 लाख के कर्ज में फंसीं मशरूम कलस्टर से जुड़ी मुजफ्फरपुर की जीविका दीदियां, बैंक की 15 दिन की मोहलत से बढ़ी बेचैनी

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी मशरूम क्लस्टर योजना अब मुजफ्फरपुर की गरीब महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का रास्ता नहीं, बल्कि आर्थिक संकट और मानसिक तनाव का कारण बनती दिख रही है। स्वावलंबन का सपना लेकर योजना से जुड़ीं 10 जीविका दीदियां अब 33 लाख रुपये से अधिक के कर्ज के बोझ में दब गई हैं। बैंक ने ऋण भुगतान के लिए अंतिम नोटिस जारी करते हुए 15 दिनों का अल्टीमेटम दिया है और भुगतान नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

मामला जिले के बोचहां प्रखंड की मझौली पंचायत के कर्णपुर/वाजितपुर गांव का है। यहां जीविका से जुड़ी महिलाओं की संस्था फूलमाला जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड को मशरूम उत्पादन के जरिए आत्मनिर्भर बनाने की योजना शुरू की गई थी। लेकिन जिस योजना से


बैंक द्वारा जारी नोटिस दिखाती मशरूम कलस्टर से जुड़ी जीविका दीदियां।

आर्थिक मजबूती की उम्मीद थी, वही अब महिलाओं के लिए परेशानी का सबब बन गई है। मिली

जानकारी के अनुसार, वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक, बोचहां शाखा से 10 महिला सदस्यों के नाम पर कुल 33 लाख 20 हजार रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया था। प्रत्येक महिला के हिस्से में करीब 3 लाख 32 हजार रुपये का ऋण आया। योजना के तहत मशरूम उत्पादन के लिए 8 कट्ठा 32 धुर जमीन 28 हजार रुपये वार्षिक किराये पर ली गई थी। साथ ही 'जक्ष ग्रेविटी एग्रो एंड एनर्जी' कंपनी के साथ पांच साल का करार किया गया था। समझौते में मशरूम की खरीद, 20 प्रतिशत मुनाफे पर बायबैक गारंटी और स्पॉन उपलब्ध कराने का दावा किया गया था। लेकिन महिलाओं का आरोप है कि योजना के अनुसार न तो उत्पादन के लिए मजबूत शेड तैयार हुआ और न ही मशरूम उत्पादन शुरू हो पाया। इसके बावजूद बैंक से ऋण की तीनों किस्तों की राशि निकासी दिखा दी गई। एक साल से अधिक समय बीतने के बाद बांस-बल्ली से बना अस्थायी शेड भी जर्जर होकर टूटने लगा है।

अब बिहार ग्रामीण बैंक ने ऋण भुगतान को लेकर महिलाओं को अंतिम चेतावनी जारी कर दी है। बैंक के नोटिस में कहा गया है कि जांच में पाया गया कि मशरूम उत्पादन के लिए शेड/हट का निर्माण नहीं हुआ है और योजना में कोई प्रगति नहीं दिख रही है। बैंक ने 15 दिनों के भीतर ब्याज सहित ऋण राशि जमा कर खाता बंद करने को कहा है, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। नोटिस मिलने के बाद महिलाओं की मुश्किलें बढ़ गई हैं। एक तरफ बैंक का दबाव, दूसरी तरफ जमीन मालिक की चिंता और घर-परिवार की परेशानियों ने उनकी स्थिति को गंभीर बना दिया है। महिलाओं का कहना है कि जिस योजना से जिंदगी बदलने की उम्मीद थी, वही अब उनके लिए चिंता और परेशानी का कारण बन गई है।

पीड़ित महिलाओं ने अब जिलाधिकारी और बोचहां प्रखंड परियोजना प्रबंधक को आवेदन देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। महिलाओं ने आग्रह किया है कि या तो मशरूम क्लस्टर योजना को दोबारा शुरू कराया जाए या फिर उन्हें बैंक ऋण से राहत दिलाने के लिए 'नो ड्यूज' की व्यवस्था की जाए। अब बड़ा सवाल यह है कि सरकारी योजना के नाम पर लिया गया ऋण यदि धरातल पर योजना शुरू हुए बिना ही महिलाओं के सिर पर बोझ बन गया, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? जांच के बाद ही इस पूरे मामले की वास्तविक तस्वीर साफ हो पाएगी।

# कौमी असातिजह तंजीम बिहार का चुनाव संपन्न, मो रफी सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** शिक्षा विभाग अब केवल नए-नए नियम बनाने तक सीमित रह गया है। एक नियम ठीक से लागू भी नहीं हो पाता कि दूसरा नियम बना दिया जाता है, जिससे शिक्षकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। वे मानसिक रूप से परेशान हैं और इसका सीधा असर शिक्षण कार्य पर पड़ रहा है। ये बातें गुरुवार को कौमी असातिजह तंजीम बिहार के चुनावी अधिवेशन को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष मो रफी ने कही।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2006 में प्रारंभिक शिक्षक नियोजन नियमावली, 2012 में बिहार नगर प्रारंभिक शिक्षक नियोजन नियमावली, 2023 में बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक नियमावली, बिहार राज्य विद्यालय शिक्षक (नियुक्ति, स्थानांतरण, अनुशासनात्मक कार्रवाई एवं सेवा शर्त) नियम, 2023, बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली तथा 2026 में बिहार राज्य शिक्षक स्थानांतरण नियमावली जैसी अनेक नियमावलियाँ बनाई गईं, लेकिन इनके कारण शिक्षकों की समस्याएँ कम होने के बजाय बढ़ती गईं। संगठन के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष के संबोधन से पूर्व कौमी असातिजह तंजीम बिहार की स्थापना के नौ वर्ष बाद पहली बार 22 जुलाई को संगठन का विधिवत चुनाव, मुजफ्फरपुर के हशमत पैलेस, चंदवारा में संपन्न हुआ। जिसमें संगठन के प्रदेश संयोजक मो रफी सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए। चुनावी बैठक के रिटर्निंग ऑफिसर एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मो रिजवान ने उनका नामांकन स्वीकार किया। अध्यक्ष पद के लिए केवल एक नामांकन प्राप्त होने के कारण उन्होंने मो रफी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया तथा उन्हें निर्वाचन प्रमाण-पत्र प्रदान किया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने उन्हें फूल-मालाओं से सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष



संगठन के निर्विरोध निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष को प्रमाण पत्र प्रदान करते संगठन के रिटर्निंग ऑफिसर मो रिजवान।

निर्वाचित होने के बाद मो रफी ने संगठन के उद्देश्यों को दोहराते हुए कहा कि उर्दू भाषा की पढ़ाई-लिखाई को सुनिश्चित करना तथा विशेष रूप से उर्दू शिक्षकों की समस्याओं का समाधान संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि उनकी पहली कोशिश होगी कि नवनिर्वाचित पूरी टीम को संगठित कर एकजुटता के साथ आगे बढ़ाया जाए। पूरे बिहार में संगठन की शाखाओ की स्थापना, सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं सहयोगियों का सम्मान, टीम भावना से कार्य करना, सरकार एवं शिक्षा विभाग की गलत नीतियों पर तत्काल हस्तक्षेप करना, आवश्यकता पड़ने पर लोकतांत्रिक विरोध-प्रदर्शन करना तथा उर्दू भाषा, उर्दू विद्यार्थियों और शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन चलाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी।

अध्यक्ष पद के साथ-साथ राज्य समिति के अन्य पदों पर भी सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न हुआ। संरक्षक पद पर अब्दुल हसीब, उपाध्यक्ष पद पर रजी अहमद तथा जाकिर हुसैन सिद्दीकी (समस्तीपुर), प्रधान महासचिव के पद पर मो ताजुद्दीन, कोषाध्यक्ष के पद पर मो जावेद आलम, मीडिया प्रभारी के पद पर वकार आलम, महासचिव एवं प्रवक्ता के पद पर शमशाद अहमद साहिल, महासचिव के पद पर मो मुमताजुल हक (मुजफ्फरपुर ) तथा मो मिन्हाज रब्बानी (सीतामढ़ी), प्रदेश प्रवक्ता के पद पर मो शाहनवाज अता (वैशाली), सचिव के पद पर शाकिर रजा (समस्तीपुर जिला प्रभारी), अबरार अहमद सिद्दीकी (सारण प्रमंडल एवं जिला संयोजक), बुशरा परवीन (मुजफ्फरपुर), मोहम्मद अकबर अली (वैशाली), अशरफुल इस्लाम नदवी (गोपालगंज), संगठन सचिव के पद पर नसीम अख्तर (मुजफ्फरपुर), दरभंगा प्रमंडल प्रभारी एवं जिला संयोजक दरभंगा के पद पर शौकत अली, सारण प्रमंडल प्रभारी के पद पर मो अली जफर, मुजफ्फरपुर जिला अध्यक्ष के पद पर सिबगतुल्लाह रहमानी तथा गोपालगंज जिला के कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर नबीउल्लाह अहसन निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण-पत्र एवं पुष्पमालाएँ देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ हाफि ज रिजवानुल्लाह की तिलावत-ए-कुरआन एवं नात-ए-पाक से हुआ। स्वागत एवं परिचयात्मक भाषण देते हुए प्रधान महासचिव मोहम्मद ताजुद्दीन ने कहा कि संगठन की स्थापना के समय से ही मो रफी ने उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार, शिक्षण व्यवस्था और शिक्षकों के अधिकारों के लिए पूरी निष्ठा के साथ संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि कौमी असातिजह तंजीम बिहार के प्रयासों से बिहार में अरबी एवं फारसी शिक्षकों की बहाली का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मो रफी के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा उर्दू भाषा एवं शिक्षकों के हितों की लड़ाई को नई दिशा मिलेगी। बैठक में राज्य कार्यकारिणी सदस्य मो रिजवान, मो हम्माद, जिला सचिव मो आफताब आलम, औराई से मो मन्नान, बोचहां अध्यक्ष मो जाहिद अनवर, सचिव जाकिर हुसैन, कटरा से जिला कार्यकारिणी सदस्य मो आजम, मंजर इस्माइल, नफीस अहमद, कांटी प्रखंड प्रभारी एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य जमशेद हुसैन, बंदरा प्रखंड से मो अलीमुद्दीन, मुजम्मिल हयात, सीतामढ़ी से मोहम्मद परवेज, हाजीपुर से वरिष्ठ उर्दू सेवक अजीमुद्दीन अंसारी, गोपालगंज से सब्र आलम, मोहम्मद आरिफ, अब्दुल वारिस परवेज, हाफि ज रिजवानुल्लाह तथा कारी जकी अनवर इरफानी सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया। अंत में संरक्षक अब्दुल हसीब के धन्यवाद ज्ञापन के साथ चुनावी अधिवेशन का समापन हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### नया सवेरा अभियान 3.0 के तहत बस स्टैंडों पर चला जागरूकता अभियान, मानव तस्करी रोकने के लिए पुलिस ने यात्रियों व बस कर्मियों को किया जागरूक

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में संचालित "नया सवेरा अभियान 3.0" के तहत सीतामढ़ी जिला में सीतामढ़ी पुलिस एवं अदिथी कवच परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में मानव तस्करी, बाल श्रम एवं बंधुआ मजदूरी उन्मूलन के उद्देश्य से जिला के विभिन्न बस स्टैंडों पर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) मो. नजीब अनवर के निर्देशन एवं पुलिस निरीक्षक सह शाखा प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान बस चालकों, कंडक्टरों, यात्रियों एवं आम नागरिकों को मानव तस्करी के विभिन्न रूपों, तस्करों के तौर-तरीकों तथा संदिग्ध गतिविधियों की पहचान एवं सूचना देने के संबंध में जागरूक किया गया। अभियान के दौरान बाल पुलिस टीम एवं अदिथी कवच परियोजना की टिम ने बताया कि मानव तस्करी केवल महिलाओं और बच्चों तक सीमित नहीं है, बल्कि बाल श्रम, जबरन मजदूरी, घरेलू कार्य, यौन शोषण, भीख मंगवाना तथा अन्य प्रकार के शोषण भी इसके अंतर्गत आते हैं। लोगों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की




बस पड़ावों पर नया सवेरा अभियान 3.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाती पुलिस की टीम।

सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें, ताकि समय रहते पीड़ितों को सुरक्षित किया जा सके। पुलिस निरीक्षक सुशील कुमार सिंह ने कहा, "नया सवेरा अभियान 3.0 का उद्देश्य केवल अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करना ही नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक कर मानव तस्करी, बाल श्रम एवं बंधुआ मजदूरी जैसी सामाजिक बुराइयों की रोकथाम में सहभागी बनाना है। जागरूक नागरिक ही इस अभियान की सबसे बड़ी शक्ति हैं।"बाल अधिकार कार्यकर्ता मुकुंद कुमार चौधरी ने कहा, "सीतामढ़ी पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से नया सवेरा अभियान 3.0 के माध्यम से जिस गंभीरता और निरंतरता के साथ जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, वह मानव तस्करी एवं बाल शोषण की रोकथाम की दिशा में एक सराहनीय पहल है। समाज की साझी भागीदारी से ही इस अपराध पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।" अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक धर्मजीत महतो, पीटीसी जितेंद्र कुमार सहित एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के पुलिसकर्मी एवं अदिथी कवच परियोजना की टीम सक्रिय रूप से शामिल रही।

### आपात स्थिति से निपटने के लिए सीतामढ़ी पुलिस की मॉक ड्रिल

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने की तैयारियों को और मजबूत करने के उद्देश्य से गुरुवार को पुलिस केंद्र, सीतामढ़ी में दंगा नियंत्रण (रायट कंट्रोल) मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) के नेतृत्व में संपन्न हुआ। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस बल को आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने, न्यूनतम समय में घटनास्थल पर



पुलिस केंद्र, सीतामढ़ी में गुरुवार को आयोजित दंगा नियंत्रण (रायट कंट्रोल) मॉक ड्रिल में आपात स्थिति से निपटने का अभ्यास करते पुलिस अधिकारी एवं जवान।

पहुंचकर स्थिति का आकलन करने, प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा विभिन्न इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय के साथ कार्रवाई करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। जवानों ने दंगा नियंत्रण के विभिन्न उपायों और रणनीतियों का प्रदर्शन करते हुए संभावित चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से निपटने का अभ्यास किया। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के नियमित अभ्यास से पुलिस बल की परिचालन क्षमता, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली और संसाधनों के प्रभावी उपयोग में और अधिक दक्षता आती है। साथ ही विधि-व्यवस्था संबंधी किसी भी चुनौती का समन्वित एवं प्रभावी ढंग से सामना करने की तैयारियां मजबूत होती हैं। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस अधिकारियों ने जवानों को अनुशासन, संयम और पेशेवर दक्षता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा एवं जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल पूरी तरह सतर्क और तैयार है।

## दिल्ली सहित पूरे देश में आंदोलनरत छात्रों पर बर्बरतापूर्ण पुलिसिया कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आक्रोश मार्च निकाला

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर दिल्ली सहित पूरे देश में आंदोलनरत छात्रों पर बर्बरतापूर्ण पुलिसिया कार्रवाई, छात्रों की मांगों का समर्थन कर रहे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित विपक्षी सांसदों के साथ बदसलूकी एवं प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम पर किए गए हमले से नाराज जिला कांग्रेस कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना के मार्गदर्शन में गांधी मैदान से वीर कुंवर सिंह चौक तक आक्रोश मार्च निकालते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारी भाजपा सरकार मुदार्बाद, छात्रों पर जुल्म बंद करो, धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त करो का नारा लगा रहे थे।

प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मो. अफाक खान, संजय कुमार बिररख, रितेश रमण सिंह, डॉ राजीव कुमार काजू, मो शम्स शाहनवाज, मनोज कुमार सिंह, अंजारुल हक तौहीद, आलोक सिंह राठौर, आफताब अंजुम बिहारी, एनएसयूआई अध्यक्ष सक्षम कुमार, महिला नगर अध्यक्ष ऋतु ठाकुर ने कहा कि कहा कि मोदी सरकार देश के करोड़ों छात्रों के भविष्य को बर्बाद करने पर तुली हुई है। शिक्षा व्यवस्था एवं पेपर लीक को रोकने की बजाए सरकार के इशारे पर पुलिस आंदोलनरत छात्रों पर अत्याचार कर रही है। पिछले 10 वर्षों में 152 पेपर लीक होने से 7.5 करोड़ छात्र प्रभावित हुए और धरने पर बैठे हजारों छात्रों के भविष्य की सुरक्षा के लिए संसद से सड़क तक



वीर कुंवर सिंह चौक पर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

संघर्ष कर रहे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की इस लड़ाई में कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता उनके साथ खड़ा है। पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था का बंटाधार करने वाले केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अविलंब बर्खास्त किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को छात्रों के साथ हुए पुलिसिया बर्बरता और मारपीट के लिए के लिए माफी मांगनी चाहिए।

प्रदर्शन में ताराकांत झा, घनश्याम मिश्र, प्रो.राम प्रवेश कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह राठौर, चन्द्रभूषण सिंह, चुन्नू सिंह, संजय कुमार शर्मा, अजय कुमार मिश्र, यूसुफ अंसारी, वीरेंद्र कुशवाहा, विवेक कुमार झा, वीरेंद्र कुशवाहा, धीरज कुमार सिंह, पंकज कुमार, शैलेन्द्र खिरहर, राजेश राय, जैनेन्द्र कुमार राम, मोबास्सिर खान, राजू कुमार, आदित्य सिंह, प्रिंस कुमार, केशव भारद्वाज, इंदल पासवान, कुंदन पासवान, श्याम कुमार, मुकेश कुमार कुशवाहा, विक्की कुमार, सुप्रिया कुमारी, उमा देवी, वेदांशु कुमार, पंकज चौधरी आदि मुख्य रूप से शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने बिहार में 211 कॉलेजों में हो रही फर्जी नियुक्तियों को भी रोकने की मांग की।

## सेटेलाइट प्रोजेक्ट की वापसी, अमेरिका से कृषि ट्रेड डील रद्द करने को पीएम तथा सीएम का पुतला दहन

### सेटेलाईट सीतापुरम प्रोजेक्ट वापसी को 9 अगस्त को किसान महापंचायत

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** देश तथा राज्यव्यापी किसान आन्दोलन के ऐलान के तहत सेटेलाईट सीटी प्रोजेक्ट की वापसी तथा भारत अमेरिका कृषि ट्रेड डील के खिलाफ भूमि बचाओ संघर्ष समिति, सेटेलाईट सीतापुरम प्रोजेक्ट, सीतामढ़ी के तत्वावधान में निगम क्षेत्र के पुनौरा बाजार चौक पर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी तथा बिहार के मुख्य मंत्री सम्राट चौधरी का पुतला दहन किया गया तथा प्रदर्शन कर आक्रोशपूर्ण नारेबाजी की गई।

किसान-मजदूर सेटेलाईट सीतापुरम प्रोजेक्ट वापस लो, 45 प्रतिशत जमीन छीनना बंद करो, जान दे देंगे-जमीन नही देंगे, लैंड लौक वापस लो, सीता मंदिर शीघ्र बनाओ, अमेरिका से कृषि पर ट्रेड डील रद्द करो, किसानों को अमेरिकी गुलाम बनाना बंद करो, भारत में अमेरिकी कृषि उत्पाद का आयात बंद करो, किसान-मजदूरों के बच्चे-बच्चियों का दमन बंद करो, छात्र-नवजवानों की मांगे पूरी करो का नारा लगाते हुए बाजार में प्रदर्शन किया। पुतला दहन से पूर्व भूमि बचाओ संघर्ष समिति की बैठक समिति के कार्यालय में समिति के संरक्षक बैधनाथ हाथी की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में समिति के सदस्य तथा सर्व सेवासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री प्रो. आनन्द किशोर ने कहा कि बहरी हूकूमत किसानों की आवाज नही सुनती तो आन्दोलन तेज करना होगा। हमे अगले आन्दोलन की तैयारी के लिए सेटेलाईट सीतापुरम प्रोजेक्ट से प्रभावित गांवों के किसानों का शीघ्र महापंचायत बुलाना होगा। समिति के संयोजक संतोष कुमार सिंह के सुझाव पर सर्वसम्मति से 9 अगस्त को पुनौरा में महापंचायत आयोजित करने पर सहमति बनी तथा सभी प्रभावित गांवों के किसानों से 9 अगस्त को पुनौरा पंहुचने की अपील की गई। नौ अगस्त से पूर्व प्रभावित गांवों में समिति के सदस्यों के भ्रमण, बैठक तथा मोबाईल से भी संपर्क कर किसानों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।महापंचायत में किसानों की राय से आगामी आन्दोलन का ऐलान किया जायगा। बैठक में समिति के सदस्य प्रेमचन्द्र सिंह, जलंधर यदुबंशी, शंभू कुमार यादव, धीरज कुमार सिंह, मो. अनवर अली अंसारी, नवीन कुमार सिंह, अश्विनी कुमार मिश्र, लक्ष्मी ठाकुर, जितेन्द्र हाथी, रामानन्द सिंह, गुड्डू हाथी, बिकाउ महतो, ललन प्रसाद यादव, जगन्नाथ महतो, बैधनाथ ठाकुर, शिबजी महतो ने अपना विचार रखा तथा सेटेलाइट सीतापुरम प्रोजेक्ट के खिलाफ सभी गांवो के किसान-मजदूरों से संघर्षअभियान तेज करने की अपील की।




पीएम तथा सीएम का पुतला दहन कर प्रदर्शन करते किसान-मजदूर नेता।

**नीट मामले में किसानों के बेटे-बेटियों के दमन के लिए सरकार माफी मांगे और उनकी मांगे पूरी करे**

## शिक्षकों, किसानों और महिलाओं के साथ भेदभाव कर रही है बिहार सरकार : राजेंद्र महतो चंद्रवंशी

### दाखिल-खारिज शुल्क, भूमि कर, शिक्षक स्थानांतरण नीति और ऐप आधारित हाजिरी व्यवस्था पर सरकार को घेरा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** अति पिछड़ा आरक्षण बचाओ संघर्ष मोर्चा के जिला संयोजक एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र महतो चंद्रवंशी ने बिहार सरकार की विभिन्न नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार किसानों, शिक्षकों, महिलाओं और आम जनता के हितों की अनदेखी कर रही है। यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में राजेंद्र महतो ने कहा कि दाखिल-खारिज आवेदन पर 200 शुल्क लेना आम जनता का आर्थिक शोषण है।

इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की जमीन पर 1200 वार्षिक कर लगाए जाने को उन्होंने किसान, गरीब और मजदूर विरोधी कदम बताया। उन्होंने शिक्षक स्थानांतरण की नई नीति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जारी शेड्यूल में बीमार शिक्षकों, शिक्षिकाओं और महिला शिक्षिकाओं की विशेष परिस्थितियों का पर्याप्त ध्यान नहीं रखा गया है, जो अन्यायपूर्ण है। राजेंद्र महतो ने शिक्षा मंत्री और कृषि मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों मंत्री अपने-अपने विभागों की वास्तविक समस्याओं से अनभिज्ञ हैं और सरकार जनहित के मुद्दों से दूर होती जा रही है। महिला पुलिसकर्मियों को स्कूटी देने की योजना पर उन्होंने कहा कि यदि सरकार महिला कर्मियों की सुविधा के लिए वाहन उपलब्ध कराना चाहती है, तो यह सुविधा केवल पुलिस विभाग तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनबाड़ी एवं अन्य विभागों में कार्यरत महिला कर्मचारियों को भी समान सुविधा मिलनी चाहिए, क्योंकि वे भी दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में कठिन परिस्थितियों में अपनी सेवाएं देती हैं।



अति पिछड़ा आरक्षण बचाओ संघर्ष मोर्चा के जिला संयोजक एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र महतो चंद्रवंशी।

उन्होंने शिक्षकों के परिधान और ऐप आधारित उपस्थिति प्रणाली पर भी आपत्ति जताते हुए कहा कि यदि ऐसे नियम बनाए जा रहे हैं तो उन्हें सभी सरकारी कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों पर समान रूप से लागू किया जाना चाहिए।

केवल शिक्षकों पर अलग नियम लागू करना उनके मौलिक अधिकारों के साथ भेदभाव है। राजेंद्र महतो ने आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों में सरकारी शिक्षकों को विभिन्न नियमों और व्यवस्थाओं के माध्यम से मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया है। उन्होंने दावा किया कि ऐप आधारित हाजिरी प्रणाली के कारण कई शिक्षकों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में उनकी जान भी गई है। उन्होंने सरकार से मांग की कि शिक्षकों, किसानों, महिलाओं और आम जनता से जुड़े मुद्दों पर संवेदनशीलता के साथ पुनर्विचार किया जाए तथा सभी कर्मचारियों के लिए समान और न्यायसंगत नियम लागू किए जाएं।

# वैशाली में अभिषेक झा का जनसंपर्क अभियान तेज, हजारों मतदाताओं से संवाद किया

**वैशाली/मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** एनडीए समर्थित तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी अभिषेक झा का जनसंपर्क अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। गुरुवार को उन्होंने वैशाली जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर हजारों मतदाताओं, शिक्षकों एवं एनडीए कार्यकताओं से संवाद स्थापित किया। चुनावी सभाओं और मतदाता मिलन कार्यक्रमों में उन्हें व्यापक समर्थन एवं उत्साहपूर्ण स्वागत मिला। दिन की शुरूआत हाजीपुर के दिग्घी स्थित डाइट परिसर से हुई, जहां अभिषेक झा ने सैकड़ों शिक्षकों से मुलाकात कर उनसे समर्थन की अपील की।



कार्यक्रम में मतदाताओं, शिक्षकों एवं एनडीए कार्यकताओं से संवाद करते अभिषेक झा व मंचासीन अन्य।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि निर्वाचित होने पर स्नातक मतदाताओं एवं शिक्षकों के हितों की प्रभावी आवाज बनेंगे। शिक्षकों ने उनका स्वागत करते हुए समर्थन का आश्वासन दिया। इसके बाद वे बेलसर प्रखंड के प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, सौरहथा पहुंचे, वहां भी उन्होंने शिक्षकों के साथ संवाद स्थापित किया और अपने विजन से उन्हें अवगत कराया। यहां भी उपस्थित शिक्षकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया तथा समर्थन देने का भरोसा जताया। तत्पश्चात अभिषेक झा बेलसर बाजार स्थित महेश चौक पहुंचे, जहां आयोजित मतदाता मिलन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने एनडीए की नीतियों एवं अपनी प्राथमिकताओं को विस्तार से रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू बेलसर प्रखंड अध्यक्ष प्रेम निषाद ने की। समारोह में बड़ी संख्या में एनडीए के नेता, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया और जीत का विश्वास व्यक्त किया।

इसके बाद अभिषेक झा वैशाली प्रखंड के कृष्णा विवाह भवन में आयोजित विशाल मतदाता मिलन समारोह में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में जिले भर से एनडीए के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं की उपस्थिति रही। नेताओं ने अभिषेक झा के पक्ष में समर्थन की अपील की, जबकि मतदाताओं ने जोरदार समर्थन का भरोसा देते हुए उन्हें अग्रिम विजय की शुभकामनाएं भी दीं। रात्रि लगभग 8 बजे अभिषेक झा हाजीपुर नगर के वार्ड संख्या 13 एवं 14 के मतदाताओं के बीच पहुंचे। सीढ़ी घाट, वार्ड-13 स्थित श्री आनंद मोहन जी के आवास पर आयोजित मतदाता मिलन कार्यक्रम में उन्होंने मतदाताओं एवं कार्यकताओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने चुनाव के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए अपने विजन को साझा किया और समर्थन की अपील की। उपस्थित लोगों ने उनका आत्मीय स्वागत करते हुए पूर्ण सहयोग एवं समर्थन का भरोसा दिलाया।

पूरे दिन के जनसंपर्क अभियान में जदयू वैशाली जिला अध्यक्ष सुभाष चंदा लगातार अभिषेक झा के साथ रहे और विभिन्न कार्यक्रमों में मतदाताओं से उनके पक्ष में समर्थन की अपील करते रहे। लगातार हो रहे जनसंपर्क, शिक्षकों से संवाद और मतदाता मिलन कार्यक्रमों से तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में अभिषेक झा के चुनाव अभियान को लगातार मजबूती मिलती दिखाई दे रही है।

## सम्पादकीय

## पेपर लीक पर आक्रोश स्वाभाविक समाधान का रास्ता सौहार्दपूर्ण संवाद से

युवाओं के सपनों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय अस्वीकार्य है, लेकिन लोकतंत्र में अपनी माँग संयम, संवैधानिक मर्यादा और शांतिपूर्ण वातावरण में रखना ही सबसे बड़ी ताकत है

देश का कोई भी युवा जब प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता है, तो वह केवल एक परीक्षा नहीं देता, बल्कि अपने परिवार की उम्मीदों, वर्षों की मेहनत, आर्थिक संघर्ष और भविष्य के सपनों की भी परीक्षा देता है। कई अभ्यर्थी दिन-रात पढ़ाई करते हैं, परिवार अपनी सामर्थ्य से अधिक खर्च करता है और वर्षों का धैर्य एक प्रश्नपत्र पर टिका होता है। ऐसे में यदि कभी किसी परीक्षा में पेपर लीक जैसी घटना सामने आती है, तो उससे केवल परीक्षा की गोपनीयता ही नहीं टूटती, बल्कि लाखों युवाओं का विश्वास भी गहरे स्तर पर प्रभावित होता है।

यही कारण है कि पेपर लीक की घटनाएँ समाज में स्वाभाविक रूप से चिंता, निराशा और आक्रोश पैदा करती हैं। यह आक्रोश अनुचित नहीं है, क्योंकि युवाओं की मेहनत और ईमानदारी का सम्मान होना चाहिए। लेकिन लोकतंत्र की परिपता इस बात से तय होती है कि इस आक्रोश को किस दिशा में ले जाया जाता है। यदि यह संवाद, संवैधानिक प्रक्रिया और शांतिपूर्ण अभिव्यक्ति का रूप लेता है, तो वह व्यवस्था को सुधारने की शक्ति बनता है। यदि यह टकराव, अविश्वास और अशांति में बदल जाए, तो सबसे अधिक नुकसान उसी समाज को होता है, जिसके हित की बात की जा रही होती है।

पेपर लीक केवल एक परीक्षा की समस्या नहीं है। यह विश्वास की समस्या है। परीक्षा प्रणाली का आधार निष्पक्षता है। यदि निष्पक्षता पर प्रश्न उठते हैं, तो मेहनत करने वाले युवाओं के मन में यह आशंका जन्म लेती है कि कहीं उनकी सफलता या असफलता उनकी योग्यता से अधिक किसी अव्यवस्था पर निर्भर न हो जाए। इसलिए किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहली जिम्मेदारी है कि परीक्षा प्रणाली पारदर्शी, सुरक्षित और विश्वसनीय बनी रहे।

साथ ही, यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि युवाओं की आवाज को गंभीरता से सुना जाए। लोकतंत्र में नागरिकों को अपनी बात रखने, प्रश्न पूछने और सुधार की माँग करने का पूरा अधिकार है। यह अधिकार संविधान ने दिया है और यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति भी है। लेकिन अधिकारों की प्रभावशीलता तब और बढ़ जाती है, जब उन्हें संयम, शालीनता और संवैधानिक मर्यादाओं के साथ व्यक्त किया जाए।

इतिहास बताता है कि अनेक सकारात्मक परिवर्तन शांतिपूर्ण जनभागीदारी और संवाद से संभव हुए हैं। तर्क, तथ्य और धैर्य से रखी गई माँगें अधिक व्यापक समर्थन प्राप्त करती हैं। शांतिपूर्ण वातावरण में व्यक्त की गई आवाज न केवल अधिक प्रभावशाली होती है, बल्कि समाज का विश्वास भी जीतती है। इसके विपरीत, तनावपूर्ण परिस्थितियाँ अक्सर मूल मुद्दे से ध्यान भटका देती हैं।

आज आवश्यकता इस बात की है कि परीक्षा प्रणाली को तकनीकी रूप से और अधिक मजबूत बनाया जाए। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, डिजिटल निगरानी, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही, त्वरित जाँच, दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष एवं कठोर कार्रवाई तथा समयबद्ध न्याय ऐसे कदम हैं, जो युवाओं का विश्वास पुनः स्थापित कर सकते हैं। साथ ही, यदि किसी परीक्षा में अनियमितता सिद्ध होती है, तो प्रभावित अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा भी प्राथमिकता होनी चाहिए।

समाज की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। विद्यार्थियों का मनोबल बनाए रखना, अफवाहों से बचना, अपुष्ट सूचनाओं के प्रसार से परहेज करना और तथ्यपरक चर्चा को बढ़ावा देना आज की आवश्यकता है। सोशल मीडिया के दौर में एक असत्य सूचना भी हजारों युवाओं में भ्रम और निराशा फैला सकती है। इसलिए संयमित अभिव्यक्ति और सत्यापित जानकारी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का हिस्सा है।

प्रशासन और सरकार के लिए भी यह अवसर है कि वे युवाओं के विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। समय पर संवाद, पारदर्शी जानकारी और निष्पक्ष कार्रवाई किसी भी आशंका को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब व्यवस्था खुलकर संवाद करती है, तब विश्वास मजबूत होता है और अनिश्चितता कम होती है।

# शुरुआती सौ दिनों का कंपास और विकास



प्रेम प्रकाश

देश की राजधानी में छात्रों के संसद मार्च के बाद कई प्रदेशों की राजधानियों और दूसरे शहरों में छात्र सड़कों पर उतर आए हैं। बिहार की राजधानी पटना इसमें सर्वप्रमुख है। शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था को लेकर छात्रों-युवाओं के मन में गहरा आक्रोश है।

लोकतंत्र में व्यवस्थागत चुस्ती के लिहाज से नागरिक प्रतिक्रियाओं का अपना महत्व है। इन नागरिक प्रतिक्रियाओं और अपेक्षाओं का ही असर है कि विकास के विजन और मॉडल के एक से बढ़कर एक टैंपलेट सरकारों की तरफ से सामने आए हैं।

बात अकेले बिहार की करें तो हालिया विधानसभा चुनाव के बाद नए राजनीतिक घटनाक्रम के बाद बनी सम्राट चौधरी की सरकार के सौ दिन पूरे हो रहे हैं। वैसे तो लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी सरकार के पहले 100 दिन उसके पूरे कार्यकाल का अंतिम मूल्यांकन नहीं होते, लेकिन वे उसकी कार्यशैली, प्राथमिकताओं और विकास-दृष्टि का स्पष्ट संकेत अवश्य देते हैं।

यही वह समय होता है जब चुनावी संकल्प नीतिगत निर्णयों का रूप लेते हैं और यह स्पष्ट होने लगता है कि सरकार राज्य को किस दिशा में आगे ले जाना चाहती है। बिहार में सम्राट सरकार के पहले 100 दिन भी इसी दृष्टि से महत्वपूर्ण रहे हैं। इन शुरुआती दिनों में सरकार ने केवल घोषणाओं तक स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, डिजिटल गवर्नेंस और आधारभूत संरचना जैसे क्षेत्रों में ऐसे निर्णय लिए, जिनका उद्देश्य विकास की गति तेज करने के साथ प्रशासन को अधिक प्रभावी और उत्तरदायी बनाना है।

बिहार की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत कृषि है। इसलिए सरकार ने शुरुआत इसी क्षेत्र से की। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों के खातों में 260.71 करोड़ की कृषि इनपुट सब्सिडी सीधे डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। इसके साथ ही कृषि को केवल उत्पादन तक सीमित न रखकर डेयरी और मत्स्य क्षेत्र को भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बनाने की दिशा में पहल की गई।

कॉम्फेड, नाफेड और आईओसीएल के साथ हुए समझौते तथा 8,000 से अधिक नए सुधा बिक्री केंद्रों के विस्तार की योजना इस बात का संकेत देती है कि सरकार कृषि को मूल्य संवर्धन और बाजार से जोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सरकार ने गरीब और निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत देने वाले निर्णय लिए। मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष की वार्षिक आय सीमा 2.5 लाख से बढ़ाकर 4 लाख कर दी गई, जिससे अधिक परिवार गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सरकारी सहायता प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही बिहार गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम का विस्तार और बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की स्थापना की दिशा में पहल यह संकेत देती है कि सरकार केवल चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि स्वास्थ्य शिक्षा और संस्थागत क्षमता को भी मजबूत करना चाहती है।

सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में सरकार ने 94 लाख से अधिक पेंशनधारियों के लिए समयबद्ध प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) की व्यवस्था सुनिश्चित की। प्रत्येक माह निर्धारित तिथि तक पेंशन राशि लाभार्थियों के खातों में पहुंचाने का निर्णय प्रशासनिक जवाबदेही और पारदर्शिता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है। इससे बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और अन्य पात्र लाभार्थियों के लिए सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था अधिक भरोसेमंद बनने की उम्मीद है।

यदि पहले 100 दिनों के सबसे दूरगामी

### बिहार में सम्राट सरकार के पहले 100 दिन

निर्णयों की बात की जाए तो उद्योग और निवेश का क्षेत्र विशेष रूप से उल्लेखनीय दिखाई देता है। सरकार ने निवेश प्रक्रियाओं को सरल और समयबद्ध बनाने के लिए उद्योगों से संबंधित स्वीतियों की अधिकतम अवधि 30 दिन निर्धारित करने तथा निर्धारित समय में निर्णय न होने पर डीम्ड क्लीयरेंस की व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही स्टेट इन्वेस्टमेंट प्रमोशन बोर्ड (एसआईपीबी) को अधिक प्रभावी बनाने और बिहार बिजनेस कनेक्ट 2026 की तैयारियों को गति देने का प्रयास यह दर्शाता है कि सरकार राज्य को निवेश और रोजगार के नए केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहती है।

शिक्षा के क्षेत्र में भी सरकार ने भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। भागलपुर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं कंप्यूटर साइंस विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर में आर्किटेक्चर एवं सिविल इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय तथा पटना में यूनिवर्सिटी ऑफ फिजिक्स एंड साइंसेज की स्थापना की घोषणा राज्य की उच्च शिक्षा को नई दिशा देने वाला कदम माना जा सकता है।

इसके साथ ही राज्यभर में 544 आधुनिक मॉडल स्कूल विकसित करने का निर्णय यह संकेत देता है कि सरकार स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और सरकारी विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की दिशा में भी गंभीर है।

डिजिटल गवर्नेंस को भी पहले 100 दिनों की प्राथमिकताओं में प्रमुख स्थान मिला है। बीएसडब्ल्यूएएन 3.0, मुख्यमंत्री डिजिटल लाइब्रेरी योजना, बिहार साइबर सिक्योरिटी रिस्पन्स सेंटर तथा बिहार एआई समिट 2026 जैसी पहलें यह दर्शाती हैं कि सरकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल तकनीक को केवल सूचना प्रौद्योगिकी का विषय नहीं, बल्कि सुशासन और बेहतर सार्वजनिक सेवा वितरण का माध्यम मान रही है। प्रशासन में तकनीक के बढ़ते उपयोग से पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता बढ़ने की संभावना है।

आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी सरकार ने सड़क, पुल, ऊर्जा और सार्वजनिक परिवहन से जुड़ी कई परियोजनाओं को गति देने का प्रयास किया है। कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन गंगा पुल, मीठापुर-सिपारा एलिवेटेड रोड तथा उत्तरी गंगा पथ जैसी परियोजनाएं राज्य की कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधियों को नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। ऊर्जा अवसंरचना के विस्तार और सार्वजनिक परिवहन के आधुनिकीकरण की दिशा में उठाए गए कदम भी इसी व्यापक विकास दृष्टि का हिस्सा हैं।

इन सभी पहलों के बीच एक बात स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आती है कि सरकार ने विकास को केवल निर्माण कार्यों या योजनाओं की घोषणा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि प्रशासनिक सुधार, तकनीक आधारित शासन, निवेश, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा को एक साथ आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। निश्चित रूप से इन निर्णयों की वास्तविक सफलता उनके प्रभावी क्रियान्वयन और आम लोगों के जीवन में दिखाई देने वाले बदलाव से तय होगी।

फिर भी पहले 100 दिनों ने यह संकेत अवश्य दिया है कि सरकार कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को आधुनिक उद्योग, ज्ञान, तकनीक और निवेश से जोड़ते हुए बिहार के विकास का नया खाका तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। यदि यही निर्णय क्षमता, नीति की निरंतरता और क्रियान्वयन की गति आगे भी बनी रहती है, तो ये शुरुआती सौ दिन आने वाले वर्षों में बिहार के विकास की मजबूत आधारशिला साबित हो सकते हैं।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)*

*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

## आयुर्वेदिक कफ सिरप : खांसी से राहत का एक प्राकृतिक उपाय

**बदलते मौसम**, बढ़ते प्रदूषण स्तर और मौसमी संक्रमणों के कारण श्वसन संबंधी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में आयुर्वेद विशेषज्ञ खांसी और गले की असुविधा के प्रबंधन के लिए प्राकृतिक उपचारों के महत्व पर जोर दे रहे हैं। आयुर्वेदाचार्यों के अनुसार, डॉबर हनिटस जैसे हर्बल कफ सिरप न केवल खांसी के लक्षणों को शांत करने में मदद करते हैं, बल्कि संपूर्ण श्वसन स्वास्थ्य को भी समर्थन प्रदान करते हैं।

आयुर्वेदिक चिकित्सक डा. सुजाता चौधरी ने कहा, खांसी शरीर की एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से श्वसन तंत्र से उत्तेजक तत्वों और अतिरिक्त बलगम को बाहर निकाला जाता है। आयुर्वेद केवल लक्षणों से राहत देने पर ही नहीं, बल्कि श्वसन संबंधी असुविधा के मूल कारण बनने वाले असंतुलन को दूर करने पर भी ध्यान देता है। आयुर्वेद में पारंपरिक रूप से उपयोग की जाने वाली औषधीय जड़ी-बूटियां गले की जलन को शांत करने, श्वसन क्रिया को सहयोग देने और बिना किसी कठोर रासायनिक तत्वों पर निर्भर हुए राहत प्रदान करने में सहायक होती हैं।

आयुर्वेद में लंबे समय से तुलसी, मुलेठी, बनफ्शा, कंटकारी, सोंठ (सूखी अदरक) और वासा (वसाका) जैसी औषधीय जड़ी-बूटियों का उपयोग किया जाता रहा है। ये जड़ी-बूटियां अपने गले को आराम पहुंचाने वाले, कफ निकालने में सहायक तथा प्रतिरक्षा प्रणाली को समर्थन देने वाले गुणों के लिए जानी जाती हैं। इनका संयुक्त प्रभाव खांसी से राहत देने, गले की खराश को कम करने और श्वास लेने में आसानी प्रदान करने में मदद करता है।

डा. चौधरी ने आगे कहा, जहां पारंपरिक कफ दवाएं अक्सर केवल लक्षणों को दबाने पर केंद्रित होती हैं, वहीं आयुर्वेदिक फर्मूलेशन शरीर की प्राकृतिक प्रणालियों को संतुलित करने का प्रयास करते हैं। सावधानीपूर्वक चुनी गई जड़ी-बूटियां श्वसन तंत्र को आराम देने, बलगम को ढीला करने और मौसमी खांसी के दौरान राहत प्रदान करने में मदद कर सकती हैं।

विश्वसनीय आयुर्वेदिक कफ फॉर्मूलेशनों में डाबर हनिटस एक प्रमुख नाम है, जो श्वसन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी कई आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के गुणों से युक्त है। यह सिरप खांसी और गले की जलन से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है तथा इसमें समय-परीक्षित आयुर्वेदिक अवयवों के चिकित्सीय गुणों का लाभ मिलता है।

# छात्र आंदोलन, कॉकरोच जनता पार्टी और ग्रहों के संकेत



बी कृष्णा

(ज्योतिष, योग एवं आध्यात्मिक चिंतक)

**स्वतंत्र भारत** के इतिहास में जन आंदोलनों ने समय समय पर केवल सरकारों को चुनौती नहीं दी, बल्कि शासन, समाज और लोकतांत्रिक चेतना की दिशा को भी प्रभावित किया है। स्वतंत्र भारत अब तक दो ऐसे बड़े जन आंदोलनों का साक्षी रहा है, जिन्होंने राष्ट्रीय राजनीति पर गहरी छाप छोड़ी।

6 जून 2026 को जंतर मंतर से प्रारंभ हुआ छात्र आंदोलन, जो प्रतियोगी परीक्षाओं विशेषकर नीट में कथित अनियमितताओं तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर केंद्रित था, शीघ्र ही अपने मूल दायरे से आगे बढ़कर राष्ट्रीय विमर्श का विषय बन गया। वर्तमान आंदोलन को लेकर राजनीतिक विश्लेषक अपनी अपनी व्याख्याएँ प्रस्तुत कर रहे हैं। समाजशास्त्री इसे सामाजिक परिवर्तन की दृष्टि से देख रहे हैं, राजनीतिक दल अपने अपने निष्कर्ष निकाल रहे हैं। ऐसे में एक प्रश्न भारतीय ज्योतिष के अध्येता के मन में भी स्वाभाविक रूप से उठता है, इस समय ग्रह क्या संकेत दे रहे हैं।

आइए, इस प्रश्न को भारतीय ज्योतिष की दृष्टि से समझने का प्रयास करें और देखें कि वर्तमान ग्रह स्थितियाँ इस आंदोलन के वर्तमान तथा संभावित भविष्य के बारे में क्या संकेत देती हैं।

### ज्योतिषीय संकेत

भारतवर्ष की वर्तमान विंशोत्तरी दशा मंगल राहु बुध की चल रही है। राष्ट्र की जन्म कुंडली तथा दशमांश कुंडलीय दोनों का सूक्ष्म अध्ययन कुछ ऐसे ग्रहयोगों की ओर संकेत करता है, जिनकी अनदेखी नहीं की जा सकती।

राष्ट्र की जन्म कुंडली में मंगल द्वादशेष एवं अष्टमेष होकर द्वितीय भाव में स्थित है। राहु लग्न में स्थित है तथा बुध द्वितीयेश एवं पंचमेश होकर तृतीय भाव में स्थित है। साथ ही मंगल पर अष्टमेष गुरु की दृष्टि है। ज्योतिष के सिद्धांतों के अनुसार द्वादश भाव का संबंध बाह्य स्रोतों, परोक्ष गतिविधियों एवं विदेशी संपर्कों से, द्वितीय भाव का संबंध धन एवं संसाधनों से, पंचम भाव का संबंध विद्यार्थियों एवं युवा शक्ति से तथा राहु का संबंध असामान्य, छद्म अथवा पर्दे के पीछे संचालित गतिविधियों से माना गया है।

दशमांश कुंडली का परीक्षण करें, तो वहाँ भी उल्लेखनीय रूप से समान संकेत प्राप्त होते हैं। दशमांश में मंगल पुनः द्वितीयेश है तथा द्वादश भावस्थ राहु के प्रभाव में है। बुध पंचम भाव में स्थित है तथा राहु का राश्याधिपति शनि सप्तम भाव में स्थित होकर बाह्य संपर्कों एवं संगठित सहभागिता के संकेतों को और प्रबल करता है।

इन ग्रहयोगों के संयुक्त अध्ययन से पहला संकेत यह प्राप्त होता है कि इस आंदोलन के पीछे आर्थिक संसाधनों अथवा सहयोगी तंत्र की भूमिका हो सकती है, जिसका स्रोत प्रत्यक्ष रूप से स्पष्ट न हो। द्वादश और द्वितीय भाव का परस्पर संबंध यह संकेत देता है कि संसाधनों की उपलब्धता सामान्य जन आंदोलन की अपेक्षा अधिक संगठित अथवा बाह्य प्रभावों से संबद्ध हो सकती है।

दूसरा संकेत पंचम भाव, राहु तथा मंगल के परस्पर संबंध से प्राप्त होता है। पंचम भाव विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि लग्नस्थ राहु और अष्टमेश से संबद्ध मंगल आंदोलन के पीछे किसी गहरे और प्रत्यक्षतः अप्रकट उद्देश्य की संभावना की ओर संकेत करते हैं। ज्योतिषीय दृष्टि से यह योग इस संभावना को बल देता है कि छात्र समुदाय इस पूरे घटनाक्रम का प्रत्यक्ष चेहरा हो सकता है, जबकि उसके समानांतर कुछ व्यापक राजनीतिक, वैचारिक अथवा सामाजिक उद्देश्य भी सक्रिय हों। दूसरे शब्दों में, छात्र आंदोलन स्वयं अंतिम लक्ष्य न होकर किसी बड़े घटनाक्रम का माध्यम भी बन सकता है।

इस प्रकार जन्मकुंडली और दशमांशय दोनों में समान प्रकार के योगों का पुनरावर्तन इस विश्लेषण को विशेष महव प्रदान करता है।

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की वर्ष कुंडली में पंचमेश एवं द्वादशेष का उच्चस्थ अष्टमेश के साथ लग्न में संबंध भी विद्यार्थियों, बाह्य प्रभावों तथा अष्टम भाव से संबंधित अप्रकट एवं संभावित षड्यंत्रकारी गतिविधियों के परस्पर संबंध का संकेत देकर वर्तमान दशा से प्राप्त निष्कर्षों को और अधिक पुष्ट करता प्रतीत होता है।

दशागत संकेतों के साथ वर्तमान गोचर भी अत्यंत महवपूर्ण हैं। अतिचारी गुरु का पुष्य नक्षत्र में गोचर तथा सूर्य, शनि और मंगल से उसका संबंध छत्र भंग योग का निर्माण कर रहा है। साथ ही, गोचरस्थ गुरु भारतवर्ष की राष्ट्रकुंडली में दशमेश के ऊपर से संचरण कर रहे हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि यह आंदोलन शासन, प्रशासन और नीतिगत निर्णयों को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर सकता है।

अतः ज्योतिषीय दृष्टि से देखें तो ग्रहयोग दो प्रमुख संकेत प्रस्तुत करते हैं। पहला, आंदोलन के पीछे सक्रिय संसाधनों और सहयोगी तंत्र के स्वरूप पर गंभीर प्रश्न खड़े हो सकते हैं। दूसरा, छात्र आंदोलन अपने दृश्य स्वरूप से कहीं अधिक व्यापक उद्देश्य अथवा रणनीति का आवरण हो सकता है, जिसके माध्यम से देश में व्यापक अस्थिरता अथवा अराजक परिस्थितियाँ उत्पन्न करने का प्रयास किया जाए।

### आगामी समय के संकेत

दशा और वर्तमान गोचर के समन्वित अध्ययन से यह संकेत प्राप्त होता है कि अगस्त के अंतिम सप्ताह से घटनाक्रम एक निर्णायक मोड़ ले सकता है। यह स्थिति लगभग 12 सितंबर तक अपेक्षाकृत उग्र बनी रहने की संभावना है। इस अवधि के बीच कुछ समय के लिए परिस्थितियाँ सामान्य होती हुई अथवा तनाव कम होता हुआ प्रतीत हो सकता है, किंतु ग्रहयोग संकेत देते हैं कि यह शांति स्थायी न होकर अस्थायी हो सकती है।

इसके पश्चात अक्टूबर 2026 के उत्तरार्ध से फरवरी 2027 तक का कालखंड विशेष रूप से संवेदनशील दिखाई देता है। मंगल, राहु, शनि तथा गुरु के परस्पर संबंध यह संकेत देते हैं कि इस अवधि में केवल छात्र आंदोलन ही नहीं, बल्कि उसके समानांतर विभिन्न प्रकार की वैचारिक, राजनीतिक तथा संगठित गतिविधियाँ भी सक्रिय हो सकती हैं। यदि समय रहते परिस्थितियों का संतुलित प्रबंधन न किया जाए, तो अराजकता फैलाने के प्रयास, सामाजिक ध्रुवीकरण तथा संस्थागत चुनौतियाँ अधिक स्पष्ट रूप से सामने आ सकती हैं।

यद्यपि यह कालखंड अनेक चुनौतियों का संकेत देता है, तथापि ग्रह योगों का एक दूसरा पक्ष भी उतना ही महवपूर्ण है। राष्ट्र कुंडली में सक्रिय ग्रह स्थितियाँ यह भी संकेत करती हैं कि यही समय सुधारवादी परिवर्तन, नीतिगत पुनर्गठन, प्रशासनिक दृढ़ता तथा दीर्घकालिक राष्ट्रीय निर्णयों की आधारशिला रखने वाला सिद्ध हो सकता है। परिवर्तन का यह स्वरूप तत्काल स्पष्ट दिखाई दे, यह आवश्यक नहीं, किंतु ज्योतिषीय संकेतों के अनुसार भविष्य में दिखाई देने वाले अनेक महवपूर्ण परिवर्तन इसी कालखंड में अपने बीज रूप में स्थापित होते प्रतीत होते हैं।

यह निष्कर्ष ज्योतिषीय संकेतों पर आधारित है।

## मनोज कुमार की 89वीं जयंती पर जी क्लासिक का खास सलाम

**कुछ कलाकार** सिर्फ मनोरंजन करते हैं, कुछ फिल्में बनाकर यादें छोड़ जाते हैं, लेकिन मनोज कुमार जैसे दिग्गज कलाकार पीढ़ियों के दिलों में हमेशा के लिए बस जाते हैं। भारत कुमार के नाम से मशहूर मनोज कुमार ने देशभक्ति को सिर्फ पर्दे तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे हर भारतीय के दिल का जज्बा बना दिया। उनकी फिल्मों में सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि यहाँ के लोग, उनके संघर्ष, उनके सपने, उनका त्याग और उनका अटूट हौसला भी नजर आता था।

इस जुलाई, जब महान अभिनेता, लेखक और निर्देशक मनोज कुमार की 89वीं जयंती है, तब जी क्लासिक उनके शानदार सफर को याद करते हुए एक खास फिल्म फेस्टिवल लेकर आ रहा है। 19 जुलाई से 24 जुलाई तक दर्शकों को उनकी कुछ सबसे यादगार और सुपरहिट फिल्में देखने का मौका मिलेगा। ये वही फिल्में हैं, जिन्होंने मनोज कुमार को भारतीय सिनेमा का अमर सितारा बनाया और जो आज भी दर्शकों को उतनी ही पसंद आती हैं।

चार दशक से भी ज्यादा लंबे करियर में मनोज कुमार ने हिंदी सिनेमा को एक नई सोच दी। उस दौर में जब ज्यादातर फिल्में सिर्फ रोमांस और मनोरंजन पर आधारित होती थीं, तब उन्होंने आम आदमी, समाज और देश से जुड़ी कहानियों को बड़े पर्दे पर उतारा। एक अभिनेता के साथ साथ उन्होंने लेखक और निर्देशक के रूप में भी ऐसी फिल्में बनाईं, जो अपनी दमदार कहानी, शानदार संगीत और हमेशा याद रहने वाले संदेश की वजह से आज भी मिसाल मानी जाती हैं।

इस खास फिल्म फेस्टिवल में मनोज कुमार के सफर की छह शानदार फिल्में दिखाई जाएँगी। शुरुआत होगी 'रोटी कपड़ा और मकान' से, जिसमें आम आदमी के संघर्ष और उसके सपनों को बेहद असरदार तरीके से दिखाया गया है। इसके बाद आएगी 'उपकार', जिसने उन्हें हमेशा के लिए 'भारत कुमार' की पहचान दिलाई। देश के किसान और जवान को समर्पित यह फिल्म आज भी उतनी ही प्रेरणादायक मानी जाती है। इसके बाद 'पूरब और पश्चिम' भारतीय संस्कृति और संस्कारों की खूबसूरती को दिखाएगी। 'शोर' प्यार, बिछड़ने के दर्द और पिता के जज्बात की ऐसी कहानी है, जो आज भी दिल को छू जाती है। 'शहीद' में मनोज कुमार ने भगत सिंह के किरदार को जिस दमदार अंदाज में निभाया, वो भारतीय सिनेमा की सबसे यादगार परफर्मेंस में गिना जाता है। इस खास सफर का समापन 24 जुलाई को उनकी भव्य फिल्म 'क्रांति' के साथ होगा। शानदार कलाकारों से सजी इस फिल्म ने एक बार फिर साबित किया कि मनोज कुमार बड़े कैनवास पर देशभक्ति, त्याग और इंसानियत की कहानियाँ कहने में बेमिसाल थे।

**पूरे हफ्ते प्रसारित होंगी भारतीय सिनेमा के इस महान कलाकार की यादगार फिल्में**

इस खास मौके पर उनके साथ काम कर चुके कई कलाकारों और करीबी दोस्तों ने भी उन्हें याद किया।

शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा, जब भी मैं मनोज कुमार जी को याद करता हूँ, तो सिर्फ एक शानदार अभिनेता या निर्देशक याद नहीं आता, बल्कि एक ऐसा इंसान याद आता है, जो अपनी हर फिल्म को पूरी तरह जीता था। उनके लिए सिनेमा सिर्फ मनोरंजन नहीं था। हर कहानी का एक मकसद होता था और हर किरदार कुछ बड़ा कहता था।

हेमा मालिनी ने कहा, मनोज जी के साथ काम करने की मेरी कई खूबसूरत यादें हैं। उनके सेट पर हर दिन कुछ नया सीखने को मिलता था। वो अपने कलाकारों को बहुत प्यार और धैर्य से समझाते थे और हमेशा कहते थे कि अभिनय में सच्चाई दिखनी चाहिए, सिर्फ ड्रामा नहीं।

प्रेम चोपड़ा ने कहा, मनोज और मैंने सिर्फ फिल्मों में साथ काम नहीं किया, बल्कि जिंदगी के भी कई खूबसूरत पल साथ बिताए। कैमरे के सामने और पीछे वो बेहद अनुशासित, मेहनती और अपने काम के प्रति पूरी तरह समर्पित रहते थे। लेकिन, शूटिंग खत्म होते ही वे बेहद मिलनसार, स्नेही और हँसमुख इंसान बन जाते थे। वे हमेशा अपने आसपास के लोगों का ख्याल रखते थे ।

## प्रवचन

## बहु विवाह से जीवन हो जाता है असंतुलित : जीयर स्वामी

**भारतीय मनीशा ज्ञान-विज्ञान में आज के विज्ञान से थी आगे**

**भागवत केवल भक्ति ग्रंथ नहीं, विज्ञान भी**

बहु विवाह नहीं करना चाहिए। बहु विवाह से जीवन में अस्थिप्ता आती है। इसके कारण गृहस्थ जीवन में सामंजस्य का अभाव खटकने लगता है। पारिवारिक विद्वेष जीवन को अस्त-व्यस्त कर देता है। स्वयं एवं परिवार का विकास बाधित हो जाता है, क्योंकि अनेक पत्नियों को एक समान प्रेम दे पाना संभव नहीं हो पाता। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री जीयर स्वामी ने कहा कि दक्ष प्रजापति ने अपनी सताईस पुत्रियों की शादी चन्द्रमा से कर दी। छब्बीस पुत्रियों ने अपने पिता दक्ष से शिकायत की कि चन्द्रमा केवल बड़ी बहन से लगाव रखते हैं। इसपर दक्ष प्रजापति चन्द्रमा को शाप दे दिये कि तुम्हें क्षय रोग हो जायेगा। चन्द्रमा यक्ष के पास जाकर शाप विमोचन का आग्रह किये। दक्ष ने कहा कि आज शुक्ल पक्ष में बढ़ते जायेंगे और अमावष्या के दिन (एक दिन) नजर नहीं आयेंगे। राजा दक्ष के शाप के कारण ही चन्द्रमा घटते-बढ़ते रहते हैं और अमावश्या के दिन विलुप्त हो जाते हैं।

स्वामी जी ने कहा कि भारतवर्ष (खंड) सबसे उत्तम है। यह कर्म भूमि है। इस खंड में किये गये कर्मो के बल पर अगले जीवन में हम अन्य आठ खंडों में भी जा सकते हैं। भारतवर्ष (खंड) में पुण्यसलिला, गंगा, चंद्रभागा, ताम्रपर्णी, कावेरी, गोदावरी, नर्मदा, मंदाकिनी, गंगा, यमुना, सरस्वती, गोमती एवं सरयु आदि नदियॉ है, जिनका केवल नाम लेने से अन्तःकरण पवित्र हो जाता है। इसी लिए भारत में जन्म लेने के लिये देवता भी तरसते हैं।

उन्होंने कहा कि पाप कर्म में ही लगे रहने के कारण कलियुग में अधिकांश लोग स्वधर्म से च्युत होकर पर धर्म को अपनाना चाहते है। विद्या अध्ययन की अवधि में ही धनोपार्जन में लग जाते हैं; ब्रह्मचर्य आश्रम वाले गृहस्थ आश्रम का कार्य करने लगते हैं। वाणप्रस्थ की अवधि में भी काम-वासना से मुक्त नहीं होते। सन्यास आश्रम के लोग भी प्रायः संसार में आसक्त होकर परिवार एवं परिग्रह में लगे रहते हैं।

स्वामी जी ने कहा कि श्रीमद् भागवत् महापुराण केवल धर्म ग्रंथ नहीं है। यह भूगोल और खगोल के साथ विज्ञान भी है। अतीतकाल में ही इसमें विज्ञान के उन रहस्यों का सम्यक विवेचन हुआ है, जहॉ आज विज्ञान पहुँच रहा है। स्वामी जी ने अंतरिक्ष की चर्चा करते हुए कहा कि जिस तरह चना या मटर के दानें में दो पाट के बीच अंकुर का स्थान होता है, उसी तरह भूगोल तथा खगोल को जोड़ने वाला अंतरिक्ष होता है। अंतरिक्ष ही भूगोल तथा खगोल का संधिस्थल है। तत्वदर्षियों ने पूरे भूगोल की माप यानी चौदह लोकों और भुवनों (सात लोक नीचे, सात लोक ऊपर) का क्षेत्रफल पचास करोड़ योजन (एक योजन में चार कोस, एक कोस में दो मील या तीन किमी) बताया है। दस दिक्पाल दसों दिशाओं में हैं। पृथ्वी से एक लाख योजना की दूरी पर सूर्य है। सूर्य से एक लाख योजन ऊपर चन्द्रमा है। जो दूरी सूर्य एक वर्ष में पूरी करते हैं, चन्द्रमा उसे एक माह में तय कर लेते हैं। इस अवधि को ही शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष कहा जाता है। चन्द्रमा तीस मुहूर्त में एक नक्षत्र से दूसरे नक्षत्र पर चले जाते हैं। अभिजित सहित अठाईस नक्षत्र चन्द्रमा से तीन लाख और पृथ्वी से पॉच लाख योजन दूर है। ये सुमेरु पर्वत के दक्षिण भाग से घुमते हैं। इनसे दो लाख तथा पृथ्वी से सात लाख योजना की दूरी पर शुक्र हैं, जो मनुष्य के अनुकूल ग्रह माने जाते हैं। शुक्र से दो लाख और पृथ्वी से नौ लाख योजन दूर बुध ग्रह है। बुध चन्द्रमा के पुत्र हैं। ये शुक्र के समान ही अपनी परिधि में घुमते हैं। बुध से दो लाख तथा पृथ्वी से 11 लाख योजन पर मंगल ग्रह हैं। मंगल से दो लाख तथा पृथ्वी से 11 लाख योजन पर वृहस्पति तथा इनसे दो लाख तथा पृथ्वी से 15 लाख योजन की दूरी पर शनिग्रह हैं।



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।

इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### एस एच 74 से हटेगा 3 वर्ष से खड़ा ट्रक, थानाध्यक्ष ने अंचलाधिकारी को लिखा पत्र

**संग्रामपुर(एनएसबी)।** संग्रामपुर थाना द्वारा जप्त किये गए ट्रकों को अब एस एच 74 से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने संग्रामपुर अंचलाधिकारी को एक पत्र भेजकर थाना के पास राजकीय राजमार्ग के किनारे लगभग तीन वर्षों से खड़े दो ट्रकों को हटाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने की बात की हैं। पत्र में बताया गया है कि सड़क किनारे लगाए गए ट्रकों के कारण बराबर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है और कई बार वाहन दुर्घटना घट भी चुकी है। ट्रकों के कारण लगातार जाम की समस्या भी बनी रहती है। थानाध्यक्ष ने अपने पत्र में अनुरोध किया है कि ट्रकों के सुरक्षित पार्किंग के लिए सरकारी जमीन चिन्हित की जाय ताकि उन्हें सड़क किनारे खड़ा करने की आवश्यकता न पड़े।अब लोगों की नजर संग्रामपुर अंचलाधिकारी पर है कि वे कब तक सरकारी जमीन का चिन्हीकरण कराते हैं और ट्रकों को राजकीय राजमार्ग से कब तक हटाया जाता है। थानाध्यक्ष की इस पहल का लोगों ने जोरदार स्वागत किया है ट्रकों के हट जाने के बाद यातायात की समस्या से भी मुक्ति मिल जाएगी।

### स्नातक चौथे लिस्ट में नामांकन 25 जुलाई तक

**मोतिहारी(एनएसबी)।** स्नातक सत्र 2026 2030 में विश्वविद्यालय द्वारा जारी चौथे मेरिट लिस्ट के आधार पर नामांकन के लिए अंतिम तिथि 25 जुलाई निर्धारित है। शहर के लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी ड प्रभाकर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा 399 छात्र छात्राओं की सूची नामांकन के लिए इस कलेज में भेजी गई थी। 23जुलाई तक कला संकाय में 65 तो वहीं विज्ञान संकाय में 19 छात्र छात्राओं ने नामांकन कराया है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि छात्र छात्राओं को अनलाइन शुल्क जमा करने के पश्चात कागजात महाविद्यालय में सत्यापित करा कर काउंटर पर जमा कराना आवश्यक है।

### एलएनडी कलेज में एईडीपी कोर्स में नामांकन 27 जुलाई तक

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिले के छात्र छात्राओं के लिए अच्छी खबर है कि मोतिहारी के एल एन डी कलेज में अप्रेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) कोर्स में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ शुरू हो गई। विश्वविद्यालय द्वारा जारी मेरिट लिस्ट के आधार पर 27 जुलाई तक छात्र छात्राओं का नामांकन लिया जाना है।महाविद्यालय मीडिया प्रभारी ड प्रभाकर कुमार ने बताया कि इस वर्ष कला संकाय अंतर्गत बी ए इन कंटेंट एंड क्रिएटिव राइटिंग तथा वाणिज्य संकाय अंतर्गत बी कम इन बैंकिंग फाइनेंस सर्विस एंड इंश्योरेंस कोर्स की पढ़ाई शुरू होनी है। उच्च शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थियों के कौशल विकास में भी यह कोर्स लाभदायक है और इसके करने के उपरांत विद्यार्थी किसी भी प्रकार के जब करने तथा और और उच्च शिक्षा प्राप्त करने के योग्य होंगे।कोर्स के तीसरे साल में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की सुविधा भी सरकार द्वारा दी जाएगी। नामांकन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए ड प्रभाकर कुमार ने बताया कि एईडीपी कोर्स में मेरिट लिस्ट के अलावे खाली सीटों पर पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर नामांकन लिया जा सकता है। महाविद्यालय में ही नामांकन हेतु आवेदन भी किया जा सकता है।

### लापरवाही पर कार्यक्रम पदाधिकारी के मानदेय में तीन वर्ष तक 25 प्रतिशत कटौती

**मोतिहारी(एनएसबी)।** मनरेगा कार्यो में अपेक्षित प्रगति नहीं होने एवं विभागीय निर्देशों की अवहेलना के मामले में मोतिहारी सदर के कार्यक्रम पदाधिकारी जीवन चंद्रा पर कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक ने उनके मूल मानदेय में तीन वर्ष तक 25 प्रतिशत कटौती करने का दंड अधिरोपित किया हैस जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम पदाधिकारी से मानव दिवस सृजन में अपेक्षित प्रगति नहीं करने, जीरो अफिस डे के दौरान प्रखंड मुख्यालय से अनुपस्थित रहने, प्रखंड मुख्यालय में आवासन नहीं करने, ई-केवाईसी कार्य में संतोषजनक प्रगति नहीं करने तथा वीबीजी (त।ड-ळ) के तहत किसी भी पंचायत में डिमांड नहीं करने सहित कई बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा गया था।विज्ञप्ति के अनुसार संबंधित पदाधिकारी ने मांगे गए किसी भी स्पष्टीकरण का जवाब नहीं दिया और प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र से भी अनुपस्थित पाए गए। इसे कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही, कर्तव्यहीनता, स्वेच्छाचारिता तथा वरीय अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना मानते हुए विभागीय पत्रांक 196, दिनांक 25 मार्च 2022 में निहित प्रावधानों के तहत यह कार्रवाई की गई है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर डीएम ने की समीक्षा, गांधी मैदान में होगा मुख्य समारोह

**मोतिहारी(एनएसबी)।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल एवं भव्य आयोजन को लेकर जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने गुरुवार को समाहरणालय स्थित ड़ राधाष्णन सभागार में जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में समारोह की सभी तैयारियों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए गएस जिलाधिकारी ने बताया कि 15 अगस्त को सुबह 9 बजे मोतिहारी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में मुख्य समारोह आयोजित होगा, जहां जिला प्रभारी मंत्री द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। उन्होंने गांधी मैदान की साफ-सफाई, रंग-रोगन, बैरिकेडिंग तथा वर्षा को देखते हुए परेड मार्ग को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही समाहरणालय परिसर, प्रमुख मार्गो एवं नगर निगम क्षेत्र में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने गांधी मैदान स्थित महात्मा गांधी तथा समाहरणालय परिसर स्थित ड़ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण की तैयारी, अतिथियों को आमंत्रण पत्र भेजने तथा समारोह की अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों को सौंपी। परेड की तैयारी समय से पूरी करने एवं समारोह से पूर्व फुल ड्रेस रिहर्सल कराने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले के महादलित टोलों में स्थानीय बुजुर्गो के माध्यम से ध्वजारोहण कराया जाएगा। साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण जिला प्रशासन के सोशल मीडिया प्लेटफर्म, फेसबुक पेज एवं वेबकास्ट के माध्यम से किया जाएगा।जिलाधिकारी ने 15 अगस्त को शाम 5 बजे महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित होने वाली सांसतिक संध्या की तैयारियों की भी समीक्षा की। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में सरकारी एवं निजी विद्यालयों के साथ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भी भाग लेंगे, जिनका चयन स्क्रीनिंग के माध्यम से किया जाएगा।बैठक में उप महापौर लालबाबू प्रसाद गुप्ता, नगर आयुक्त आशीष कुमार, सहायक समाहर्ता राजष्ण झा, अपर समाहर्ता, सदर एसडीओ, डीसीएलआर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीआरडीए निदेशक, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, स्काउट एवं गाइड के जिला आयुक्त, पुलिस कमांडेंट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



समीक्षा करते डीएम व अन्य।

## मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात का बड़ा एक्शन
## पहाड़पुर और मलाही थाना में किया औचक निरीक्षण
### केस फाइलों से लेकर मेष (रसोई) तक को खंगाला

**मोतिहारी/पहाड़पुर (एनएसबी)।** मोतिहारी जिले में अपराध पर नकेल कसने और पुलिस महकमे में कसावट लाने के उद्देश्य से मोतिहारी के तेजतर्रार एसपी स्वर्ण प्रभात ने अचानक पहाड़पुर और मलाही थाने में औचक निरीक्षण कर पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया।इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश दिए।एसपी स्वर्ण प्रभात ने थानों में लंबित पड़े मर्डर केस (हत्याकांड) और अन्य गंभीर आपराधिक मामलों की फाइलों की खुद जांच की। उन्होंने अनुसंधानकर्ताओं को कांडों के त्वरित निष्पादन और फरार अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी का सख्त निर्देश दिया। क्षेत्र में क्राइम कंट्रोल को लेकर एसपी ने थाना प्रभारियों से गश्ती दल की सक्रियता और विशेष अभियान की प्रगति रिपोर्ट ली। उन्होंने साफ शब्दों में कहा अपराधियों पर कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।एसपी ने केवल फाइलों की ही जांच नहीं की, बल्कि पुलिस जवानों की कार्य-स्थिति का भी ध्यान रखा। उन्होंने थाने के मेष (रसोई घर) का जायजा लेकर जवानों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता जांची और साफ-सफाई बनाए रखने का निर्देश दिया।एसपी स्वर्ण प्रभात का कड़ा संदेश जनता की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। जो पुलिसकर्मी अपने काम में कोताही बरतेंगे या गंभीर मामलों के अनुसंधान में देरी करेंगे, उन पर सख्त कार्रवाई होगी। लंबित कांडों को त्वरित गति से निपटाया जाए।जनता में भरोसा, महकमे में हलचल एसपी स्वर्ण प्रभात की इस ताबड़तोड़ और पारदर्शी कार्यशैली की स्थानीय जनता में काफी सराहना हो रही है। औचक निरीक्षण के इस कदम से जहां आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है, वहीं आपराधिक तत्वों में खौफ का माहौल है।



थाना का निरीक्षण करते एसपी।

## दिल्ली पुलिस द्वारा छात्रों पर बर्बरता पूर्वक चलाई गई लाठी के विरोध में छात्रों ने किया पुतला दहन

**चकिया(एनएसबी)।** दिल्ली के जंतर-मंतर से संसद भवन तक शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को शाम में शहर के सुभाष चौक पर छात्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। प्रदर्शन से पहले छात्रों ने हाथों में तख्तियां लेकर शहर के मुख्य मार्गो पर भ्रमण किया। तख्तियों पर छात्र-छात्राओं पर लाठीचार्ज बंद करो, छात्रों के न्याय के लिए छात्र संघ मैदान में तथा देश की शिक्षा व्यवस्था आईसीयू में है समेत अन्य स्लोगन लिखे थे। इस दौरान छात्रों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। सुभाष चौक पर आयोजित सभा में छात्रों ने कहा कि दिल्ली में बीते 20 जुलाई को शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे निहत्थे छात्रों पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठी चलाई गई। जिसकी निष्पक्ष जांच कर संबंधित पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए व केंद्रीय शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की भी मांग की। छात्रों ने यह भी कहा कि वैज्ञानिक सोनम वांगचुक जंतर-मंतर पर पेपर लीक रोकने तथा नीट पेपर लीक से प्रभावित छात्रों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर अनशन पर बैठे थे तो तानाशाह प्रधानमंत्री ने उनकी नहीं सुनी। इसमें छात्र संघ अध्यक्ष सन्नी कुमार, महेंद्र मधुर, आशीष कुमार, विकास कुमार, रौशन कुमार, विवेक कुमार, बालकिशन गुप्ता, अखिलेश यादव, जितेंद्र यादव, अमन खाना, आशिफ आलम, श्यामसुंदर कुमार, विकास यादव, धीरज यादव सहित अन्य छात्र शामिल थे।



पीएम व शिक्षा मंत्री का पुतला दहन करते छात्र।

## डीएम की अध्यक्षता में माय भारत जिला सलाहकार समिति की बैठक

### 2.41 लाख युवाओं के पंजीकरण का लक्ष्य समयबद्ध पूरा करने के निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को राधाष्ण भवन, समाहरणालय परिसर में माय भारत जिला सलाहकार समिति (डीएसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया और माय भारत कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभागीय समन्वय को मजबूत बनाने पर चर्चा की गईस बैठक की शुरुआत जिला युवा अधिकारी (माय भारत) अंकिता ने सभी अतिथियों के स्वागत के साथ की। उन्होंने माय भारत की अवधारणा, उद्देश्यों, प्रमुख कार्यक्रमों तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तृत प्रस्तुति दी। बैठक में जिला सलाहकार समिति (डीएसी) एवं जिला समन्वय समिति (डीएससी) के गठन एवं संचालन पर भी चर्चा हुई, ताकि जिले में युवा कार्यक्रमों का बेहतर नियोजन, समन्वय, क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण सुनिश्चित किया जा सके।जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे विद्यालयों, महाविद्यालयों, पंचायतों, युवा क्लबों, एनएसएस, एनसीसी तथा अन्य संस्थाओं के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को माय भारत से जोड़ने के लिए समन्वित प्रयास करें। बैठक में माय भारत पंजीकरण अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने पूर्वी चंपारण के 2.41 लाख युवाओं के पंजीकरण लक्ष्य को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिए सभी विभागों से सक्रिय सहयोग और व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया।बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने माय भारत की गतिविधियों के सफल संचालन एवं युवाओं की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।



बैठक करते अधिकारी।

## छात्रों ने सीखा वैज्ञानिक बगीचे का लेआउट

### कृषि विज्ञान केंद्र में आंवला रोपण की बनाई योजना

पीपराकोठी(एनएसबी)। कृषि विज्ञान केंद्र में ग्रामीण षि कार्य अनुभव (तॉम्) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत आईसीएआर-आईआईआरआरआई, पटना के बीएससी षि के विद्यार्थियों को बागवानी प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गयास प्रशिक्षण के छठे दिन, विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक विधि से बगीचा लेआउट तैयार करने और आंवला बागवानी की योजना बनाने का अभ्यास किया। फार्म मैनेजर मनीष कुमार ने छात्रों को बगीचे का वैज्ञानिक लेआउट बनाने की विधि, पौधों के बीच उचित दूरी, दिशा निर्धारण और खेत की योजना बनाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी।इस सत्र के बाद, विद्यार्थियों ने खेत में 8ञ्8 मीटर की दूरी पर आंवला बागवानी के लिए लेआउट तैयार करने का व्यावहारिक अभ्यास किया। इस अभ्यास ने छात्रों को आधुनिक फल उत्पादन तकनीकों की बेहतर समझ विकसित करने में सहायता कीस ड. गायत्री कुमारी, ड़ अपिता नाल्या और मनीष कुमार ने आगामी प्रशिक्षण गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने विद्यार्थियों को वीडियो निर्माण, हर्बेरियम तैयार करने और षि मडल विकसित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, साथ ही इन गतिविधियों के शैक्षणिक महत्व पर भी प्रकाश डालास विशेषज्ञों ने छात्रों से प्रशिक्षण के प्रत्येक चरण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और अर्जित ज्ञान को भविष्य में किसानों तक पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को आधुनिक षि तकनीकों से जोड़कर उन्हें व्यावहारिक और वैज्ञानिक ष्टिकोण से दक्ष बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



# एमजीसीयू में पीजी की रिक्तसीटों पर ओपन काउंसलिंग से होगा नामांकन, 31 जुलाई तक आवेदन

**मोतिहारी(एनएसबी)।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न ातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों की रिक्तसीटों पर ओपन काउंसलिंग के माध्यम से नामांकन के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 31 जुलाई तक विश्वविद्यालय के समर्थ प्रवेश पोर्टल पर अनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।विश्वविद्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार एमबीए, एमबीए (फूड एंड एग्रीबिजनेस), एमकम, एमएससी (वनस्पति विज्ञान, भौतिकी, गणित, रसायन विज्ञान एवं प्राणी विज्ञान), मास्टर अफ लाइब्रेरी एंड इंफर्मेशन साइंस (एमलिबआईएससी), तथा एमए (संस्त, गांधी एवं शांति अध्ययन, गणित एवं शिक्षा) सहित विभिन्न ातकोत्तर पाठ्यक्रमों की रिक्तसीटों पर ओपन काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। प्रवेश प्राथमिक रूप से सीयूईटी (पीजी)-2026 के स्कोर के आधार पर किया जाएगा। यदि इसके बाद भी सीटें रिक्त रहती हैं, तो विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंडों के अनुसार 10वीं, 12वीं एवं ातक में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार समग्र (कम्पोजिट) मेरिट सूची से नामांकन होगा। अभ्यर्थियों को आवेदन से पहले संबंधित पाठ्यक्रम की पात्रता शर्तो का सावधानीपूर्वक अध्ययन करने की सलाह दी गई है। कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव ने कहा कि विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं पारदर्शी उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा ओपन काउंसलिंग योग्य विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। परीक्षा नियंत्रक प्रो शिरीष मिश्रा ने अभ्यर्थियों से अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय रहते आवेदन करने और प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित अद्यतन जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट का नियमित अवलोकन करने की अपील की। वहीं जनसंपर्क पदाधिकारी शेफालिका मिश्रा ने देशभर के पात्र विद्यार्थियों से समय-सीमा के भीतर आवेदन कर इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया।




महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय।

## संक्षिप्त खबरें

### बकाया वेतन मामले में दो प्रधानाध्यापक निलंबित, लिपिक व सेवानिवृत्त बीईओ पर भी कार्रवाई की अनुशंसा

**मोतिहारी(एनएसबी)।** शिक्षा विभाग, पूर्वी चम्पारण ने हरसिद्धि प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गायघाट (कन्या) की शिक्षिका रश्मि स्वराज के बकाया वेतन मामले में बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने जांच के बाद विद्यालय के वर्तमान प्रधानाध्यापक अमिन्द्र सिंह एवं तत्कालीन प्रधानाध्यापक संजय कुमार को निलंबित कर दिया है। वहीं, सेवानिवृत्त तत्कालीन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम विनय यादव के विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।विभागीय प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, शिक्षिका रश्मि स्वराज के पति अरविन्द कुमार की 11 जुलाई 2026 को शिक्षा विभाग कार्यालय परिसर में अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। विभाग ने इस घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।विज्ञप्ति में बताया गया है कि शिक्षिका के लंबित वेतन का नियमानुसार भुगतान कर दिया गया है। वर्षो से वेतन लंबित रहने के कारणों की जांच के लिए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा) एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) से संयुक्त जांच कराई गई थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रथम ष्टया दोषी पाए गए अधिकारियों और कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।इसके अलावा, स्थापना शाखा के संचिका प्रभारी अमित कुमार सिंह से वेतन संबंधी संचिका वापस लेकर दूसरे लिपिक को सौंप दी गई है तथा उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के लिए क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर को प्रतिवेदन भेजा गया हैसशिक्षा विभाग ने बताया कि पूर्वी चम्पारण जिले के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के वेतन, बकाया वेतन, सेवान्त लाभ एवं अन्य शिकायतों के निष्पादन के लिए जिला पदाधिकारी के स्तर पर प्रत्येक माह सुनवाई एवं समीक्षा की जाएगी।

### डाकबंगला चौक की घटना की विधायक श्यामबाबू यादव ने की निंदा, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पिपरा के विधायक श्यामबाबू यादव ने डाकबंगला चौक पर छात्र आंदोलन के दौरान उनकी गाड़ी पर हुए हमले की निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में विधायक ने कहा कि घटना में वे बाल-बाल बच गए, जबकि उनके एक सहयोगी के साथ मारपीट की गई। उन्होंने कहा कि छात्र कभी हिंसा और अराजकता का रास्ता नहीं अपनाते। उनके अनुसार, आंदोलन की आड़ में कुछ असामाजिक तत्वों ने उपद्रव फैलाया और हिंसक घटना को अंजाम दिया। विधायक ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखने का अधिकार सभी को है, लेकिन हिंसा, तोड़फोड़ और जानलेवा हमला किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों के हितों और उनकी समस्याओं के प्रति संवेदनशील है तथा सकारात्मक संवाद में विश्वास रखती है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि आंदोलन के नाम पर कुछ वामपंथी उपद्रवियों ने हिंसक प्रदर्शन किया, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। श्यामबाबू यादव ने प्रशासन से घटना में शामिल लोगों की शीघ्र पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### सोलर मेला सह सोलर लोन मेला आयोजित पीएम सूर्यघर योजना में तेजी लाने के निर्देश

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एनबीपीडीसीएल) के तत्वावधान में गुरुवार को विद्युत आपूर्ति अंचल कार्यालय मुजफ्फरपुर में सोलर मेला सह सोलर लोन मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एनबीपीडीसीएल के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार (भाप्रसे) ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी कुमार गौरव भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंध निदेशक राहुल कुमार ने कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने लोगों को योजना के लाभ, आवेदन प्रक्रिया, सरकारी सब्सिडी, बैंक ऋण सुविधा तथा घरों में सोलर प्लांट लगाने से होने वाले आर्थिक और पर्यावरणीय फायदों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं जिलाधिकारी कुमार गौरव ने कहा कि इस तरह के आयोजन नागरिकों को स्वच्छ ऊर्जा अपनाने, बिजली बिल में बचत करने और हरित एवं आत्मनिर्भर भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से योजना का लाभ उठाने की अपील की। सोलर मेले में विभिन्न सोलर वेंडर्स, प्रमुख बैंकों के प्रतिनिधि, विद्युत विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लिया। मेले में लोगों को सोलर सिस्टम की जानकारी देने के साथ-साथ ऋण और सब्सिडी से जुड़ी सुविधाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के बाद प्रबंध निदेशक ने अभियंताओं, सोलर वेंडर्स और विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उपभोक्ताओं के परिसर में सोलर प्लांट अधिष्ठापन, यूटिलिटी लेड एग्रीगेशन (यूएलए) मडल तथा लंबित बैंक ऋण आवेदनों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान प्रबंध निदेशक ने बैंकों को निर्देश दिया कि बिना उचित कारण किसी भी ऋण आवेदन को अस्वीकार न किया जाए। पूर्व में अस्वीत आवेदनों की भी दोबारा जांच कर पात्र आवेदकों को समयबद्ध तरीके से ऋण उपलब्ध कराया जाए, ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। बैठक में कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के लिए यूएलए मडल के तहत लगाए जा रहे सोलर प्लांटों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। फील्ड अभियंताओं को सभी लंबित निरीक्षण जल्द पूरा करने, नेट-मीटरिंग प्रक्रिया में तेजी लाने तथा नियमित मनिटरिंग के माध्यम से सभी कार्यो का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में जिला पदाधिकारी कुमार गौरव भी उपस्थित थे।



उद्घाटन करते एनबीपीडीसीएल के एमडी राहुल कुमार।

### सुधा डेयरी के दूषित जल से किसानों की बढ़ी मुश्किल

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। कांटी प्रखंड के सदातपुर स्थित सुधा डेयरी प्लांट से निकल रहे दूषित एवं बदबूदार जल के कारण किसानों और स्थानीय ग्रामीणों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। प्रदूषित पानी से करीब 40 एकड़ षि भूमि प्रभावित हो चुकी है, जबकि 1100 से अधिक लीची के पेड़ सूखने की बात सामने आई है। दूषित जल और दुर्गंध के कारण आसपास के लोगों के स्वास्थ्य और दैनिक जीवन पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर गुरुवार को कांटी विधायक अजीत कुमार के नेतृत्व में विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल बिहार विधानसभा अध्यक्ष ड प्रेम कुमार से मुलाकात कर शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष को बताया कि डेयरी प्लांट से बहाए जा रहे प्रदूषित जल के कारण किसानों की खेती, लीची उत्पादन और ग्रामीणों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने संबंधित अधिकारियों की जल्द बैठक बुलाकर स्थायी समाधान निकालने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर समस्या के त्वरित निष्पादन की दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। ज्ञात हो कि इस मामले को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) और जिला 20 सूत्री समिति की बैठकों में विधायक अजीत कुमार द्वारा पूर्व में उठाया जा चुका है। उस दौरान जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने डेयरी प्रबंधन को उचित ड्रेनेज व्यवस्था विकसित करने तथा दूषित जल निकासी के लिए मास्टर प्लान तैयार करने का निर्देश दिया था। हालांकि अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से किसानों और ग्रामीणों में नाराजगी बनी हुई है। प्रतिनिधिमंडल में विधायक अजीत कुमार के साथ विधायक मनजीत कुमार सिंह, शालिनी मिश्रा और मनीष कुमार भी शामिल थे। प्रतिनिधियों ने मांग की कि किसानों की फसलों और लीची बागानों को हुए नुकसान का आकलन कर प्रभावित लोगों को उचित मुआवजा दिया जाए तथा दूषित जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान जल्द सुनिश्चित किया जाए।



मामले को लेकर विस अध्यक्ष से मिलने पहुंचा विधायकों का प्रतिनिधि मंडल।

## संक्षिप्त खबरें

### मरम्मति कार्य को लेकर शुक्रवार को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सहरसा शहर (एनएसबी)** पुराना पावर हाउस सब स्टेशन से निकलने वाले टाउन 1 एवं टाउन 2, गंगजला 1 फीडर विद्युत शक्ति उपकेंद्र नया बाजार पावर से निकलने वाले न्यू कॉलोनी फीडर,में मरम्मति का कार्य करने के कारण दिनांक 24.07.2026 को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल सहरसा (शहरी) ने बताया की सहरसा पुराना पावर हाउस सब स्टेशन से निकलने वाले टाउन 1 डी० बी० रोड, बटराहा, शंकर चैक, दहलान चैक, चाँदनी चैक, भारतीय नगर एवं टाउन 2 तिवारी टोला पुरब बाजार गंगजला 1 फीडर विद्युत शक्ति उपकेंद्र नया बाजार से निकलने वाले 11 के० भी० न्यू कॉलोनी फीडर, थाना चैक गांधी पथ तक की विद्युत आपूर्ति सुबह 10रू00 बजे से दोपहर 01रू00 बजे तक पूर्ण रूप से बन्द रहेगी।उक्त अवधि मे चारों फीडर में मरम्मती कार्य किया जायेगा। सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल सहरसा (शहरी) के द्वारा उपभोक्ताओ से आग्रह किया गया है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपना जरूरी काम निपटा लेंगे।

### भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सच्चिदानंद यादव के आकस्मिक निधन पर कार्यकत्र्ताओं ने जताया शोक



**सहरसा शहर (एनएसबी)** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सच्चिदानंद यादव का बुधवार को हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया। कल ही उनके परिजनों ने पैतृक गांव भेलवा शंकर पुर प्रखंड मधेपुरा में अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया है। उनके निधन से भाजपा ने एक समर्पित जनसंघ काल से सक्रिय कार्यकत्र्ता को खो दिया है। उनके निधन से भाजपा परिवार मर्माहत है।पूर्व विधायक डॉ आलोक रंजन ने कहा कि भाजपा के लिए अपूरणीय क्षति है वे सबके प्रिय थे। भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में सहनशक्ति दे। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी प्रसाद, शालिग्राम देव,प्रदेश मंत्री दिवाकर सिंह, मदन प्रसाद चैधरी माधव, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव रंजन, जिला महामंत्री शिव भूषण सिंह, अनमोल भगत, भैरवानंद झा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह, मनोज यादव, मिहिर झा, पंकज पाठक मुकेश मानस गौरव सिंह जिला मिडिया प्रभारी सुमित सिन्हा कुमार अमर ज्योति अधिवक्ता दिनेश यादव अभिनंदन कुशवाहा महावीर यादव सहित पुरा भाजपा परिवार शोक व्यक्त किया।

### सहरसा-दानापुर के बीच जल्द चलेगी नई नाइट एक्सप्रेस रात 11,30 बजे दानापुर से होगी रवाना, सुबह 6 बजे पहुंचेगी सहरसा



**सहरसा (एनएसबी)।** सहरसा और राजधानी पटना के यात्रियों को एक नई सुविधा मिलने वाली है। पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर ने दानापुर और सहरसा के बीच एक नई एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का प्रस्ताव तैयार किया है। यह कदम यात्रियों और जनप्रतिनिधियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। रेलवे प्रशासन ने इस नई सेवा के लिए संभावित समय-सारणी तैयार कर ली है और इसे स्वीकृति के लिए जीएम कार्यालय से रेलवे बोर्ड भेज दिया है। बोर्ड से अंतिम मंजूरी और ट्रेन नंबर आवंटित होते ही इसके परिचालन की आधिकारिक तारीख घोषित कर दी जाएगी। प्रस्ताव के अनुसार, यह ट्रेन सप्ताह में तीन-तीन दिन दोनों दिशाओं से चलेगी। दानापुर से यह मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को रवाना होगी, जबकि सहरसा से भी इन्हीं दिनों पर चलेगी। यह नई सेवा दानापुर से रात 11,00 बजे के बाद सहरसा के लिए ट्रेनों की कमी को पूरा करेगी। दानापुर से सहरसा के लिए प्रस्तावित समय-सारणी के अनुसार, ट्रेन दानापुर से रात 11,30 बजे प्रस्थान करेगी। यह पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया और मानसी होते हुए सुबह 6,00 बजे सहरसा पहुंचेगी। इस यात्रा में कुल 6 घंटे 30 मिनट का समय लगेगा। वापसी में, सहरसा से यह ट्रेन सुबह 7,30 बजे रवाना होगी और मानसी, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, हाजीपुर, सोनपुर तथा पाटलिपुत्र के रास्ते दोपहर 2रू25 बजे दानापुर पहुंचेगी। इस दिशा में यात्रा का कुल समय 6 घंटे 55 मिनट होगा। यह ट्रेन शाहपुर पटोरी रूट से होकर 224 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इस नई नाइट एक्सप्रेस के शुरू होने से सहरसा, खगड़िया, बेगूसराय और हाजीपुर के यात्रियों को पटना-दानापुर आने-जाने के लिए एक सुविधाजनक और बेहतर विकल्प उपलब्ध होगा।

### परसबन्नी दक्षिण टोला की सड़कें जल्द होंगी अतिक्रमण मुक्तः सीओ



**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के बनमाईटहरी अंचल क्षेत्र अंतर्गत परसबन्नी दक्षिण टोला की मुख्य सड़कों पर लंबे समय से हो रहे अतिक्रमण और गंदगी से स्थानीय लोगों, राहगीरों तथा विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के दोनों ओर अवरोध, बीच सड़क पर जमा कीचड़ और सड़ा पानी आवागमन में बाधा बन रहे हैं। जिससे गिरने का खतरा भी बना रहता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि खुले में बहता गंदा पानी, गोबर और मल-मूत्र के जमाव से संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। अभिभावकों ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। ग्रामीणों के अनुसार विवाद और आपसी कलह के कारण कुछ लोगों ने सार्वजनिक मार्गों पर कब्जा जमा रखा है। जिससे सड़क निर्माण और मरम्मत का कार्य भी कई बार बाधित हुआ। पूर्व में पंचायत योजना से हुई पीसीसी ढलाई भी रखरखाव के अभाव में क्षतिग्रस्त होकर कच्ची सड़क में तब्दील हो गई है। वहीं अतिक्रमण व आवागमन समस्याओं मामले पर मिडिया से मुखातिब होते हुए अंचलाधिकारी आशीष कुमार ने बातचीत के दौरान अतिक्रमण व आवागमन की पुष्टि करते हुए बताया कि उन्होंने हाल ही में परसबन्नी दक्षिण टोला में किसी जमीन संबंधित निरीक्षण में गया था। निरीक्षण में कुछ स्थानों पर सड़कों पर अतिक्रमण पाया गया है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण से संबंधित लोगों को चिन्हित कर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी और जल्द ही सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। इसी समस्याओं को निदान करने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी गुलशन कुमार झा ने भी कहा कि मामले की जांच कर शीघ्र समाधान कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभाग को अधूरे कार्य जल्द पूरा कराने और सड़क से अवरोध हटवाकर आवागमन सुगम बनाने का आश्वासन दिया। इस आश्वासन से स्थानीय लोगों में जल्द इस विकट आवागमन समस्याओं की निदान की उम्मीद जताई जा रही है।

### कांग्रेस कार्यकत्र्ताओं ने केंडिल मार्च निकाल जताया विरोध प्रदर्शन



**सहरसा शहर (एनएसबी)** दिल्ली के जंतर मंतर पर पुलिसिया बर्बरता और जननायक राहुल गाँधी के साथ बदसूलकी के विरोध में जिला कांग्रेस कमिटी,सहरसा की ओर से केंडिल मार्च जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा के नेतृत्व में बाबू वीर कुंवर सिंह चैक से शंकर चैक तक निकाला गया।केंडिल मार्च में शामिल पूर्व राष्ट्रीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष केशव चंद यादव और छत्तीसगढ़ के विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जंतर मंतर पर निहत्थे छात्रों के साथ मोदी सरकार की पुलिस और भाजपा के गुंडे के द्वारा बर्बरतापूर्ण लाठी बरसाई गई वो लोकतंत्र के लिए काला दिन और देश के लिए दुर्भाग्य है। छात्र आतंकवादी नहीं बल्कि शिक्षा में सुधार करने के लिए शांति पूर्ण प्रदर्शन कर मांग कर रहे थे। जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा ने कहा कि विगत दस वर्षों में 152 बार मोदी राज में पेपर लीक हुये और आज तक कोई करवाई नहीं हुई। मोदी राज में शिक्षा व्यवस्था चैपट हो गई है और सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। केंडिल मार्च में पूर्व एन एस यू आई के प्रदेश अध्यक्ष कैशर कुमार सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि मो नईम उद्दीन, मो मजनू हैदर कैश,जवाहर झा, इंटक अध्यक्ष सत्य नारायण चैपाल, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद जायसवाल, प्रतिभा सिंह डोली, पिंकी देवी,प्रदेश महासचिव रंजन यादव, प्रखंड अध्यक्ष सौर बाजार राम शरण कुमार,संजय कुमार सिंह, सोनबरसा,महेश यादव, सत्तर कटेया,प्रवक्ता मृत्युंजय कुमार सिंह,पूर्व राष्ट्रीय युवा संयोजक मनीष कुमार, प्रदेश युवा महासचिव मृणाल कामेश, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नीरज कुमार निराला, डॉ कपिल देव कुमार, प्रदेश सचिव,एन एस यू आई के जिला अध्यक्ष नितीश कुमार, बाबुल कुमार सिंह, दिवा कांत गिरी,बैधनाथ झा,मंगल झा, रौशन यदुबंशी,उदय कुमार, सुमन कुमार राम सहित अन्य शामिल रहे।

# पति-पत्नी के विवाद में पत्नी ने दो बच्चों के साथ खाई जहर, 1.5 साल डिम्पल कुमारी की मौत, जांच में जुटह पुलिस

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के सौरबाजार थाना इलाके में एक पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला ने अपने 2 बच्चों के साथ जहर खा लिया। इस घटना में डेढ़ साल की एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि मां और उसका 4 साल का बेटा गंभीर हालत में सहरसा के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। मृतक बच्ची की पहचान 1.5 वर्षीय डिम्पल कुमारी के रूप में हुई है। उसकी मां 25 वर्षीय सोनी कुमारी और भाई 4 वर्षीय गोलू कुमार का इलाज चल रहा है। गुरुवार को पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोनी कुमारी खेड़ा मधुरा वार्ड 06 निवासी लालू राम की पत्नी हैं। प्राइवेट हॉस्पिटल में पत्नी और बच्चों को भर्ती कराया। यह घटना बुधवार देर शाम की है। सोनी कुमारी के मायके मधेपुरा जिला के भिरखी वार्ड 26 में उनकी मां शकुंतला देवी ने बताया कि उन्हें बुधवार रात 8 बजे दामाद लालू राम ने बेटी के जहर खाने की सूचना दी थी। शकुंतला देवी ने आरोप लगाया है कि उनके दामाद



इलाजरत चार साल का पुत्र

लालू राम अक्सर उनकी बेटी के साथ मारपीट करते थे और उन्होंने ही बेटी व दोनों नाती-नातिन को जहर खिलाया है। सोनी देवी कि मां शकुंतला देवी ने बताया कि, ह्यमुझे आशंका है कि मेरे दामाद ने ही मेरे बेटी और मेरे नाती-नतनी को जहर पिलाया है। मेरी बेटी पर कई बार दूसरे से संबंध होने के आरोप को लेकर उसके पति अक्सर उसके साथ मारपीट और गाली गलौज किया करते थे। बेटी भी दामाद पर दूसरे लड़की से संबंध होने की आशंका जताया करती थी। दामाद अक्सर बेटी के साथ मारपीट किया करते थे। बेटी अक्सर इन बातों को जब मुझे शेयर करती थी तो उसके पति के द्वारा बेटी के साथ मारपीट और फोन नहीं करने का हिदायत भी दी जाती थी। मेरे दामाद अक्सर कहते थे कि, ह्यज्यादा कुछ करोगी तो पत्नी सोनी और बच्चों को जहर खिलाकर मार देंगे। मेरे दामाद ने ही इस घटना को अंजाम दिया है।ह्व हालांकि, पति लालू राम ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने बताया कि, 'मेरी पत्नी सोनी कुमारी खुद ही जहर खा ली। मेरे घर के ही दरवाजे पर मूंग मे लगने वाले कीड़ा मारने वाली दवा को मेरे ही सामने घर में ले गई, मुझे लगा कि वो मजाक कर रही है। झगड़ा का वजह यह था कि मैंने कहा मैं अब गांव में मजदूरी नहीं करूंगा अब बाहर जाऊंगा। इस पर पत्नी बोली कि रक्षाबंधन के बाद मैं अपने भाई के साथ मायके चली जाऊंगी, मैं यहां नहीं रहूंगी। मुझसे उसने कहा गांव में ही रहकर कुछ करो बाहर नहीं जाना है। लेकिन मैनें जब कहा कि मैं गांव में नहीं रहूंगा, बाहर ही कमाने के लिए जाऊंगा।ह्व पति लालू राम ने बताया, श्इस पर पत्नी बोली आप यहां नहीं रहेंगे तो मैं मायके चली जाऊंगी। इस पर मैंने कहा कि पैसा मैं भेजते रहूंगा हर महीना। तुम गांव में ससुराल में ही रहना। वह बोली मेरा भाई संदीप रक्षाबंधन में आएगा तो मैं उसके साथ मायके चली जाऊंगी। वह जिद करने लगी कि अभी ही मैं चली जाऊंगी। वह अक्सर मायके में अपने मां पिता से छोटी-छोटी बातों पर भी विवाद को लेकर बातचीत करती रहती थी। जिससे मेरी नाराजगी रहती थी। मारपीट ज्यादा मैं नहीं करता था लेकिन गाली गलौज करता था। बुधवार की शाम करीब 5,00 बजे जब मैं मवेशी के चारा काट रहा था तभी वह आकर मेरे सामने कुर्सी पर बैठ गई। इसके बाद हम दोनों के बीच विवाद हो गया।ह्व पति लालू राम ने आगे कहा, घास के डंडा से मैंने एक बार उसे मारा। इस बात से आक्रोश में वो जहर लेकर कमरे में गई और अपने दोनों बच्चों को और खुद भी जहर खा लिया। जब उसकी तबीयत काफी खराब हो गई तब मैनें उसे सहरसा के एक प्राइवेट क्लीनिक में भर्ती कराया। जंहा डेढ़ साल की बेटी पहुंचते ही मर गई। जबकि पत्नी और बेटा इलाजरत है। माधव हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ अभिमन्यु कुमार ने कहा कि मधुरा गांव से एक महिला और 2 बच्चों के प्वाइजनिंग का केस आया। जिसमे एक बच्ची मौत हुई जबकि दो इलाजरत है। अभी फिलहाल दोनों खतरे से बाहर है। सहरसा सदर थानाध्यक्ष अजय कुमार पासवान ने कहा पॉइजनिंग केस का मामला सामने आया है। एक बच्ची की मौत हुई है। ' फर्द बयान के आधार पर अग्रतर करवाई किया जाएगा।

## विधायक के साथ हुए अपमान व दुर्व्यवहार के विरोध में आईआईपी कार्यकत्र्ताओ ने जताया आक्रोश

**सहरसा शहर (एनएसबी)** आईआईपी विधायक ई आईपी गुप्ता के द्वारा आरक्षण को लेकर स्थगन प्रस्ताव लाये जाने के कारण उनके साथ किए गए दुर्व्यवहार के विरोध में गुरुवार को शहर के वीर कुंवर सिंह चैक पर इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के जिलाध्यक्ष विद्यानंद शर्मा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकत्र्ताओ द्वारा विरोध प्रदर्शन आयोजित कर आक्रोश जताया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि बिहार विधानसभा में सहरसा विधायक सह इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर आई. पी. गुप्ता द्वारा तांती-ततवा आरक्षण के मुद्दे पर स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से अपनी बात रख रहे थे। इस दौरान उनके साथ सदन में कथित रूप से अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज एवं मारपीट की घटना हुई।जिसका पार्टी कार्यकर्ताओ ने कड़ा विरोध जताया।उन्होने कहा कि ई आईपी गुप्ता अकेले किसी व्यक्ति का नाम नहीं है उनके पीछे बिहार के सभी ताती ततमा समाज एकजुट है। इनके आरक्षण के लिए श्री गुप्ता ने बिहार विधानसभा में आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के विधायक द्वारा मुख्यमंत्री की उपस्थिति में दुर्व्यवहार किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है ।उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री से माफी मांगने की मांग की।वही प्रदेश महासचिव टुनटुन शर्मा ने कहा कि आईपी गुप्ता का अपमान पार्टी कार्यकर्ता कभी सहन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक मुख्यमंत्री माफी नहीं मांगते हैं तब तक पार्टी द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। अध्यक्ष विद्यानंद शर्मा ने कहा कि आईपी गुप्ता के समर्थन में सभी ताती ततमा समाज के लोग एकजुट है। उनके अपमान का बदला लेने के लिए पार्टी कार्यकताओं द्वारा प्रजातांत्रिक ढंग से विरोध जारी रहेगा। वहीं प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर धनोज कुमार ने कहा कि ताती ततमा समाज के लिए आईपी गुप्ता उम्मीद की एक नई किरण है जिनके नेतृत्व में तांती ततमा समाज में आशा की किरण जगी है ।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा आईपी गुप्ता के साथ किया गया अपमानजनक व दुर्व्यवहार के लिए मुख्यमंत्री माफी मांगे। इस मौके पर छोटेलाल शर्मा, चंद किशोर शर्मा, वैद्यनाथ शर्मा, विधायक प्रतिनिधि अमित कुमार, इमरान खान, प्रदेश सचिव युवा पिंटू शर्मा, अरुण शर्मा, नारायण शर्मा, जिला संयोजक संजय शर्मा, प्रदेश सचिव भागेश्वर शर्मा, रूपकांत शर्मा, अनंत किशोर, कुंदन यादव, पल्लू शर्मा, कुमोद शर्मा, राजा मिश्रा, शिवलू शर्मा, अमरेश कुमार, गोनर शर्मा, अवधेश यादव, लक्ष्मण शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।



प्रदर्षन करते इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के कार्यकत्र्ता

## जिलें के तीन स्थानों पर हर्षोल्लास से मनाया गया बीएमएस का 72वां स्थापना दिवस

**सहरसा शहर (एनएसबी)** विश्व का सबसे बड़ा राष्ट्रवादी देशभक्त मजदूर संगठन भारतीय मजदूर संघ का 72वां स्थापना दिवस गुरुवार को कहरा कुटी कार्यालय मे धूमधाम से हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जिला अध्यक्ष संतोष पासवान ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस शहर के कहरा कुटी, सलखुआ, बनमा इटहरी, महिषी क्षेत्र में मनाया गया। इस अवसर पर झंडोत्तोलन के साथ साथ भारत माता, विश्वकर्मा भगवान एवं संस्थापक मा दतोपंत ठेंगड़ी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।इसके साथ ही भारतीय मजदूर संघ का ध्येय गीत, संगठन गीत के साथ-साथ रीति नीति के संबंध मे विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला मंत्री सुभाष चंद्र झा ने बताया कि देशभक्त संगठन भारतीय मजदूर संघ की स्थापना महान चिंतक श्रद्धेय मा दतोपंत ठेगड़ी ने 23 जुलाई 1955 को भोपाल में शुन्य से शुरूआत किया।जो आज वटवृक्ष के सामान भारत का सबसे बड़ा संगठन बन गया है। भारतीय मजदूर संघ ने श्रमिकों को आदर सम्मान के साथ उनके हक अधिकार दिलाया। भारतीय मजदूर संघ ने वामपंथी मजदूर संगठन के नारो से अलग देश के हित में करेगें काम काम का लेगें पूरा दाम नारा बुलंद किया। उन्होंने कहा कि आज भारत को अस्थिर करने की गुप्त प्रयास किए जा रहे हैं जिसे मजदूर संघ के कार्यकर्ता को उन शक्तियों को पहचानना है। विदेशी एजेंडा और साजिशों को असफल करना है। देश में कानून व्यवस्था बिगड़ने पर औद्योगिक क्रांति के लिए खतरा उत्पन्न होता है। जिसके कारण अर्थव्यवस्था कमजोर होती है। ऐसे में किसी भी क्षेत्र के आंदोलन राष्ट्र को तबाह करने का साधन नहीं होना चाहिए बल्कि यह भारत की प्रगति मे सहायक और स्वस्थ चचाओं का मंच बनना चाहिए। इस अवसर पर मजदूर संघ के महिषी प्रखंड अध्यक्ष रीता देवी एवं सलखुआ प्रखंड अध्यक्ष रुदल दास के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमे बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर निधि कुमारी,अंजली देवी, रंजन देवी, रानी देवी, सुखिया देवी,बबिता देवी, विवाह देवी,रंजू देवी, शेखावटी देवी, अरुणा देवी, मानी कुमारी, रीना देवी, लक्ष्मी देवी, बबिता देवी, पुनीता देवी, खुशबू कुमारी, मनीषा देवी, पुणा देवी, रीना देवी, लीला देवी,रोशन देवी, रूपम देवी, प्रियंका देवी, संगीता देवी, सिकंदर शाह, मनोज कुमार साह सहित अन्य मौजूद रहे।



स्थापना दिवस जिलाध्यक्ष व अन्य

## आरजेएम कालेज में स्नातकोत्तर छात्राओं के लिए भव्य विदाई समारोह आयोजित

**सहरसा शहर (एनएसबी)** रमेश झा महिला महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में स्नातकोत्तर पीजी की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शहर के प्रख्यात शल्य चिकित्सक डॉ.अजय कुमार सिंह उपस्थित रहे। जिनका छात्राओं के इंटर्नशिप कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा कराने में विशेष योगदान रहा। उन्होंने अपने संबोधन में छात्राओं को भविष्य की हर चुनौती का निडरता से सामना करने के लिए प्रेरित किया।गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ.वरुण कुमार ने छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए आश्वस्त किया कि वे शिक्षा के क्षेत्र में मार्गदर्शन के लिए हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे।मंच पर मौजूद प्राध्यापिकाओं में डॉ.नीलू कुमारी, डॉ.रिंकी कुमारी, डॉ.सुनीता कुमारी एवं डॉ.मिकी सिंह ने भी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपना आशीर्वाद दिया। समारोह में महाविद्यालय के अनेक सम्मानित प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएँ उपस्थित रहे। जिनमें डॉ रीना झा,डॉ बेबी कुमारी,डॉ भारती सिन्हा,डॉ प्रभा कुमारी, डॉ रमा कुमारी, डॉ निक्की कुमारी, डॉ जुबेदा नाज, डॉ ज्योति सिन्हा, डॉ रुचि, डॉ माला, डॉ रानी कुमारी, डॉ किरण कुमारी, सरिता कुमारी, अभिषेक सिंह एवं संजीत सर प्रमुख थे।



पीजी की छात्राओं को विदाई देते

## वित्तीय साक्षरता और व्यवसाय प्रबंधन से सशक्त होंगी मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की लाभुक महिलाएँ

**सहरसा शहर (एनएसबी)** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत लाभुकों को द्वितीय एवं उससे ऊपर की किस्त की राशि का लाभ प्रभावी ढंग से दिलाने तथा उनके व्यवसाय को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सहरसा जिले के शिक्षण प्रशिक्षण केंद्र, सुलिंदाबाद में एक दिवसीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका श्लोक कुमार के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जीविका के जिला स्तर के सभी प्रबंधक, प्रखंड स्तर के सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधक एवं संबंधित कर्मियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मास्टर ट्रेनरों को तैयार करना था, ताकि वे आगे प्रखंड एवं ग्राम स्तर पर लाभुकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वित्तीय साक्षरता, व्यवसाय योजना निर्माण, ऋण राशि के प्रभावी उपयोग, व्यवसाय संचालन, आय वृद्धि के उपाय तथा उद्यम प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों द्वारा यह बताया गया कि योजनाओं से प्राप्त वित्तीय सहायता का उचित उपयोग कर लाभुक अपने व्यवसाय को अधिक लाभकारी बना सकते हैं तथा स्थायी आय का स्रोत विकसित कर सकते हैं। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक श्री श्लोक कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से लाभुकों को व्यवसाय संचालन एवं वित्तीय प्रबंधन की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनरों से अपेक्षा की कि वे प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को जमीनी स्तर तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ ।प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मास्टर ट्रेनर आगामी दिनों में प्रखंड स्तर के कैडरों को प्रशिक्षित करेंगे। इसके बाद कैडर ग्राम संगठन स्तर पर मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लगभग चार लाख लाभुकों को वित्तीय साक्षरता एवं व्यवसाय प्रबंधन का प्रशिक्षण देंगे। इससे लाभुक अपने उद्यमों का बेहतर संचालन कर सकेंगे, आय में वृद्धि होगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने योजना के सफल क्रियान्वयन एवं लाभुकों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।



कार्यक्रम में जीविका अधिकारी व कर्मी

# पेपर लीक युवाओं के भविष्य के सवाल पर कांग्रेस का छात्रों की गूंज, छात्र संवाद कार्यक्रम आयोजित

**सहरसा शहर (एनएसबी)** पिछले 12 वर्षों में देशभर में कम-से-कम 152 पेपर लीक की घटनाओं से साढ़े 7 करोड़ से अधिक छात्र प्रभावित हुए हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का आरोप है कि यह स्थिति मोदी सरकार की संगठित पेपर लीक माफिया के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने में विफलता तथा जवाबदेही तय करने से लगातार इनकार का परिणाम है।इन्हीं मुद्दों को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत देश के 128 स्थानों पर छात्रों की गूंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंबेडकर छात्रावास, जननायक कपूरी छात्रावास एवं युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नीरज कुमार निराला एवं एनएसयूआई जिला अध्यक्ष नीतीश कुमार के संयोजन में देव रिसॉर्ट में आयोजित हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने भारतीय युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव चंद्र यादव, छत्तीसगढ़ के विधायक राघवेंद्र सिंह तथा एआईसीसी सदस्य एवं एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केशर कुमार सिंह को पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया था।सहरसा के देव रिसॉर्ट में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत राहुल गांधी द्वारा कोटा एवं देहरादून में दिए गए प्रस्तुतिकरण के प्रदर्शन से हुई। इसके बाद छात्रों एवं शिक्षकों के साथ संवाद स्थापित किया गया। छत्तीसगढ़ के विधायक राघवेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदीप जोशी, जो पूर्व में विभिन्न लोक सेवा आयोगों के अध्यक्ष रहे और जिनके कार्यकाल में बड़े पैमाने पर पेपर लीक के आरोप लगे, उन्हें राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी का अध्यक्ष बनाया गया। उन्होंने कहा कि एनटीए के अध्यक्ष के रूप में उनकी भूमिका संदेह के घेरे में है और उन्हें तत्काल पद से हटाया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि एनटीए में पारदर्शिता का गंभीर अभाव है तथा छात्रों ने अपनी ओएमआर शीट के माध्यम से परीक्षा प्रक्रिया में अनियमितताओं की ओर ध्यान आकर्षित किया है। एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, एआईसीसी सदस्य एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक केशर कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नीट परीक्षा से जुड़ी कोचिंग व्यवस्था एवं उससे संबंधित संपूर्ण अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 1.32 लाख करोड़ रुपये का है। उन्होंने कहा कि यह राशि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय सहित कई मंत्रालयों के संयुक्त बजट से भी अधिक है। उन्होंने मांग की कि सरकार गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करे, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर छात्र भी समान अवसर प्राप्त कर सकें। केशर कुमार सिंह ने छात्रों से अपील की कि वे अपने अधिकारों की लड़ाई शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से लड़ें। कार्यक्रम के अंत में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश कुमार झा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।एनएसयूआई की पूर्व राष्ट्रीय संयोजक मनीष कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम सिर्फ नीट या अन्य पेपर लीक के खिलाफ ही नहीं है। युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मृणाल कामेश ने कहा केंद्र सरकार और बिहार सरकार छात्रों की एजुकेशन और नौकरी बहाली को लेकर अपनी नीति को बदलें नहीं तो या आंदोलन रुकने वाली नहीं है।



# मध्याह्न भोजन में सांप मिलने से हड़कंप

दैनिक नवसंदेश

**चौथम।** प्रखंड क्षेत्र के कन्या मध्य विद्यालय, धुतौली मालपा में गुरुवार को एमडीएम (मध्याह्न भोजन) में मरे हुए सांप का बच्चा मिलने से विद्यालय में हड़कंप मच गया। घटना के बाद छात्र-छात्राओं में दहशत फैल गई। घबराहट के कारण दो दर्जन से अधिक बच्चों की तबीयत बिगड़ गई, जबकि सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में अभिभावक और ग्रामीण विद्यालय पहुंच गए तथा बच्चों को तत्काल चौथम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। घटना की खबर पूरे प्रखंड में तेजी से फैल गई।

चौथम सीएचसी में एक साथ बड़ी संख्या में बच्चों के पहुंचने से कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। उस समय अस्पताल में महिला बंध्याकरण शिविर भी चल रहा था, लेकिन स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल के सभी स्वास्थ्यकर्मी बच्चों के इलाज में जुट गए। ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों के अलावा अन्य डॉक्टरों को भी तत्काल बुलाया गया और बच्चों का उपचार शुरू किया गया। कुछ बच्चों की अधिक घबराहट और कमजोरी को देखते हुए उन्हें स्लाइन भी चढ़ाई गई। सीएचसी प्रभारी डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला फूड प्वाइजनिंग का नहीं लग रहा है। उनके अनुसार, भोजन में सांप मिलने की सूचना के बाद बच्चों में भय और घबराहट का माहौल बन गया, जिससे कई बच्चों को बेचैनी, चक्कर और अन्य सामान्य लक्षण महसूस हुए। सभी बच्चों का लक्षणों के आधार पर उपचार किया जा रहा है और उन्हें निगरानी में रखा गया है।

## अस्पताल के चिकित्सकों ने कहा - घबराहट से बिगड़ी बच्चों की तबियत



स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती बच्चे।



अभिभावकों से घटना की जानकारी लेते जिला शिक्षा पदाधिकारी।

उन्होंने बताया कि फिलहाल सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं। विद्यालय की छात्राएं राधिका कुमारी, कोमल कुमारी, रितिका कुमारी, खुशी कुमारी, काजल कुमारी, सृष्टि कुमारी और ब्यूटी कुमारी समेत कई बच्चों ने सिरदर्द और पेट दर्द की शिकायत की। हालांकि चिकित्सकों के अनुसार अधिकांश बच्चों में घबराहट के लक्षण अधिक देखने को मिले। घटना की सूचना मिलते ही जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार गौड़, चौथम बीडीओ तथा प्रखंड के प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार सीएचसी पहुंचे। अधिकारियों ने बच्चों का हालचाल जाना और चिकित्सकों से उपचार की जानकारी ली। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि विद्यालयों में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर पहले से ही निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में साफ-सुथरे वातावरण में भोजन तैयार करने और परोसने के साथ-साथ परिसर की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही घटना की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, सभी बच्चों की हालत स्थिर है और किसी में भी गंभीर फूड प्वाइजनिंग के लक्षण नहीं मिले हैं। प्रारंभिक जांच में अधिकांश बच्चों की तबीयत बिगड़ने का कारण भय और घबराहट माना जा रहा है। प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

## संक्षिप्त खबरें

### छापेमारी के दौरान देसी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** बरेटा गांव में पुलिस ने देसी चुलाई शराब बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार करते हुए बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस प्रतिवेदन के अनुसार सूचना मिली कि बरेटा गांव निवासी छोटू कुमार अपने घर में देसी चुलाई शराब रखकर उसकी बिक्री कर रहा है। सूचना मिलने के बाद गोगरी थाने की पुलिस ने चौकीदार के साथ मौके पर पहुंचकर घर की घेराबंदी कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक व्यक्ति घर की चारदीवारी के पास प्लास्टिक के जारकिन को फेंककर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम छोटू कुमार बताया। जारकिन में करीब पांच लीटर देसी चुलाई शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में गोगरी थानाध्यक्ष ने कहा कि केस दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

### 11 सूत्री मांगों को लेकर भाकपा (माले) का धरना

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** भाकपा (माले) की गोगरी अंचल कमेटी की ओर से गुरुवार को अंचल कार्यालय परिसर में सीओ एवं बीडीओ के समक्ष 11 सूत्री मांगों को लेकर धरना आयोजित किया गया। इस दौरान केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए महंगाई, बेरोजगारी, भूमि संबंधी समस्याओं तथा आम लोगों से जुड़े मुद्दों को उठाया गया। पार्टी नेताओं ने कहा कि क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन को शीघ्र कदम उठाने चाहिए। धरने के माध्यम से प्रमुख रूप से भूमिहीनों को पांच डिसमिल जमीन का पर्चा देने, महेशखूंट-गोगरी सड़क निर्माण, परबत्ता रेलवे स्टेशन से सड़क तक अतिक्रमण हटाने, जमालपुर बाजार में सब्जी विक्रेताओं के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने, विद्यालय भवन निर्माण, ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था, सड़क निर्माण सहित कुल 11 मांगों को रखा गया । भाकपा (माले) गोगरी लोकल कमेटी के सचिव सच्चिदानंद सिंह ने जनसमस्याओं के समाधान की आवाज बुलंद की। मौके पर भीम साह, अमर सिंह, प्रकाश प्रेम, शंकर मिश्र आदि उपस्थित रहे।

### जालसाजी कर जमीन हड़पने और जान से मारने की धमकी

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** जमालपुर गांव की संजू कुमारी ने जालसाजी कर जमीन हड़पने, मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए गोगरी थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में संजू कुमारी ने बताया कि उनकी पैतृक जमीन मौजा फतेहपुर में स्थित है। वर्ष 2010 में वीरप्रकाश गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता और जानप्रकाश गुप्ता ने कथित रूप से फर्जी बंटवारा कर अंचल कार्यालय से रसीद कटवा ली और उनकी जमीन पर अवैध दावा कर लिया। विरोध करने पर आरोपितों द्वारा गाली-गलौज, मारपीट तथा जान से मारने की धमकी दी गयी। पीड़िता का कहना है कि जब भी वह झारखंड से अपने गांव जमालपुर आती है, तब आरोपित उनके पीछे आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को लगा देते हैं। यह भी आरोप लगाया गया है कि उनके पति के हिस्से की जमीन को भी जालसाजी कर बेचने का प्रयास किया जा रहा है तथा विरोध करने पर हत्या की धमकी दी जाती है। संजू कुमारी ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपितों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। इस मामले मे गोगरी थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार ने कहा कि आवेदन पर गोगरी थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जदयू प्रदेश महासचिव सुमित कुमार सिंह का भव्य स्वागत



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जदयू के नव मनोनीत प्रदेश महासचिव सह प्रदेश मुख्यालय प्रभारी सुमित कुमार सिंह के प्रथम खगड़िया आगमन पर गुरुवार को शहर के कचहरी रोड स्थित जदयू जिला कार्यालय में भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। जदयू जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सुमित कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने मेरे जैसे छोटे कार्यकर्ता पर जो भरोसे के साथ महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ किया जाएगा। संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं जन-जन तक पहुंचाने के लिए वे शत-प्रतिशत प्रतिबद्ध रहेंगे, ताकि बिहार के विश्वकर्मा कहे जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकासवादी विचारों और संगठनात्मक अभियान को नई मजबूती मिल सके। अध्यक्षता करते हुए जदयू जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने कहा कि सुमित कुमार सिंह को प्रदेश महासचिव एवं प्रदेश मुख्यालय प्रभारी जैसा महत्वपूर्ण दायित्व सौंपकर राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार तथा प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने खगड़िया जिले के कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ाया है।

### बलौर-बोचघसका-कमाथान पुल निर्माण का रास्ता साफ
### पहला टेंडर रद्द होने के बाद री-टेंडर की प्रक्रिया पूरी

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** सदर प्रखंड अंतर्गत उत्तर माड़र पंचायत के बेलौर, बोचघसका एवं कमाथान गांवों के पास प्रस्तावित पुल निर्माण को लेकर विधानसभा में विधायक बबलू कुमार द्वारा उठाए गए तारांकित प्रश्न पर ग्रामीण कार्य विभाग ने विस्तृत जवाब दिया है। विधानसभा में पूछे गए प्रश्न में विधायक ने कहा कि खगड़िया जिले के बेलौर, बोचघसका एवं कमाथान स्थित नदियों पर पुल निर्माण के लिए पहले टेंडर की प्रक्रिया पूरी की गई थी, लेकिन तकनीकी कारणों से उसे रद्द कर दिया गया। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या इन तीनों स्थानों पर पुनः निविदा आमंत्रित कर जल्द निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। इस पर ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार ने अपने जवाब में बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत एक पैकेज में तीन पुलों के निर्माण के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी। इसमें कमाथान के पास बरसोटा घाट, बोचघसका के पास घोड़ाजन नदी तथा बलौर के पास खोनमा धार नदी पर हाई लेवल ब्रिज का निर्माण प्रस्तावित था। पहली निविदा में किसी भी संवेदक ने भाग नहीं लिया, जिसके कारण पुनः जारी किया गया। री-टेंडर में मैसर्स जय माता दी कंस्ट्रक्शन (यदुवंशम इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड जेवी) को योग्य घोषित करते हुए 17 सितंबर, 2025 को कार्यादेश भी जारी किया गया। हालांकि, बाद में जांच के दौरान निविदा में गलत दस्तावेज लगाने का मामला सामने आने पर संबंधित कंपनी का निबंधन दो वर्षों के लिए काली सूची में डाल दिया गया तथा 25 नवंबर, 2025 को जारी कार्यादेश भी रद्द कर दिया गया। सरकार ने अपने उत्तर में स्पष्ट किया है कि अब जिला संचालन समिति से अनुमोदित पुलों की प्राथमिकता सूची मांगी गई है। निधि की उपलब्धता, तकनीकी स्वीकृति और प्राथमिकता सूची प्राप्त होने के बाद इन तीनों पुलों के निर्माण को लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गोगरी पंचायत के उच्च माध्यमिक विद्यालय भवन निर्माण में अनियमितता की शिकायत, जांच के आदेश

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय, गोगरी पंचायत में चल रहे भवन निर्माण कार्य में कथित अनियमितता की शिकायत पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जांच कराने का निर्देश दिया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार गौड़ ने कार्यपालक अभियंता, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम बेगूसराय को भेजे पत्र में कहा है कि बिहार सरकार की एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली सहयोग पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाए। शिकायतकर्ता गोगरी पंचायत निवासी आदित्य राज ने 21 जुलाई, 2026 को दर्ज आवेदन में आरोप लगाया है कि प्लस 2 उच्च माध्यमिक विद्यालय गोगरी के भवन निर्माण में शिलान्यास एवं सूचना पट्ट नहीं लगाया गया है। निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जा रही है। डीईओ ने कार्यपालक अभियंता को मामले की स्थलीय जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा है। पत्र की प्रति शिकायतकर्ता को भी सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है। अब निर्माण कार्य की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि शिकायत में लगाए गए आरोप सही हैं या नहीं।

## गंगा में पानी बढ़ने से रुका अगुवानी-सुल्तानगंज पुल का काम

**परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)।** गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि का असर अगुवानी-सुल्तानगंज गंगा नदी पर निर्माणाधीन फोरलेन पुल पर भी पड़ने लगा है। जलस्तर बढ़ने के कारण निर्माणाधीन पुल के पिलर संख्या 10, 11 और 12 पर चल रहा कार्य पूरी तरह ठप हो गया है। बताया जाता है कि इन तीनों पिलरों पर कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा युद्ध स्तर पर निर्माण कराया जा रहा था। पिलर संख्या 10 और 11 पर वेल कैप का कार्य पूरा हो चुका था, जबकि पिलर संख्या 12 पर वेल कैप का कार्य अंतिम चरण में चल रहा था। इसी बीच गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि होने लगी, जिसके बाद सुरक्षा की दृष्टि से कंस्ट्रक्शन कंपनी ने इन पिलरों पर काम बंद कर दिया। साथ ही इन तीनों पिलरों पर से भारी मशीन हटा लिया है। जानकारों के अनुसार, गंगा के जलस्तर में कमी आने में अभी 4 से 5 महीने लग सकते हैं। ऐसी स्थिति में पिलर संख्या 10, 11 और 12 पर निर्माण दोबारा शुरू होने में चार से पांच महीने का समय लगने की संभावना है। जलस्तर कम होने के बाद ही निर्माण एजेंसी सुरक्षित तरीके से इन पिलरों पर आगे का कार्य शुरू कर सकेगी। इधर, गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि के कारण अगुवानी गंगा घाट की उपधारा में बनाया गया लोहे के पुल पर धीरे-धीरे पानी चढ़ने लगा है। सुरक्षा के मद्देनजर इस पुल के आगे बोल्डर लगा दिया गया है। ताकि वहां का परिचालन पुल पर नहीं हो सके। गंगा के बढ़ते जलस्तर ने एक ओर जहां निर्माण कार्य की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है।



लोहे के पुल से नदी पार करते लोग।

**जलस्तर बढ़ने के कारण पिलर नंबर 10, 11 और 12 पर काम ठप**

**लोहे के पुराने पुल पर चढ़ा पानी नदी पार करने के लिए लोग कर रहे इसी पुल का उपयोग**

## हत्या के आरोपी समेत 10 गिरफ्तार

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** चौथम थाने की पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर हत्या के एक आरोपी सहित नौ वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। यह कार्रवाई फरार आरोपियों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में पूर्व मुखिया प्रतिनिधि गुलाब सिंह, पशुपति प्रसाद, पटेल सिंह, सुधीर सिंह, कैलाश सिंह, मोहन साहनी, संजय साहनी, श्रवण साहनी समेत कुल नौ लोग शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार, वर्ष 2007 में काली मंदिर विवाद के दौरान दो पक्षों के बीच हुए विवाद को शांत कराने पहुंची पुलिस टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया था। इस मामले में न्यायालय में सुनवाई के बाद संबंधित आरोपियों के खिलाफ वारंट जारी किया गया था। विशेष अभियान के दौरान सभी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, चौथम थाना कांड संख्या 257/2025 के तहत बीएनएस की धारा 103 (हत्या) के आरोपी शंकर कुमार, निवासी तेलौंछ गांव, को भी उसके घर से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि फरार अभियुक्तों और न्यायालय के वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान में पुलिस पदाधिकारी कुंदन कुमार, सिंटू कुमार, अभिमन्यु कुमार तथा सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों और वारंटियों के विरुद्ध आगे भी विशेष अभियान जारी रहेगा।



## चौथम में राशन कार्ड को लेकर चलाया जा रहा विशेष अभियान

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र की पंचायतों में राशन कार्ड में नए सदस्यों का नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सरकारी निर्देश के तहत पंचायत भवन और पंचायत सरकार भवनों में शिविर लगाकर पात्र लाभुकों से आवेदन लिए जा रहे हैं।

प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार ने बताया कि सरकार के निर्देश के आलोक में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक पंचायत में शिविर आयोजित कर पात्र लाभुकों के राशन कार्ड में नाम जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को योजना का लाभ मिल सके। वहीं, क्षेत्र के कई लोगों का कहना है कि उन्होंने महीनों पहले राशन कार्ड से संबंधित ऑनलाइन आवेदन किया था, लेकिन अब तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कई आवेदनों का सत्यापन और अनुमोदन लंबित है, जिसके कारण पात्र परिवारों को राशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि पूर्व में सैकड़ों लोगों के नाम राशन कार्ड से हटा दिए गए थे, लेकिन उन्हें दोबारा जोड़ने की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी है। इसके अलावा कई लाभुकों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन भी लंबे समय से बंद पड़ी है। हालांकि, प्रशासन का दावा है कि विशेष अभियान के माध्यम से सभी पात्र लाभुकों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। वहीं, ग्रामीणों की मांग है कि केवल शिविर लगाने के बजाय लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन कर पात्र परिवारों को समय पर योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए।

## अल्पसंख्यक परित्यक्ता व तलाकशुदा को बनाना है आत्मनिर्भर : डीएम

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता एवं तलाकशुदा महिला सहायता योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिकाधिक पात्र लाभुकों तक योजना का लाभ पहुंचाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने समीक्षा के दौरान बताया कि बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता एवं तलाकशुदा महिलाओं को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है। योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को 25,000 की एकमुश्त अनुदान राशि दी जाती है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी चन्दन कुमार ने बताया कि योजना के अंतर्गत 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग की ऐसी अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता एवं तलाकशुदा महिलाएं, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय चार लाख से कम है, आवेदन करने की पात्र हैं। मुस्लिम परित्यक्ता के अंतर्गत ऐसी महिला आती है, जिसका विवाह हो चुका हो, किन्तु जिसे उसके पति द्वारा दो वर्ष अथवा उससे अधिक अवधि से परित्यक्त कर दिया गया हो तथा उसके जीवन-यापन की कोई व्यवस्था पति द्वारा नहीं की जा रही हो। इसके अतिरिक्त यदि पति पूर्ण मानसिक दिव्यांगता के कारण परिवार के भरण-पोषण में असमर्थ हो, तो ऐसी महिला भी योजना के लिए पात्र होगी।

## नाबालिग लड़की का अपहरण, मामला दर्ज

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** मुश्कीपुर नगर वार्ड संख्या-35 से 16 वर्षीय लड़की के कथित अपहरण का मामला सामने आया है। मामले में पीड़िता के परिजन के आवेदन पर गोगरी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि लड़की घर से लापता है। काफी खोजबीन के बाद जानकारी मिली कि पड़ोस का युवक उसे बहला-फुसलाकर शादी की नीयत से अपने साथ ले गया। आवेदन में लड़का के अलावे उसकी मां, पिता पर सहयोग करने का आरोप लगाया गया है। आवेदन देने में हुई देरी का कारण परिजनों ने रिश्तेदारों के यहां लगातार खोजबीन करना बताया है। इस मामले में गोगरी थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार ने कहा कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा नाबालिग की बरामदगी और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है।

## पीएम और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का पुतला फूंका




**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** भारत सरकार के द्वारा अमेरिका के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौते के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का पुतला फूँक कर आक्रोशपूर्ण विरोध दर्ज किया। सीपीआईएम जिला कार्यालय से बिहार राज्य किसान सभा के बैनर तले दर्जनों किसानों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का पुतला लेकर सीपीआईएम जिला कार्यालय से ट्रेड डील के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मार्च किया। यह मार्च डाव भीमराव अम्बेडकर मार्ग के अनुमंडल कार्यालय तक पहुंच कर फिर वापस हस्पिटल चौक पहुंचा,जहां दोनों पुतलों को बिहार राज्य किसान सभा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिंह ने आग के हवाले कर दिया। मौके पर किसानों को संबोधित करते हुए बिहार राज्य किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार लगातार जनविरोधी नीतियां बना कर देश की आर्थिक स्थिति को ध्वस्त कर रही है। केन्द्र की मोदी सरकार पिछले दिनों देश में सर्वाधिक रोजगार पैदा करने बाली जो बड़ी-बड़ी कंपनियां थी, जिसमें सेल, गेल, भेल, रेल, कोयला, एलआईसी, दूरसंचार सहित कइयों को निजी हाथों में बेच कर देश की अर्थव्यवस्था का कबाड़ा कर दिया। ऐसी स्थिति में देश की अर्थव्यवस्था का एक मात्र रीढ़ किसानी बचा था,जिसने कोरोना काल में अपने दम पर भारत के अर्थव्यवस्था को बहुत हद तक बचा कर रखने में सफलता हासिल किया था। संजय कुमार ने कहा भारत के 65 प्रतिषत लोगों के रोजगार और आजीविका का साधन खेती है,ऐसे में खेती को बढ़ावा देने की नीतियां बनाने की जिम्मेदारी सरकार की है। उन्होंने कहा ठीक इसके उलट मोदी सरकार अभी हाल ही में अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौता किया है,जिसमें अमेरिका के एकतरफा शर्तो पर हस्ताक्षर किया है। अमेरिका एक बड़े बाजार के रूप में भारत को ध्यान में रख कर यह ट्रेड डील किया है। मौके पर मौजूद लोगों को सीपीआईएम जिला सचिव सुरेन्द्र प्रसाद, किसान सभा के जिला सचिव विनय कुमार सिंह, वरिष्ठ किसान नेता विजय कुमार सिंह और किसान सभा के जिला नेता कुन्दन मेहता ने भी संबोधित किया। नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग करते हुए, जंतर मंतर पर छात्रों के आंदोलन के साथ एकजुटता का ऐलान किया। कार्यक्रम में जिला किसान कौंसिल के नेता अनिल वर्मा, संजीव कुमार, खेतिहर मजदूर यूनियन के जिला सचिव रामविनय सिंह, माला देवी और रामचन्द्र सहनी सहित दर्जनों किसान कार्यकर्ता शामिल हुए।

## मानव व्यापार को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय बेलदौर एवं पीएम श्री गांधी इंटर विद्यालय में मानव व्यापार को लेकर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान बेलदौर थाना के सब-इंस्पेक्टर सरिता कुमारी ने छात्राओं को मानव व्यापार के खतरों, इसके तौर-तरीकों और इससे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्राओं को संबोधित करते हुए एसआई सरिता कुमारी ने कहा कि मानव तस्करी एक गंभीर सामाजिक अपराध है। तस्कर अक्सर बेहतर पढ़ाई, नौकरी या अच्छे जीवन का लालच देकर बच्चों और नाबालिगों को अपना शिकार बनाते हैं। उन्होंने बच्चों को सतर्क रहने और किसी भी अनजान व्यक्ति के झांसे में न आने की सलाह दी। उन्होने कहा कि यदि किसी भी बच्चे को अपने आसपास कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे या कोई लालच देने की कोशिश करे, तो बिना डरे तुरंत अपने शिक्षकों, अभिभावकों या स्थानीय पुलिस को सूचित करें। जागरूकता अभियान के तहत छात्राओं को संकट की स्थिति में मदद पाने के लिए आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 और 1098 के बारे में जानकारी दिया। इस अवसर पर दोनों विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। स्कूल प्रशासन ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास और सतर्कता बढ़ती है। मौके पर आदर्श मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक माधव कुमार समेत विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



## संक्षिप्त खबरें

### पूरे देश में फैले अराजकता भ्रष्टाचार और तानाशाही का जवाब है यह आंदोलन : सपा

**मुंगेर।** पूरे देश में आंदोलन और आंदोलनकारी पर हो रहे बर्बरता को लेकर समाजवादी पार्टी नगर इकाई मुंगेर की एक बैठक नगर अध्यक्ष मोहम्मद आजम की अध्यक्षता में बेलन बाजार स्थित पार्टी के अस्थाई कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें अगले आन्दोलन की रूप रेखा तय करने के साथ ही राष्ट्र हित में हो रहे इस आन्दोलन को हर मोर्चे पर समर्थन देने का निर्णय लिया गया। बैठक में मौजूद सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि भाजपा के अराजकता भ्रष्टाचार तानाशाही धार्मिक व जातियां उन्माद के विध्वंसक कुत्यों का जवाब है यह आंदोलन और भाजपा अपने गुंडा के दम पर इस आंदोलन को बदनाम करने के मुहिम में जुटी है और समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर संसद तक आन्दोलनकारियों के समर्थन में भाजपा को मुहतोड़ जबाब देने के लिए खडी है।वही अध्यक्षता कर रहे हैं मो आजम ने कहा कि आंदोलनकारी पर जिस तरह से लाठी डंडा बरसाया जा रहा है पत्थर बाजी की जा रही है यह केंद्र और राज्य सरकार के बौखलाहट का परिणाम है जिसका जबाब देने के लिए आम जनता तैयार है।वही महासचिव गोपाल वर्मा ने कहा की ड लोहिया ने कहा था कि निकलो घर मकान से जंग लड़ो बेईमानों से आज बेईमानों से जंग लड़ने का समय आ गया है।बैठक में मनीष यादव गौरव कुमार यादव मो अनवर सुबोध मंडल अमित राम सहित अन्य सपाई मौजूद थे।

### बदमाशों ने युवक को गोली मारी, घायल युवक पीएमसीएच में भर्ती

**फतुहा।** थाना क्षेत्र के गोविंदपुर स्थित बजरंग बली मंदिर के पास गुरुवार को दिनदहाड़े फायरिंग की घटना से सनसनी फैल गई। बाइक सवार अपराधियों ने चाय की दुकान पर बैठे एक युवक को गोली मार दी। गोली युवक की बाईं जांघ में लगी है। घटना के बाद उसे तुरत फतुहा अस्पताल पहुंचाया गया जहां से उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार मौजीपुर निवासी स्व सुरेंद्र कुमार का 30 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र कुमार बजरंगबली के पास एसएच-106 किनारे एक चाय दुकान पर बैठा था। इसी दौरान बाइक पर आए अज्ञात अपराधियों ने उस पर फायरिंग कर दी। बदमाशों की एक गोली धर्मेंद्र की बाईं जांघ में घुसकर फंस गई है। गोली की आवाज सुनते ही आसपास अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद बदमाश मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की जानकारी पुलिस को देते हुए घायल को इलाज के लिए फतुहा अस्पताल भेज दिया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डक्टर ने उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। फिलहाल युवक को गोली लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालते हुए मामले की छानबीन में जुटी है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**फतुहा।** बुधवार को स्टेशन के प्लेटफर्म नम्बर दो के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। रेल थाने के एएसआई भूमनाथ सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है, उसकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### फरार चल रहे तीन आरोपित गिरफ्तार

**फतुहा।** नदी थाने की पुलिस ने गुरुवार को विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर फरार चल रहे तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि गुलमहियाचक निवासी राजा कुमार, सबलपुर निवासी संजय कुमार और दीदारगंज निवासी पंचा राय को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दूसरी ओर फतेहजामपर रेलवे लाइन टावर के पास से लावारिस 180 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की गई है।

# शहर के तमाम विपक्षी दलो एवं छात्र संगठनों ने निकाला प्रोटेस्ट मार्च

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** दिल्ली के जंतर-मंतर और पटना के डाक बंगला चौराहा पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए हिंसात्मक लाठीचार्ज के विरोध में जमालपुर की जनता एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की।जमालपुर शहर के तमाम विपक्षी दलो, सामाजिक ,व्यावसायिक महिला एवं छात्र संगठनों के संयुक्त नेतृत्व में प्रोटेस्ट मार्च निकाला गया। हाथों में तिरंगा झंडा एवं महापुरुषों की तस्वीर लिए हुए जमालपुर शहर के व्यावसायिक हृदय स्थली बराट चौक से शुरू होकर स्टेशन मोड़, जुबली वेल, अवंतिका मोड़, शनि मंदिर, सदर फाड़ी, जनता मोड़, भारत माता चौक, 6 नंबर गेट पहुंचकर ड भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के सामने समापन हुई। जुलूस में शामिल लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर गगन भेदी नारे लगा रहे थे। देश का झंडा तिरंगा नहीं चलेगा दो रंगा, पहले लड़े थे गोरों से अब लड़ेंगे चोरों से,





प्रोटेस्ट मार्च करते विपक्षी दल सहित छात्र।

लाठी गोली की सरकार नहीं चलेगी नहीं चलेगी, निर्दोष छात्रों पर लाठी चलाना बंद करो, जुल्मी जब जब जुल्म करेगा सत्ता के गलियारों से चप्पा चप्पा गूंज उठेगा इंकलाब के नारों से, जब-जब मोदी डरता है पुलिस को आगे करता है, रंगा बिल्ला की सरकार नहीं चलेगी नहीं चलेगी, छात्रों के हितों का हनन हुआ तो खून बहेगी सड़कों पर।मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष साईं शंकर, राजद नगर अध्यक्ष बमबम यादव, कामरेड मुरारी प्रसाद,एसयूसीआई प्रखंड अध्यक्ष सकिचन मंडल, प्रमोद कुमार, डीवाईओ विकास कुमार, सपा प्रदेश महासचिव रविकांत झा, सपा मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति, अल इंडिया अप्रेंटिस एसोसिएशन अध्यक्ष चंदन पासवान, महिला संस्ति संगठन से रेणु ,अंजलि, राजेश्री कुमारी, विभा देवी, कुमारी शांभवी, केंद्रीय विसर्जन समिति के अध्यक्ष बबलू पासवान,भवेश चौधरी, मोहम्मद मौकीम, मोहम्मद बरकत कुरैशी, मास्टर मनोज यादव, सिद्धेश्वर नाथ विश्वकर्मा, अरविंद कुमार नागेश्वर, यादव विनय यादव, भागीरथ यादव भरत कुमार, चंदन तांती,मयंक राज,मोहम्मद वसीम रजा, शरद चंद्र राय, विजय तांती, सौरभ जयसवाल, रोशन गुप्ता, अवधेश कुमार, जितेंद्र कुमार राजीव कुमार, अमृत प्रभात कुमार पंकज कुमार प्रेम कुमार, अभिषेक कुमार, ऋषभ कुमार अमित कुमार, सागर कुमार,आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पत्नी अपहरण मामले में पति का यू-टर्न बोला- अपहरण नहीं, प्रेमी के साथ गई थी पत्नी

**जमालपुर (मुंगेर) ।** मुंगेर-जमालपुर मुख्य मार्ग स्थित नौलखा हवाई अड्डा के समीप कथित पत्नी अपहरण मामले में बुधवार को बड़ा मोड़ आ गया। घटना के दो दिन बाद पीड़ित पति आनंद कुमार ने अपने ही आरोपों से पलटते हुए जमालपुर थाना में लिखित आवेदन देकर स्पष्ट किया कि उसकी पत्नी का अपहरण नहीं हुआ था, बल्कि वह अपनी मर्जी से अपने पुराने प्रेमी के साथ चली गई थी।सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के अबूगंज निवासी आनंद कुमार ने बताया कि 29 जून को उसकी शादी हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र निवासी अर्चना कुमारी से हुई थी। शादी के बाद दोनों मुंगेर के मछली तालाब घूमने गए थे। घर लौटने के दौरान नौलखा हवाई अड्डा के पास उसने दावा किया था कि हथियारबंद बदमाशों ने उसकी पत्नी का अपहरण कर लिया। इसी आधार पर पुलिस को सूचना दी गई थी।हालांकि, बुधवार को आनंद कुमार ने जमालपुर थाना पहुंचकर नया बयान दिया। उसने बताया कि बाद में उसे जानकारी मिली कि उसकी पत्नी पहले से ही खड़गपुर थाना क्षेत्र के राम बिहारीपुर निवासी बिट्टू उर्फ आदित्य यादव से संबंध में थी और उसी के साथ स्वेच्छा से चली गई। उसने कहा कि अब उसे इस मामले में किसी से कोई शिकायत नहीं है और उसने पुलिस को दिए अपने पूर्व आरोप वापस ले लिए हैं।आनंद कुमार ने यह भी कहा कि पत्नी की पूर्व वैवाहिक और प्रेम संबंधी जानकारी उसे शादी से पहले नहीं थी। सच्चाई सामने आने के बाद उसने अर्चना से अलग होने और कानूनी प्रक्रिया के तहत तलाक लेने का निर्णय लिया है।इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया कि पति ने स्वयं थाना पहुंचकर लिखित रूप से स्वीकार किया है कि अपहरण की बात सही नहीं थी। उसने स्पष्ट किया है कि उसकी पत्नी अपनी इच्छा से अपने पुराने प्रेमी के साथ गई है तथा अब उसे किसी प्रकार की शिकायत नहीं है। पुलिस ने पति के नए बयान को अभिलेख में दर्ज कर आगे की आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।



जानकारी देते सुल्तानगंज के आनंद कुमार।

## रेल प्रशासन और एससी-एसटी रेलवे इंप्लाइज एसोसिएशन के बीच द्वितीय अनौपचारिक बैठक

**जमालपुर (मुंगेर) ।** अल इंडिया एससी एंड एसटी रेलवे इंप्लाइज एसोसिएशन, जमालपुर वर्कशप और रेल प्रशासन के बीच वर्ष 2026 की द्वितीय अनौपचारिक बैठक गुरुवार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इसी अवसर पर एसोसिएशन के 16 नामित पदाधिकारियों का स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष मुनेश्वर टुडू ने की।एसोसिएशन के सचिव सतीश कुमार भारती ने बताया कि बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों के साथ-साथ सभी रेल कर्मचारियों के हित एवं कल्याण से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने रेलवे र्टरों के बेहतर अनुरक्षण, कर्मचारियों की शिकायतों के त्वरित पंजीकरण एवं निस्तारण के लिए रेलवे बिल्डिंग मेंटेनेंस सिस्टम एप को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग उठाई। इसके अलावा चक्का घर की छत पर शीघ्र शीट लगाने, आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा रेलवे मुख्य अस्पताल, जमालपुर में नवजात शिशुओं के उपचार के लिए एनआईसीयू की स्थापना और प्रसूति सेवाओं के सुचारू संचालन हेतु मुंगेर के सक्षम अस्पताल के साथ आवश्यक टाई-अप कराने का मुद्दा भी प्रमुखता से रखा गया।बैठक की अध्यक्षता कर रहे उप मुख्य यांत्रिक अभियंता उत्पाद ड़ अभ्युदय ने सत्र 2026-29 के लिए गठित एसोसिएशन की नई टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एसोसिएशन द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों और कर्मचारियों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।बैठक में डिप्टी सीएमई वैगन प्रीतम कुमार, कारखाना कार्मिक अधिकारी राजीव कुमार, सहायक कल्याण अधिकारी संजय कुमार तांती, बिहारी जायसवाल, अजय विश्वास, सुमित कुमार, संजीव कुमार, राम रतन सिंह मुंडा, ब्रिधन पासवान, टिंकू कुमार, शिवसागर सोरेन, महेंद्र कुमार, लोकेश कुमार मीणा, अजय राउत, अरुण कुमार, राम प्रवेश रजक, अरविंद कुमार, राजेंद्र राम सहित एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं रेल प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।



रेल अधिकारी को बुक भेंट करते अध्यक्ष व सचिव।

## लहू वही जो देश के काम आए, चंद्रशेखर आजाद जयंती पर रक्तदाताओं का सम्मान

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की 121वीं जयंती पर गुरुवार को इंडियन रेड क्रस सोसायटी, उपजिला शाखा बाढ़ की ओर से कोर्ट एरिया स्थित कार्यालय में पुष्पांजलि सह रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभक्ति, सामाजिक सेवा और स्वैच्छिक रक्तदान का संदेश प्रमुखता से दिया गया।मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी ड़ सुनील कुमार रवि ने कहा कि ष्हर हिंदुस्तानी महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के त्याग और बलिदान का ऋणी है। लहू वही पवित्र है, जो देश और मानवता के काम आए।ष उन्होंने युवाओं से राष्ट्रसेवा के साथ-साथ नियमित स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने का आह्वान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रेड क्रस सोसायटी उपजिला शाखा, बाढ़ के चेयरमैन विनय कुमार ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद का अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और बलिदान आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना ही आजाद को अमर बनाती है।कार्यक्रम का संचालन कवि एवं लेखक हेमंत कुमार ने किया। इस अवसर पर हाल ही में स्वैच्छिक रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा मानव जीवन बचाने में उनके योगदान की सराहना की गई।समारोह में रेड क्रस के कोषाध्यक्ष ड़ डी़बी़ सिंह, वरिष्ठ सदस्य शंभू नारायण सिंह, वार्ड पार्षद परमानंद सिंह, वरिष्ठ पत्रकार सतीश सत्यार्थी, विजय कुमार, सत्येन्द्र कुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति, मानव सेवा और स्वैच्छिक रक्तदान के संकल्प के साथ हुआ।




कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

## बाढ़ राहत तैयारियों को लेकर प्रखंड कार्यालय में बैठक, सभी पंचायतों से मांगे गए सुझाव

**जमालपुर (मुंगेर) ।** संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने एवं राहत कार्यो की तैयारियों की समीक्षा को लेकर गुरुवार को प्रखंड कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी श्वेता कुमारी एवं अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी ने संयुक्त रूप से की। इसमें विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों ने भाग लेकर अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और आवश्यकताओं से प्रशासन को अवगत कराया।बैठक में परहम, सिंधिया, कलारामपुर, पश्चिम इंदरुख तथा इटहरी पंचायतों के मुखिया, मुखिया प्रतिनिधि, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य एवं बीस सूत्री कार्यक्रम के प्रतिनिधि मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने बाढ़ के दौरान आने वाली संभावित कठिनाइयों पर चर्चा करते हुए समय रहते आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की।बीडीओ श्वेता कुमारी एवं सीओ प्रीति कुमारी ने कहा कि बाढ़ राहत कार्यो में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि संवेदनशील क्षेत्रों में नावों की पर्याप्त व्यवस्था, राहत शिविर, भोजन एवं टिफिन, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सा सुविधा, दवाइयों की उपलब्धता, पशुओं के लिए चारा एवं सुरक्षित स्थान तथा विस्थापित परिवारों के ठहरने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारियों ने सभी जनप्रतिनिधियों से स्थानीय स्तर पर सतर्कता बरतने तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की।बैठक में मुखिया प्रताप नारायण चौधरी, मरजीत मंडल, वार्ड सदस्य रामानंद मंडल, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश मंडल, उपमुखिया अजय कुमार, नीरज कुमार, मोहम्मद निरूला सहित कई पंचायत प्रतिनिधि एवं बीस सूत्री कार्यक्रम के सदस्य उपस्थित थे।



बाढ़ को लेकर बैठक करते बीडीओ एवं सीओ।

# दिल्ली में छात्रों के प्रदर्शन एवं लाठी चार्ज के विरोध में मुंगेर के छात्र हुए उग्र

**मुंगेर (एनएसबी)।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में चल रहे विरोध प्रदर्शन की गूंज अब मुंगेर में भी सुनाई दी। गुरुवार को विभिन्न छात्र संगठनों के आह्वान पर एक हजार से अधिक छात्र डीजे कलेज के समीप एकत्र हुए और हाथों में तख्तियां लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इसके बाद छात्रों ने डीजे कलेज से मुंगेर किला तक विशाल विरोध मार्च निकाला। रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों ने नीट परीक्षा में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, पेपर लीक की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कराने, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की निंदा करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। रैली के पूरे मार्ग पर भारी संख्या में पुलिस बल और पदाधिकारियों की तैनाती की गई थी। पुलिस लगातार प्रदर्शनकारियों की गतिविधियों पर नजर बनाए रही ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। हालांकि पूरा विरोध मार्च शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और कहीं से किसी तरह की हिंसा या अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि जब तक नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सख्त सजा नहीं दी जाती और छात्रों के साथ न्याय नहीं होता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और व्यापक और तेज किया जाएगा। मुंगेर में छात्रों का यह प्रदर्शन सिर्फ नीट पेपर लीक तक सीमित नहीं रहा, बल्कि दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और सरकार के कथित उदासीन रवैये के खिलाफ भी उनका गुस्सा खुलकर सामने आया। फिलहाल पुलिस की मौजूी में प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया है, लेकिन छात्रों ने साफ कर दिया है कि मांगें पूरी नहीं होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।



आक्रोश प्रदर्शन करते छात्र।

## संक्षिप्त खबरें

### महागठबंधन का महाधरना, सरकार और रेल प्रशासन पर साधा निशाना

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर के ऐतिहासिक जुबलीवेल परिसर में गुरुवार को महागठबंधन के बैनर तले विशाल महाधरना आयोजित किया गया। अध्यक्षता नरेंद्र कुमार तांती ने की, तथा संचालन मंटू यादव ने किया। महाधरना में महागठबंधन के विभिन्न घटक दलों के नेता, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि जमालपुर में रेलवे, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, जलापूर्ति और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे वर्षो से लंबित हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन की ओर से अपेक्षित पहल नहीं की जा रही है। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। मुख्य अतिथि राजद प्रदेश सचिव जितेंद्र कुशवाहा तथा विशिष्ट अतिथि राजद जिलाध्यक्ष अनिल कुमार भूषण थे। उन्होंने केंद्र व राज्य की दोहरी नीतियों को कोसा, तथा कहा कि हर तबका सरकार की घटिया नीतियों से परेशान है। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष कौशल, इंद्रदेव दास, दीपक पासवान, निरंजन तिवारी, बी़ चंद्रवंशी, लखन यादव, मो. फातिमा, आईपी गुप्ता, तारिणी प्रसाद, अमित रंजन, अजय यादव, किरण, कुंदन, प्रतिमा चौरसिया, दीप नारायण ठाकुर, लक्ष्मण चौरसिया, त्रिदेव चौरसिया, संजय कुमार, दिलीप सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



महागठबंधन के महाधरना में शामिल नेता एवं कार्यकर्ता।

### सोनपुर मंडल में संरक्षा कार्यो को गति, मंडल रेल प्रबंधक ने एलएचएच एवं समपार फाटकों का किया गहन निरीक्षण


**सोनपुर (एनएसबी)** सोनपुर मंडल में रेल संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन द्वारा आज दिनांक 23 जुलाई 2026 को विभिन्न समपार फाटकों एवं निर्माणाधीनधविकसित किए गए लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों के साथ संरक्षा, गुणवत्ता, जल निकासी व्यवस्था तथा जनमानस की सुविधा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा किए। निरीक्षण के क्रम में सोनपुरभगवानपुर रेलखंड के मध्य स्थित समपार फाटक(एलसी गेट)संख्या4 (स्पेशल ) पर निर्मित लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) का निरीक्षण किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, उपयोगिता तथा स्थानीय लोगों को मिलने वाली सुविधाओं का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समपार फाटकों के स्थान पर एलएचएस जैसी संरचनाओं का विकास रेल एवं सड़क दोनों यातायात के लिए अधिक सुरक्षित एवं सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करता है। तदोपरांत परमानंदपुरनयागांव रेलखंड के मध्य स्थित समपार फाटक(एलसी गेट) संख्या9सी तथा दिघवाराबड़ागोपाल रेलखंड के मध्य स्थित अंबिका भवानी हल्ट के समीप स्थित समपार फाटक (एलसी गेट)संख्या18 का निरीक्षण किया गया। इस दौरान समपार फाटकों की संरक्षा व्यवस्था, सड़क संपर्क, चेतावनी संकेतक, रेल परिचालन की सुरक्षा तथा भविष्य की विकास योजनाओं पर समीक्षा की गई ।मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी संरक्षा संबंधी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं तथा निर्माण एवं अनुरक्षण कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है और समपार फाटकों के उन्मूलन तथा सुरक्षित विकल्पों के विकास की दिशा में सोनपुर मंडल निरंतर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय एवं वरिष्ठ मंडल इंजीनियर प्रथम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल का उद्देश्य केवल तेज एवं समयबद्ध रेल परिचालन ही नहीं, बल्कि यात्रियों एवं आमजन को अधिक सुरक्षित, आधुनिक एवं सुविधाजनक अवसंरचना उपलब्ध कराना भी है।



निरीक्षण करते अधिकारी।

### पेपर लीक मामले पर छात्रों के समर्थन में उतरीं भाजपा नेत्री नेहा सिंह, बोलीं लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत डंडा नहीं, संवाद है

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों का विरोध-प्रदर्शन लगातार गति पकड़ता दिखाई दे रहा है। विभिन्न स्थानों पर अभ्यर्थी परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता, निष्पक्ष जांच और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग कर रहे हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे को लेकर बहस तेज हो गई है। इसी क्रम में भाजपा की बाढ़ की नेत्री नेहा सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए छात्रों की लोकतांत्रिक तरीके से उठाई जा रही मांगों के प्रति संवेदनशील ष्टिकोण अपनाने की बात कही। उन्होंने लिखा कि ष्लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत डंडा नहीं, संवाद है।ष साथ ही जंतर-मंतर से जुड़ी घटनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह विषय किसी दल या राजनीति का नहीं, बल्कि देश के भविष्य, छात्रों और बेटियों के सम्मान से जुड़ा है।नेहा सिंह की यह टिप्पणी सोशल मीडिया पर तेजी से साझा की जा रही है। उनके समर्थकों ने इसे लोकतांत्रिक संवाद की पक्षधर आवाज बताया, वहीं विभिन्न उपयोगकर्ताओं ने भी इस पर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की हैं। सोशल मीडिया पर यह सवाल भी उठाया जा रहा है कि विभिन्न राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों को इस मुद्दे पर अपनी स्पष्ट राय रखनी चाहिए।उधर, छात्र संगठनों और अभ्यर्थियों की ओर से लगातार यह मांग की जा रही है कि पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष जांच हो, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा परीक्षाओं की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी व्यवस्था विकसित की जाए। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि पेपर लीक जैसे संवेदनशील मुद्दे पर विभिन्न दलों और नेताओं की प्रतिक्रियाएं आने वाले दिनों में राजनीतिक और सामाजिक विमर्श का हिस्सा बन सकती हैं। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम के बीच सभी पक्षों द्वारा शांतिपूर्ण, संवैधानिक और संवाद आधारित समाधान पर बल दिया जा रहा है।पेपर लीक प्रकरण को लेकर छात्रों का आंदोलन किस दिशा में आगे बढ़ेगा और सरकार की ओर से क्या कदम उठाए जाएंगे, इस पर सभी की नजरें बनी हुई हैं। फिलहाल, सोशल मीडिया पर नेहा सिंह की टिप्पणी ने इस बहस को नया आयाम दे दिया है।



नेहा सिंह, भाजपा नेत्री,बाढ़।

# करंट लगने से महिला समेत दो मरे, युवक झुलसा

## करंट की चपेट में आए युवक को बचाने में गयी महिला की जान

दैनिक नवसंदेश

**आरा/पीरो।** जगदीशपुर में मथाना के मुंगौल बरदपरवा गांव में गुरुवार की सुबह करंट की चपेट में आने से अधेड़ महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। वहीं पीरो में करंट लगने से युवक बुरी तरह झुलस गया।

जगदीशपुर के हादसे में मृतकों में मुंगौल बरदपरवा गांव निवासी स्व. वीर बहादुर सिंह की 46 वर्षीया पत्नी बसंती देवी एवं उसी गांव निवासी हरवंश यादव का 23 वर्षीय पुत्र शाहुल कुमार शामिल है। सुबह शाहुल कुमार खेत में बिचड़ा डालने गया था। खेत में बिजली का खंभा गड़ा है। खेत में चारों तरफ पानी भरा हुआ था। बिजली के खंभे में हाई टेंशन विद्युत प्रवाहित तार के कारण करंट पानी में आ रहा था जिसके कारण शाहुल करंट की चपेट में आ गया और छटपटाने लगा। तभीं रोपनी करने जा रही बसंती देवी उसे बचाने चली गई। इस दौरान वह भी करंट की चपेट में आ गई। दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक शाहुल की शादी इसी वर्ष अप्रैल माह में हुई थी।

इधर, पीरो के अगिआंव बाजार थानान्तर्गत खननी खुर्द गांव के बधार में गुरुवार की सुबह विद्युत करंट से युवक बुरी तरह झुलस गया जिसे चिंताजनक स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है । बताया जा रहा है कि खननी खुर्द गांव निवासी डोमा सिंह के पुत्र सुरेन्द्र सिंह खेती-बारी के काम से गांव के बधार में गए थे। वहां गांव के ही दूसरे किसान माधवानंद राय ने अपने खेत में चारों ओर तार लगा कर उसमें विद्युत धारा प्रवाहित कर रखी थी। उक्त धारा प्रवाहित तार के संपर्क में आने से सुरेन्द्र सिंह गंभीर रूप से झुलस गए।

## ट्रेन से गिरने से बुजुर्ग और महिला समेत तीन की गयी जान, छात्रा जख्मी

**आरा/पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** आरा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर हुए अलग-अलग ट्रेन हादसों में अज्ञात बुजुर्ग समेत दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना में अज्ञात 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। दूसरी घटना प्लेटफॉर्म नंबर दो पर गुरुवार की सुबह की है जहां गांधीधाम एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर अज्ञात 50 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक दोनों शवो की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

एक अन्य घटना में पीरो के बचरी व नोनार गांव के बीच ट्रेन से कटकर बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मृतका धनवासो कुंवर पीरो थानान्तर्गत धनपुरा गांव की रहने वाली बताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार मृतका अर्ध विक्षिप्त थी। गुरुवार की सुबह वह घर से निकल कर रेलवे ट्रैक की ओर चली गई। इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गयी।

इधर, बिहिया स्टेशन के समीप महथिन माई एवं सूर्य मंदिर के बीच गुरुवार की सुबह चलती ट्रेन से गिरकर छात्रा गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जखमी छात्रा बिहिया थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी निरंजन शर्मा की 18 वर्षीया पुत्री रौशनी कुमारी है। वह इंटर की छात्रा है।

### नहर में डूबने से अधेड़ की मौत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** उदवंतनगर थाने के भगवतीपुर एवं कुसुम्ही टोला गांव के बीच बड़की नहर में डूबने से अधेड़ की मौत हो गई। मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के भगवतीपुर गांव निवासी लक्ष्मण सिंह के 53 वर्षीय पुत्र राजेंद्र सिंह हैं। वे गुरुवार की दोपहर खेत से बिया का बोझा सिर पर लादकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान भगवतीपुर एवं कुसुम्ही टोला गांव के बीच बड़की नहर के पास उनका पैर फिसल गया और वह नहर में गिरकर डूब गए। काफी देर बाद जब लोगों को इसका पता चला और उन्हें नहर से बाहर निकाला तबतक उनकी मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बीमार चौकीदार की मौत

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** हसनबाजार थाने के नारायणपुर गांव निवासी स्व. गुप्तेश्वर सिंह के पुत्र चौकीदार रामलाल सिंह (52) की लंबी बीमारी के बाद ऐपेन्डीस फटने से पटना के निजी क्लिनिक में बीती रात मौत हो गई। उनके निधन की खबर सुनकर सामाजिक कार्यकर्ता रवि यादव, अमई सहित पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने उनके घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।

## आरण्य देवी मंदिर सड़क निर्माण की डीएम ने की समीक्षा बैठक



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी, तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में आरसीडी द्वारा कराए जा रहे आरण्य देवी मंदिर सड़क मार्ग निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित एजेंसी एवं पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से पूर्ण करना सुनिश्चित करें तथा कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न होने दें। सड़क के एलाइनमेंट में आने वाले गोला मंडी क्षेत्र के संबंध में जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी, सदर एवं नगर आयुक्त को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई एवं वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया, ताकि सड़क निर्माण कार्य निर्बाध रूप से संचालित हो सके। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने तथा सड़क निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में नगर आयुक्त, सहायक समाहर्ता (प्रशिक्षु), अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, कार्यपालक अभियंता (आरसीडी) तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एसपी कार्यालय का घेराव करेंगे भरत तिवारी के परिजन

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस एनकाउंटर में कथित तौर पर मारे गए बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी के परिजन अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 25 जुलाई को भोजपुर एसपी कार्यालय का घेराव करेंगे। मृतक के छोटे भाई चंदन तिवारी ने बताया कि घटना के नामजद पुलिसकर्मियों की अब तक गिरतारी नहीं हुई है। साथ ही भरत तिवारी का मोबाइल फोन भी पुलिस ने अभी तक परिवार को वापस नहीं सौंपा है। इन मांगों को लेकर 25 जुलाई को आरा स्थित एसपी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन और घेराव किया जाएगा।

### नियमित टीकाकरण को लेकर एएनएम का प्रशिक्षण



**चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डाटा एनालिटिक प्रोग्राम एवं कार्यक्रम पर अंतर्गत सभी नियमित टीकाकरण में काम करने वाली एएनएम का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर जेएसआइ जिला समन्वयक पवन मिश्रा चिकित्सा पदाधिकारी ड मदन चंद्रा, डक्टर अनिल पाण्डेय, नोडल अफिसर आर अर्बन एवं प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक नवनीत शेखर, प्रखण्ड सामुदायिक उत्प्रेरक प्रकाश कुमार रजक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमित कुमार, गजेंद्र कुमार एवं मुकेश मिश्रा मौजूद रहे।

### 1.75 ग्राम गांजा के साथ युवक गिरतार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** टाउन थाने की पुलिस ने 1.75 ग्राम गांजा के साथ युवक को गिरफ्तार किया। उसकी गिरतारी गांगी स्थित सूर्य मंदिर के पास से बुधवार को की गयी। उसके पास से 1.75 ग्राम गांजा एवं मोबाइल फोन बरामद हुआ। गिरफ्तार युवक टाउन थाना क्षेत्र के सब्जी गोला मीरगंज निवासी अनिकेत कुमार उर्फ मेजर प्रताप यादव है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने प्रेस नोट जारी कर दी।

### बिहार उच्च शिक्षा विधेयक-2026 के विरोध में आंदोलन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा विधेयक-2026 के विरोध में गुरुवार को राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षक संगठनों की संयुक्त ऑनलाइन बैठक गूगल मीट के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में शिक्षकों ने एक स्वर में विधेयक का विरोध करते हुए इसे विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता और उच्च शिक्षा व्यवस्था के लिए प्रतिकूल बताया तथा इसके खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन चलाने का निर्णय लिया। बैठक में सभी विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने विधेयक की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि प्रस्तावित कानून विश्वविद्यालयों की स्वतंत्रता, तार्किक एवं वैज्ञानिक सोच, आलोचनात्मक चिंतन, बौद्धिक विकास तथा संवैधानिक मूल्यों के साथ-साथ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। शिक्षकों ने कहा कि इस मुद्दे पर सभी विश्वविद्यालयों के शिक्षक एकजुट हैं और जल्द ही राज्यव्यापी आंदोलन की रूपरेखा घोषित की जाएगी। बैठक में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय शिक्षक संघ की ओर से अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार, सचिव डॉ. आमिर महमूद, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. चिंटू, डॉ. रामधनी राम, डॉ. अरविन्द एवं डॉ. संजय कुमार, पटना विश्वविद्यालय से डॉ. वीरेंद्र पासवान, जयप्रकाश विश्वविद्यालय से डॉ. धनंजय कुमार, मगध विश्वविद्यालय से डॉ. पिंटू एवं डॉ. अनुज, ललित नारायण मिथिला विवि से डॉ. निलेश कुमार, डॉ. शशि भूषण एवं डॉ. आशुतोष कुमार, पाटलिपुत्र विवि से डॉ. हेमंत कुमार झा, डॉ. कुमकुम एवं डॉ. सचिन कुमार, पूर्णिया विवि से प्रो. मनोज प्रसहार, डॉ. अंजनी तथा डीएवी कलेज, सिवान के डॉ. मनोज सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी प्रतिनिधियों ने प्रस्तावित विधेयक के विरोध में साझा रणनीति के तहत संघर्ष को तेज करने और राज्यभर के शिक्षकों को एकजुट करने का संकल्प लिया।

### पर्यावरण का महाअभियान कार्यक्रम के तहत पौधारोपण

**बड़हरा (दैनिक नवसंदेश)।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे पर्यावरण का महाअभियान के तहत गुरुवार को बड़हरा प्रखंड अंतर्गत सिन्हा थाना क्षेत्र स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, गजियापुर (उपस्वास्थ्य केंद्र) परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिन्हा थाना प्रभारी राजू कुमार ने



स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। कार्यक्रम में थाना प्रभारी राजू कुमार ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधरोपण सबसे प्रभावी उपायों में से एक है।

### अग्निपथ योजना और रक्षा बलों में कमीशन प्रवेश को लेकर बच्चों को किया गया जागरूकता

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के शुभ नारायणनगर मझौंवा स्थित संभावना आवासीय उच्च विद्यालय में गुरुवार को रक्षा बलों में अग्निपथ योजना और कमीशन प्रवेश के अवसरों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मशीनीकृत इन्फैंट्री रेजिमेंट के रिकर्ड्स द्वारा आउटरीच कार्यक्रम 'मिशन निरंतर मिलाप




10 चरण चतुर्थ (केंद्रीय पूर्व क्षेत्र) के तहत किया गया। इस दौरान बिहार में अग्निपथ योजना और रक्षा बलों में विभिन्न कमीशन प्रवेश के बारे में बताया गया।

## नए राशन कार्ड के लिए मुखिया से सहयोग की अपील



**बीडीओ और एमओ ने की सहयोग करने की अपील**

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** कोईलवर प्रखंड में नए राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया को गति देने के लिए शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी बीर बहादुर पाठक एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) मनीषा सिंह ने पंचायतों के मुखियाओं के साथ बैठक की। बैठक में पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों से सक्रिय सहयोग की अपील की गई। बैठक के दौरान बीडीओ ने बताया कि कोईलवर प्रखंड को 650 नए राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस लक्ष्य को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए मिशन मोड में अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने मुखियाओं से कहा कि वे अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों में पात्र लाभुकों की पहचान कर आवेदन भरवाने में सहयोग करें। उन्होंने जानकारी दी कि नए राशन कार्ड के आवेदन प्रपत्र पंचायतों के विकास मित्र एवं पंचायत सचिवों को उपलब्ध करा दिए गए हैं। वहीं, प्रखंड आपूर्ति कार्यालय में अफलाइन आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं, जिनकी अनलाइन प्रविष्टि कार्यपालक सहायकों द्वारा की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा पारिवारिक फोटो संलग करना अनिवार्य है। प्रथम चरण में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 24 जुलाई निर्धारित की गई है। कोईलवर नगर कार्यालय में भी नए राशन कार्ड के लिए आवेदन पत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि शहरी क्षेत्र के पात्र लाभुक भी समय पर आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

## सभी पात्र सदस्यों को मिले लाभ : एसडीएम

**जिला पदाधिकारी के निर्देश पर राशन कार्ड के लिए विशेष शिविर का किया गया आयोजन**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, आरा श्रीमती शिप्रा विजयकुमार चौधरी की अध्यक्षता में नागरिक प्रचारिणी सभागार परिसर में राशन कार्ड विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नए राशन कार्ड निर्माण, राशन कार्ड में संशोधन, प्राप्त आवेदनों, लाभार्थियों के पंजीकरण एवं दस्तावेजों के सत्यापन की समीक्षा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती षिप्रा ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सभी आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने तथा आम नागरिकों को आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वर्तमान में जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार जिलेभर में कैंप मोड में नए राशन कार्ड का निर्माण एवं संशोधन का कार्य अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। सभी पात्र लाभुकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित शिविरों में पहुँचकर अपने आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं, ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

## शिविर में 32 लोगों ने दिया राशन कार्ड के लिए आवेदन

**गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** नगर पंचायत कार्यालय परिसर में राशन कार्ड बनाने एवं सुधार के लिए विशेष शिविर की शुरुआत हुई। शिविर के पहले दिन 32 लोगों ने नया राशन कार्ड बनवाने एवं सुधार के लिए आवेदन फॉर्म प्राप्त किया, जबकि 4 लाभुकों ने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा किया। नगर पंचायत प्रशासन ने बताया कि यह विशेष शिविर लगातार 10 दिनों तक संचालित होगा। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि तस्लीम आरिफ उर्फ गुड्डू, उप मुख्य पार्षद बबलू सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी वरुण कुमार दुबे, स्वच्छता पर्यवेक्षक विनीता कुमारी, अविनाश राव, मुन्ना राम, असलम अंसारी सहित नगर पंचायत के कई जनप्रतिनिधि एवं कर्मी मौजूद रहे।

## ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा ईवीएम/वीवीपैट (ईवीएम/वीवीपीएटी) वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में रखी गई मशीनों की सुरक्षा, लग बुक का संधारण, प्रवेश-निष्कासन नियंत्रण, सीसीटीवी निगरानी, अगिशमन यंत्र एवं बैकअप व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सुरक्षा कर्मी बिना अनुमति अपने स्थान से न हटें, 24 घंटे सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए, लग बुक में प्रत्येक प्रवेश की जानकारी दर्ज हो तथा वेयरहाउस का वातावरण हमेशा सुरक्षित, स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखा जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन सामग्री की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं अनुशासन के साथ करें। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## आयुष्मान भारत योजना से निजी अस्पताल को सूचीबद्ध करने को लेकर हुई बैठक

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जिले के निजी अस्पताल को सूचीबद्ध करने हेतु जिला मनोनय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। आयुष्मान भारत कार्यालय को आठ नये अस्पताल के द्वारा आयुष्मान भारत योजना से सूचीबद्ध करने हेतु आवेदन दिया गया था। सभी आठ अस्पतालों का जिला मनोनय समिति के सदस्य के द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया था। भौतिक सत्यापन के उपरान्त उक्त बैठक में जिलाधिकारी द्वारा तीन निजी अस्पताल को सूचीबद्ध करने की मंजूरी दी गई। शेष पाँच निजी अस्पताल के द्वारा आयुष्मान भारत योजना का मापदंड पूरा नहीं करने के कारण निरस्त कर दिया गया। साथ ही पूर्व से चार सूचीबद्ध निजी अस्पताल में विशेषज्ञता वृद्धि की भी मंजूरी दी गयी। जिला मनोनय समिति बैठक में सिविल सर्जन, भोजपुर वरीय उप समाहर्त्ता भूमि एवं राजस्व, वरीय उप समाहर्त्ता-जिला विकास शाखा, वरीय उप समाहर्त्ता-जिला निलाम शाखा, चिकित्सा पदाधिकारी सह सदस्य, आयुष्मान भारत, जिला कार्यक्रम समन्वयक, आयुष्मान भारत एवं कार्यक्रम समन्वयक, आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन उपस्थिति में रहे।

## लाठीचार्ज के खिलाफ निकाला जनाक्रोश मार्च




**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में आरा की सड़कों पर छात्र-नौजवानों ने विरोध मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि देश में बार-बार पेपर लीक की घटनाओं से लाखों युवाओं के भविष्य पर संकट खड़ा हो रहा है। छात्रों ने कहा कि युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर सरकार को गंभीरता से कदम उठाने चाहिए। आंदोलनकारी छात्रों के समर्थन में आरा के छात्र-नौजवानों ने भी एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का ऐलान किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि छात्रों की मांगों और उनके अधिकारों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता।

### प्रतिरोध दिवस आज, बिहार बंद कल

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** इंकलाबी नौजवान सभा और अल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन की संयुक्त प्रेस कन्फ्रेंस में छात्र-युवा आंदोलन को लेकर महत्वपूर्ण घोषणा की गई। संगठनों ने 24 जुलाई को बिहार में प्रतिरोध दिवस मनाने का निर्णय लिया है। अगले दिन 25 जुलाई को छात्रों और युवाओं के सवालों को लेकर बिहार बंद का आह्वान किया गया है। आरवाईए और आईसा ने छात्र-युवाओं से प्रतिरोध दिवस और बिहार बंद को सफल बनाने की अपील की। नेताओं ने कहा कि शिक्षा, रोजगार और लोकतांत्रिक अधिकारों की लड़ाई आगे भी जारी रहेगी।

## सिविल सोसायटी का धरना चौथे दिन भी रहा जारी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** अलोकतांत्रिक पुलिसिया कार्रवाई, और असंवेदनशील व्यवस्था के विरोध में सिविल सोसायटी, आरा के तत्वावधान में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन गुरुवार को चौथे दिन भी जारी रहा। धरना प्रदर्शन के शुरू में छात्रों हुए बर्बर हमले की निंदा करते हुए तानाशाही सरकार के खिलाफ आक्रोश जाहिर किया गया। वर्तमान परिस्थितियों में बुद्धिजीवियों की भूमिका विषय पर आयोजित विशेष विमर्श में वक्ताओं ने कहा कि जब समाज जनतांत्रिक, शैक्षणिक और सामाजिक चुनौतियों से जूझ रहा हो, तब बुद्धिजीवियों की भूमिका केवल विचार व्यक्त करने तक सीमित नहीं रह सकती, बल्कि उन्हें समाज के पक्ष में निर्भीक होकर खड़ा होना चाहिए। विमर्श में यह विचार सामने आया कि इतिहास गवाह है कि सामाजिक परिवर्तन और जनचेतना के निर्माण में साहित्यकारों, शिक्षकों, कलाकारों, पत्रकारों और चिंतकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यदि ऐसे समय में बुद्धिजीवी मौन रहते हैं, तो वह मौन भी एक सामाजिक और नैतिक प्रश्न बन जाता है। विमर्श सत्र की अध्यक्षता सुशील कुमार, विषय प्रवेश अशोक मानव, संचालन लालजी शर्मा और धन्यवाद ज्ञापन सुनिल कुमार सिंह ने किया। विजय मेहता, राकेश कुमार सिंह, मंटू सिंह, ड ब्रजेश कुमार सिंह, संजय श्रीवास्तव, दीपक कुमार यादव, मनोज कुमार सिंह, उदय पासवान, सतीश पटेल, ओपी पांडेय, अमित सिंह आदी ने विमर्श सत्र में भाग लिया। धरना मे सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, बुद्धिजीवियों, छात्र-युवाओं तथा जागरूक नागरिकों ने भाग लिया।

## पांचवें दिन भी नहीं जुड़ा शाहपुर-बनाही मार्ग

**छेर नदी की बाढ़ के आगे विभाग ने मानी हार, 15 फीट पानी में डूबा डायवर्सन, 50 हजार आबादी का सड़क संपर्क भंग**



**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** शाहपुर-बनाही स्टेशन सड़क पर रुद्रनगर के समीप निर्माणाधीन पुल के पास बनाए गए डायवर्सन की मरम्मत का कार्य छेर नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर और तेज बहाव के आगे पूरी तरह ठप पड़ गया है। बीच धारा में 15 से 17 फीट तक पानी भर जाने के कारण ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंताओं ने फिलहाल मरम्मत कार्य रोक दिया है। लगातार हो रही वर्षा और नदी में आई बाढ़ जैसी स्थिति के कारण शाहपुर का बनाही स्टेशन से सड़क संपर्क पिछले पांच दिनों से पूरी तरह बाधित है। इससे रुद्रनगर पुल के दक्षिणी हिस्से के दर्जनों गांवों की करीब 50 हजार आबादी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और दैनिक आवागमन की गंभीर समस्या से जूझ रही है। शाहपुर बाजार के कारोबार पर भी इसका सीधा असर पड़ा है। शाहपुर-बनाही रूट पर चलने वाले सैकड़ों टेंपो चालकों की रोजी-रोटी भी प्रभावित हो गई है। सड़क बंद होने से लोगों को तीन किलोमीटर की सामान्य दूरी तय करने के बजाय 18 से 20 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। हजारों विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। पुलिस को भी गश्ती के लिए वाहन लेकर इस मार्ग से जाना संभव नहीं हो पा रहा है। विभाग की टीम पिछले कई दिनों से मौके पर कैंप कर डायवर्सन बहाल करने में जुटी थी। सड़क के दोनों छोर से ईंट के टुकड़े और रोड़े डालकर मार्ग तैयार भी कर लिया गया था। लेकिन गुरुवार की सुबह छेर नदी का जलस्तर अचानक 15 से 17 फीट तक पहुंच गया। सहायक अभियंता अभिषेक कुमार ने बताया कि नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि और तेज बहाव के कारण ह्यूम पाइप बिछाने में भारी कठिनाई आ रही है। जैसे ही जलस्तर घटेगा, युद्धस्तर पर कार्य कर डायवर्सन को जल्द चालू कराया जाएगा।

## गावी कार्यक्रम के तहत एएनएम का प्रशिक्षण संपन्न

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पीरो में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की अध्यक्षता में गावी कार्यक्रम के तहत एएनएम के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं सुढ़ बनाना था। सभी एएनएम को नियमित टीकाकरण, वैक्सीन प्रबंधन, कोल्ड चेन के रखरखाव, लाभार्थियों के समयबद्ध टीकाकरण एवं टीकाकरण से संबंधित नवीन दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जेएसआई के पवन मिश्रा, आरआई नोडल पदाधिकारी ड़ अताउल हक एवं बीसीएम जितेंद्र पाठक उपस्थित रहे। सभी ने प्रशिक्षणार्थियों को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को शत-प्रतिशत सफल बनाने तथा प्रत्येक पात्र बच्चे एवं गर्भवती महिला तक समय पर टीकाकरण सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### टीबी उन्मूलन अभियान के तहत पांच मरीजों को मिला प्रोटीन युक्त पोषाहार

**कुर्था (एनएसबी)।** राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार के नेतृत्व में टीबी से पीड़ित पांच मरीजों के बीच प्रोटीन युक्त पोषाहार का वितरण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से उपचार योग्य बीमारी है। समय पर दवा के साथ पौष्टिक एवं प्रोटीन युक्त भोजन मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं सक्षम लोगों से अपील की कि वे टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें समय-समय पर प्रोटीन युक्त पोषाहार उपलब्ध कराएं, ताकि मरीजों का उपचार प्रभावी ढंग से पूरा हो सके और वे जल्द स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य देश को टीबी मुक्त बनाना है और इस लक्ष्य की प्राप्ति में समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में मरीजों को नियमित दवा लेने, संतुलित आहार अपनाने तथा चिकित्सकों के निर्देशों का पालन करने की भी सलाह दी गई।


प्रोटीन युक्त पोषाहार लेते मरीज।

### नीट परीक्षा को लेकर जहानाबाद में उग्र प्रदर्शन, पथराव के बाद पुलिस ने किया बल प्रयोग

**जहानाबाद (एनएसबी)।** नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं के विरोध में गुरुवार को जहानाबाद में छात्रों का प्रदर्शन उस समय हिंसक हो गया, जब प्रदर्शनकारियों की भीड़ में शामिल कुछ उपद्रवी तत्वों ने पुलिस और सरकारी संपत्तियों पर पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद स्थिति को नियंत्रित करने के



लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया तथा हवाई फायरिंग भी की। घटना में नगर थाना अध्यक्ष सहित कुछ पुलिसकर्मी घायल हुए, जबकि प्रशासन के अनुसार किसी आम नागरिक के घायल होने की सूचना नहीं है। प्रदर्शन की शुरूआत शहर के अंबेडकर चौक से हुई, जहां बड़ी संख्या में छात्र एवं युवा नीट परीक्षा को लेकर विरोध दर्ज करा रहे थे। बाद में प्रदर्शनकारी पटना-गया रेलखंड की ओर बढ़ गए, जिससे कुछ समय के लिए रेल परिचालन प्रभावित हुआ। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी यातायात बाधित हुआ। स्थिति तब बिगड़ गई जब प्रदर्शनकारी जिलाधिकारी आवास की ओर बढ़े। पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किए जाने पर भीड़ में शामिल कुछ असामाजिक तत्वों ने पथराव शुरू कर दिया। इस दौरान जिला पदाधिकारी आवास परिसर, सड़क किनारे लगी रेलिंग सहित अन्य सरकारी एवं सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार स्वयं मौके पर पहुंचे और अतिरिक्त पुलिस बल के साथ मोर्चा संभाला। प्रशासन के अनुसार पहले भीड़ को समझाने और शांतिपूर्वक हटने की अपील की गई, लेकिन हिंसक स्थिति उत्पन्न होने पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। पुलिस ने प्रारंभिक स्तर पर हवाई फायरिंग भी की, जिसके बाद भीड़ तितर-बितर हो गई। जिला प्रशासन ने बताया कि वर्तमान में जिले में विधि-व्यवस्था पूरी तरह सामान्य एवं नियंत्रण में है। संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है तथा रेलवे प्रशासन के साथ भी लगातार समन्वय बनाए रखा जा रहा है। प्रशासन के अनुसार वीडियो फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर अब तक 100 से अधिक उपद्रवियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य वीडियो फुटेज का सत्यापन जारी है और पहचान होने के बाद संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने जिलेवासियों से अफवाहों पर ध्यान न देने, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था कायम रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। साथ ही चेतावनी दी है कि सरकारी कार्य में बाधा डालने, हिंसा करने अथवा सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध विधि के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**डीएम-एसपी ने संभाला मोर्चा, 100 से अधिक उपद्रवी गिरफ्तार, वीडियो फुटेज के आधार**

### जहानाबाद में स्थिति पूरी तरह सामान्य, 100 से अधिक उपद्रवी गिरफ्तार

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जहानाबाद में गुरुवार को छात्र प्रदर्शन के दौरान कुछ असामाजिक एवं बाहरी उपद्रवी तत्वों द्वारा कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किया गया। जिला प्रशासन के अनुसार, प्रदर्शन के दौरान उपद्रवियों ने जिला पदाधिकारी आवास परिसर, सड़क किनारे लगी सार्वजनिक रेलिंग सहित अन्य सरकारी एवं सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुँचाया। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थिति पर नियंत्रण स्थापित कर लिया। प्रशासन ने बताया कि सार्वजनिक संपत्तियों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा तथा विधि-व्यवस्था बहाल करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा प्रारंभिक स्तर पर हवाई फायरिंग (एयर फायरिंग) की गई। इस दौरान किसी भी आम नागरिक के घायल होने की सूचना नहीं है। जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया ने बताया कि वर्तमान में जिले की विधि-व्यवस्था पूरी तरह सामान्य, शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है। सभी संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारियों एवं पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती कर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि रेलवे प्रशासन के साथ लगातार समन्वय बनाए रखा गया है। रेलवे स्टेशन सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर भी अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी संभावित स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। डीएम ने बताया कि उपलब्ध वीडियो फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर अब तक 100 से अधिक उपद्रवियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सभी वीडियो फुटेज का गहन सत्यापन किया जा रहा है। पहचान होने के बाद संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध सभा, हिंसात्मक प्रदर्शन, सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने अथवा सार्वजनिक एवं सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुँचाने वालों के विरुद्ध विधि के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।



**डीएम बोलीं-कानून तोड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई, अफवाहों से बचें**

# विद्यालयों में एंटी रोमियो स्क्वॉड और अभया ब्रिगेड का जागरूकता अभियान

## छात्राओं को सुरक्षा और साइबर अपराध से बचाव की दी गई जानकारी

**कुर्था (एनएसबी)।** विद्यालयों में एंटी रोमियो स्क्वॉड व अभया ब्रिगेड का जागरूकता अभियान छात्राओं को सुरक्षा और साइबर अपराध से बचाव की दी गई जानकारी दी गई।उत्क्रमित मध्य विद्यालय केमदारचक एवं उच्च विद्यालय लोदीपुर में गुरुवार को एंटी रोमियो स्क्वॉड और अभया ब्रिगेड की टीम द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उनकी सुरक्षा, कानूनी अधिकारों एवं साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम के दौरान मानिकपुर थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय ने छात्राओं एवं छात्रों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, जिज्ञासाओं और सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को महिला उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा, लैंगिक अपराधों से संबंधित कानूनों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की घटना होने पर बिना डर के पुलिस से संपर्क करें। इस अवसर पर साइबर अपराध एवं साइबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। छात्राओं को


जानकारी देते थानाध्यक्ष।

ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, डिजिटल धोखाधड़ी तथा अन्य साइबर अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए उनसे बचने के प्रभावी उपाय बताए गए। साथ ही उन्हें समझाया गया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, ऑनलाइन उत्पीड़न या साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें। थानाध्यक्ष ने थाना स्तर पर संचालित महिला हेल्प डेस्क, साइबर सुरक्षा तंत्र तथा आपातकालीन सेवा डायल 112 की उपयोगिता के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा नए आपराधिक कानूनों के महत्वपूर्ण प्रावधानों से भी छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया, ताकि वे अपने अधिकारों और कानूनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रह सकें। कार्यक्रम में एंटी रोमियो स्क्वॉड एवं अभया ब्रिगेड की टीम ने छात्राओं से आत्मविश्वासी बनने, किसी भी प्रकार के अन्याय या उत्पीड़न के विरुद्ध आवाज उठाने तथा सुरक्षा से जुड़े सरकारी संसाधनों का निडर होकर उपयोग करने की अपील की। साथ ही विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं से सहयोग बनाए रखते हुए सुरक्षित, जागरूक और अपराधमुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया उत्क्रमित मध्य विद्यालय केमदारचक एवं उच्च विद्यालय लोदीपुर में गुरुवार को एंटी रोमियो स्क्वॉड और अभया ब्रिगेड की टीम द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उनकी सुरक्षा, कानूनी अधिकारों एवं साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम के दौरान मानिकपुर थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय ने छात्राओं एवं छात्रों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, जिज्ञासाओं और सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को महिला उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा, लैंगिक अपराधों से संबंधित कानूनों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की घटना होने पर बिना डर के पुलिस से संपर्क करें। इस अवसर पर साइबर अपराध एवं साइबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। छात्राओं को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, डिजिटल धोखाधड़ी तथा अन्य साइबर अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए उनसे बचने के प्रभावी उपाय बताए गए। साथ ही उन्हें समझाया गया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, ऑनलाइन उत्पीड़न या साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें। थानाध्यक्ष ने थाना स्तर पर संचालित महिला हेल्प डेस्क, साइबर सुरक्षा तंत्र तथा आपातकालीन सेवा डायल 112 की उपयोगिता के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा नए आपराधिक कानूनों के महत्वपूर्ण प्रावधानों से भी छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया, ताकि वे अपने अधिकारों और कानूनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रह सकें। कार्यक्रम में एंटी रोमियो स्क्वॉड एवं अभया ब्रिगेड की टीम ने छात्राओं से आत्मविश्वासी बनने, किसी भी प्रकार के अन्याय या उत्पीड़न के विरुद्ध आवाज उठाने तथा सुरक्षा से जुड़े सरकारी संसाधनों का निडर होकर उपयोग करने की अपील की। साथ ही विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं से सहयोग बनाए रखते हुए सुरक्षित, जागरूक और अपराधमुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

## ग्रामीणों पर भारी पड़ रही 45 दिन बाद गैस रिफिल की व्यवस्था

**मेहंदिया (एनएसबी)।** ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी गैस सिलेंडर की रिफिलिंग के लिए 45 दिनों की अनिवार्य प्रतीक्षा अवधि अब आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनती जा रही है। समय पर गैस नहीं मिलने से हजारों परिवारों के सामने रोजमर्रा का भोजन तैयार करने तक की समस्या उत्पन्न हो रही है। खासकर उन परिवारों की मुश्किलें अधिक बढ़ गई हैं, जिनके पास केवल एक ही गैस सिलेंडर है और जिनका पूरा रसोईघर एलपीजी पर निर्भर है।ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की उज्ज्वला योजना और अन्य योजनाओं के बाद गांवों में भी अधिकांश परिवार लकड़ी और उपले छोड़कर गैस चूल्हे का उपयोग करने लगे हैं। ऐसे में सिलेंडर खत्म होने के बाद 45 दिन पूरे होने तक इंतजार करना उनके लिए बेहद कठिन हो जाता है। मजबूरी में कई परिवारों को फिर से लकड़ी और अन्य पारंपरिक ईंधनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे महिलाओं को धुएं और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उपभोक्ताओं का कहना है कि शहरी क्षेत्रों में गैस रिफिलिंग के लिए लगभग 25 दिनों का अंतराल लागू है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन की बाध्यता बनी हुई है। इससे ग्रामीण उपभोक्ताओं में असमानता की भावना भी पैदा हो रही है। लोगों का कहना है कि जब गैस की आपूर्ति सामान्य हो चुकी है, तब ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए अलग-अलग व्यवस्था बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं रह गया है।जानकारी के अनुसार, यह व्यवस्था उस समय लागू की गई थी जब खाड़ी देशों में उत्पन्न परिस्थितियों के कारण एलपीजी आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका थी। गैस की कमी से बचने और सभी उपभोक्ताओं तक समान रूप से सिलेंडर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार ने रिफिलिंग के बीच न्यूनतम 45 दिनों का अंतर निर्धारित किया था। अब जबकि आपूर्ति सामान्य हो चुकी है, लोग इस व्यवस्था को समाप्त करने या इसमें संशोधन की मांग कर रहे हैं।इस संबंध में पूछे जाने पर अरवल के अनुमंडल पदाधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि, "पूर्व में गैस की कमी की आशंका को देखते हुए यह व्यवस्था लागू की गई थी। वर्तमान में स्थिति सामान्य है। संभव है कि सरकार 45 दिनों की इस शर्त में संशोधन करे। फिलहाल इस संबंध में कोई नया निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है।"

ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि गैस रिफिलिंग की अवधि को शहरी क्षेत्रों के समान किया जाए, ताकि गांवों के लोगों को भी समय पर गैस उपलब्ध हो सके और उन्हें अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

**शहरों में 25 दिन में मिल रही सुविधा; नियम में संशोधन की उठी मांग**

## वैवाहिक जीवन की स्वर्ण जयंती पर गायत्री शक्ति पीठ में भव्य पंचकुंडीय यज्ञ, का हुआ आयोजन

**कुर्था(एनएसबी)।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र स्थित गायत्री शक्ति पीठ में दिनेश प्रसाद एवं मीरा देवी के वैवाहिक जीवन की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर गुरुवार को भव्य पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ यज्ञ संपन्न कराया गया। यज्ञ में दंपत्ति के सुखमय, स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन के साथ-साथ परिवार और समाज की खुशहाली तथा विश्व कल्याण की कामना की गई। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर झारखंड टाटा जोन के समन्वयक संतोष कुमार संगम की विशेष उपस्थिति रही। वहीं गया उपजोन से आए राधेश्याम श्रीवास्तव, कमलेश प्रसाद, विजय शर्मा, रमेश विद्यार्थी, अनिल सिंह, राम विनय पंडित एवं डॉ. राम विनय यादव ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। पूजा-अर्चना का संचालन पुजारी महेश आनंद ने वैदिक रीति-रिवाज एवं विधि-विधान के अनुसार कराया। यज्ञ की पूणार्हुति के बाद उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। ऐसे अनुष्ठान पारिवारिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने के साथ लोगों को भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं।


आयोजन में भाग लेते लोग।

## जर्जर मकान की दीवार गिरने से वृद्ध की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**मेहंदिया (एनएसबी)।** जिले के मेहंदिया थाना क्षेत्र के टेरी गांव में लगातार बारिश के कारण जर्जर मकान की दीवार गिरने से गंभीर रूप से घायल हुए 66 वर्षीय भरत सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है, वहीं परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

जानकारी के अनुसार, बीते 21 जुलाई को भरत सिंह अपने घर के बाहर बने पुराने दलान में बैठे हुए थे। लगातार बारिश के कारण दलान की जर्जर दीवार अचानक भरभराकर गिर गई और उसके मलबे में दब जाने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें बाहर निकालकर अरवल सदर अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय सरपंच अमरेंद्र कुमार ने बताया कि उनके सीने, सिर और दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आई थीं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए एम्स रेफर किया गया, जहां बुधवार देर शाम उनकी मृत्यु हो गई। गुरुवार को अरवल सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।ग्रामीणों के अनुसार भरत सिंह अत्यंत गरीब एवं भूमिहीन परिवार से थे। उनका एक हीं पुत्र जो बेरोजगार हैं, जो गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। भरत सिंह के पोता एवं पोती दोनों पिछले चार-पांच वर्षों से गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं और उनका लगातार इलाज चल रहा है। इलाज में लगातार हो रहे खर्च के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति पूरी तरह चरमरा गई थी। इसी वजह से वे अपने जर्जर मकान की मरम्मत भी नहीं करा सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते मकान की मरम्मत हो जाती तो शायद यह हादसा टल सकता था।गांव में घटना के बाद मातम का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि भरत सिंह मेहनतकश और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे तथा परिवार की बदहाल स्थिति को लेकर हमेशा चिंतित रहते थे।इस संबंध में स्थानीय सरपंच अमरेंद्र कुमार एवं पंचायत के मुखिया पुटु कुशवाह ने जिला प्रशासन से मृतक के आश्रित परिवार को आपदा राहत, पारिवारिक लाभ योजना तथा अन्य सरकारी योजनाओं के तहत शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पहले से बीमारी और आर्थिक तंगी से जूझ रहे इस परिवार के लिए अब जीवनयापन करना और भी कठिन हो गया है। ऐसे में प्रशासन को मानवीय संवेदना दिखाते हुए हरसंभव सहायता प्रदान करनी चाहिए।

**पोता-पोती गंभीर बीमारी से जूझ रहे, प्रशासन से मदद की गुहार**

## कस्तूरबा विद्यालय के छात्रावास में आवासीय व्यवस्था को लेकर स्पष्टीकरण

**मेहंदिया (एनएसबी)।** जिले के कलेर प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बलिदाद एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से जुड़े मामले में क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, मगध प्रमंडल, गया ने स्पष्टीकरण तलब किया है। इस संबंध में क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक संजय कुमार चौधरी ने संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी कर एक सप्ताह के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया है। जारी पत्र के अनुसार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अरवल के प्रतिवेदन के आधार पर यह मामला सामने आया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि पूर्व में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बलिदाद के छात्रावास में छात्राओं से तेल मालिश एवं मेहंदी लगवाने के आरोप में तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यापिका के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई थी।अब क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक ने प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव कुमार तथा प्रभारी वार्डन सह वरीय शिक्षिका बबली कुमारी से यह स्पष्ट करने को कहा है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (टाइप-4) के मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत छात्राओं की सुरक्षा एवं संरक्षा को ध्यान में रखते हुए नवपदस्थापित प्रधानाध्यापिका विनिता कुमारी को छात्रावास परिसर में आवास की अनुमति किस आधार पर दी गई।पत्र में कहा गया है कि निर्धारित अवधि के भीतर स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर यह माना जाएगा कि संबंधित पक्ष को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है तथा नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक कार्यालय ने इस पत्र की प्रति जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी भेजते हुए 23 जुलाई 2026 तक पत्र का तामिला कराकर तामिला प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

**क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक ने जारी किया पत्र**

## जनगणना-2027 की तैयारी तेजः जहानाबाद में चार दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**जहानाबाद।** भारत की जनगणना-2027 की तैयारियों के तहत जिला जनगणना हस्तपुस्तिका (ऊ२३१३ ऊील्ल२४२ ल्लंल्लुङ्क्षिङ्ग -ऊङ्ग्ल्इ) के निर्माण एवं प्रकाशन के लिए जहानाबाद में चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। जिला पदाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया के निदेर्शानुसार 20 से 23 जुलाई तक आयोजित इस प्रशिक्षण में जिले के 11 चार्जों के चार्ज अधिकारी, अपर चार्ज अधिकारी एवं क्षेत्र पदाधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान जिला जनगणना हस्तपुस्तिका के लिए निर्धारित 09 अनुसूचियों में शामिल जनसांख्यिकीय, सामाजिक, आर्थिक तथा आधारभूत नागरिक सुविधाओं से संबंधित सूचनाओं के संग्रहण, सत्यापन और ऑनलाइन प्रविष्टि की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

## भाकपा माले की प्रखंड बैठक सम्पन्न, 28 जुलाई को गांव-गांव में मनाया जाएगा पार्टी स्थापना दिवस

**मेहंदिया (एनएसबी) ।** प्रखंड अंतर्गत बेलसार चौकी पर गुरुवार को भाकपा,माले कलेर प्रखंड कमिटी की बैठक प्रखंड सचिव कामरेड उमेश पासवान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों एवं सदस्यता अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा,माले के जिला सचिव जितेंद्र यादव ने कहा कि 28 जुलाई को पार्टी का स्थापना दिवस गांव-गांव में मनाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की लापरवाही के कारण स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है, जिससे गरीबों की जान जा रही है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण गरीब परिवारों को पौष्टिक भोजन तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। वहीं किसानों को सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं मिलने से धान की खेती प्रभावित हो रही है और किसान भगवान भरोसे धान की रोपाई करने को विवश हैं।उन्होंने कहा कि देशभर में नौजवान बेहतर शिक्षा और रोजगार की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन उन्हें उनकी मांगों के समाधान के बजाय लाठीचार्ज का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतंत्र प्रत्येक नागरिक को बेहतर शिक्षा और रोजगार की मांग करने का अधिकार देता है।बैठक में 28 जुलाई के स्थापना दिवस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी लोकल कमिटियों एवं ब्रांचों की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही पार्टी का सदस्यता अभियान चलाकर विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं को अधिक संख्या में पार्टी से जोड़ने पर जोर दिया गया। इसके अलावा 30 जुलाई तक खेग्रामस का सदस्यता अभियान तथा 1 अगस्त से किसान महासभा का सदस्यता अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में रामबिनेश यादव, सूर्यनाथ वर्मा, सुरेंद्र प्रसाद, उमेश कुमार, प्रमोद राम सहित प्रखंड कमिटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।